भोपाल गैस त्रासदी
त्रासदी के 41 साल
मानवता के लिए
सबसे बड़ा सबक

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
भोपाल, मंगलवार 2 दिसंबर 2025

## भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया मुख्यमंत्री ने

# 55 जिलों में करीब तीन लाख से अधिक गीता पाठियों का सस्वर पाठ

गीता महोत्सव में श्रीकृष्ण आराधना एवं आचार्यों, संतों की सन्निधि में 11000 कृष्णमार्गियों, कृष्ण भक्तों, बटुकों, स्कूली विद्यार्थियों की ओर से एक स्वर में श्रीमद्भगवद्गीता के 15 वें अध्याय का सुमधुर पाठ किया गया


कार्यक्रम का शुभारंभ करते सीएम

### सीएम ने कहा-जीवन की सारी जिज्ञासाओं का समाधान गीता में

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता एक अद्भुत, अनुपम और पवित्र ग्रंथ है। गीता के अध्ययन मात्र से ही मनुष्य के जीवन के सभी प्रश्नों और सभी जिज्ञासाओं का शमन (समाधान) हो जाता है। उन्होंने कहा कि गीता का ज्ञान ही सम्पूर्ण सृष्टि के समग्र ज्ञान और चेतना ▸▸शेष पेज 4 पर

मप्र का पहला गीता भवन इंदौर में बनकर हुआ तैयार

### यह मोह माया को तजकर कर्तव्य पथ को चुनना सिखाती है

### भगवान श्रीकृष्ण के जहां-जहां चरण पड़े, उन्हें तीर्थ बनाएगी सरकार


गीता महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में गीतापाठियों के साथ सीएम डॉ. यादव

### श्रीकृष्ण भी उज्जैन के सांदीपनि आश्रम आए

उन्होंने कहा कि भारत में 5 हजार वर्ष पहले से विद्यार्थियों के लिए गुरुकुल जाकर शिक्षा ग्रहण करने की व्यवस्था थी। श्रीकृष्ण भी उज्जैन के सांदीपनि आश्रम आए, यहां पर चारों वेद, सभी उपनिषद्, 64 कलाएं और 14 विद्याएं सीखीं। ▸▸पढ़ें पेज 12 भी

### *मित्र यदि गरीब हो, तो उसकी भरपूर सहायता करनी चाहिए*

*मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की नींव मप्र की धरा में स्थित सांदीपनि आश्रम में पड़ी थी। इन दोनों की मित्रता से हमें यह सीख मिलती है कि कोई कहीं भी पहुंच जाए, अपने बचपन के मित्रों को नहीं भूलना चाहिए। मित्र यदि गरीब हो, तो बिना बताए ही उसकी भरपूर सहायता कर देनी चाहिए।*

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

## खबर संक्षेप

### जीएसटी संग्रह नवंबर में 1.70 लाख करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** सकल जीएसटी संग्रह नवंबर महीने में 0.7 प्रतिशत की धीमी गति से बढ़कर 1.70 लाख करोड़ रुपए हो गया। घरेलू राजस्व में गिरावट के कारण यह वृद्धि हुई। वहीं पिछले साल नवंबर में जीएसटी संग्रह 1.69 लाख करोड़ रुपए से अधिक था। नवंबर में वस्तुओं के आयात से राजस्व 10.2 प्रतिशत बढ़कर 45,976 करोड़ रुपए हो गया।

### ओडिशा में फंदे से लटका मिला छग का किशोर



**भुवनेश्वर।** ओडिशा में एक छात्रावास के कमरे से 18 वर्षीय छात्र का शव बरामद किया गया है। छग निवासी राहुल यादव (18) की मौत के मामले में पुलिस ने बताया कि 30 नवंबर की रात लगभग 10:45 बजे, इन्फोसिटी पुलिस स्टेशन में संदिग्ध मौत की सूचना मिली। केआईआईटी विवि में प्रथम वर्ष का छात्र है।

### पहली तारीख को सस्ता हुआ कमर्शियल सिलेंडर



**नई दिल्ली।** दिसंबर के पहले ही दिन देश की करोड़ों जनता को खुशखबरी मिली है। 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत कम हो गई। इंडियन ऑयल की वेबसाइट पर 19 किलो वाले कुकिंग गैस सिलेंडर की कीमत में करीब 10 रुपए की कमी की गई है। दिल्ली और कोलकाता में एलपीजी की कीमतों में 10-10 रुपए की कटौती की गई है।

## श्रद्धांजलि के दौरान कफ सिरप कांड पर विधानसभा में कांग्रेस का अजब प्रदर्शन

# बच्चों के पुतले लेकर पहुंचे, पूतना का रूप धरा सरकार बोली-इनका काम नौटंकी का ही

### विजयवर्गीय ने कहा कफ सिरप और इंदौर चूहा कांड को कार्रवाई से विलोपित करें

विशेष प्रतिनिधि ⏭भोपाल

विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरुआत के पहले ही दिन कांग्रेस विधायकों ने सरकार को घेरने के लिए तीखा और अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक बच्चों के पुतले लेकर पहुंचे। वहीं एक महिला विधायक 'पूतना' का रूप धारण कर आईं, जिसके जरिए सरकार पर लापरवाही और असंवेदनशीलता के आरोपों को प्रतीकात्मक रूप से प्रदर्शित किया गया।

सदन के अंदर दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि के दौरान भी नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने यह मुद्दा उठाया और मृत बच्चों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिया जाना चाहिए। सिंघार ने इंदौर के एमवाय अस्पताल में बच्चों को चूहों के कुतरने पर भी सवाल उठाए। श्रद्धांजलि के दौरान ये मुद्दे उठाने पर सत्तापक्ष ने हंगामा ▸▸शेष पेज 4 पर

◂ स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि सभी लोग श्रद्धांजलि के दौरान चली आ रही पंरपरा का पालन करें

**श्रद्धांजलि के दौरान भी नेता प्रतिपक्ष उमंग ने उठाया मामला मुआवजे की मांग की**

इंदौर के एमवाय अस्पताल में बच्चों को चूहों के कुतरने पर भी कांग्रेस ने उठाए सवाल


कांग्रेसी की महिला विधायक ने पूतना के भेष में प्रदर्शन किया

### जिम्मेदारी तय करने से बच रहे

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि कफ सिरप के सेवन से हुए बच्चों की मौत के बाद भी सरकार और स्वास्थ्य विभाग जिम्मेदारी तय करने से बच रहे हैं। छिंदवाड़ा जिले में कई बच्चों की मौत से परिवार शोक में हैं, लेकिन सरकार न तो समीक्षा कर रही है और न ही जवाब दे रही है। उमंग सिंघार ने कहा कि छिंदवाड़ा में कई घरों के चिराग बुझ गए। अस्पतालों में हाल यह है कि बच्चों को चूहे तक कुतर रहे हैं और सरकार चर्चा तक से बच रही है।

कैबिनेट मंत्री एंदल कंसाना ने कहा

### डॉक्टर से लेकर मालिक तक की गिरफ्तारी की

कैबिनेट मंत्री एंदल सिंह कंसाना ने कहा कि हमारी सरकार ने बच्चों के इलाज का पूरा प्रबंध किया है। उन्हें सभी मदद उपलब्ध कराई गई। कांग्रेस ने प्रदर्शन कर अपनी भूमिका बताई है। हमने कठोर कदम उठाते हुए कार्रवाई की है। आरोपी अभी भी ▸▸शेष पेज 4 पर

### यह स्वास्थ्य विभाग की 'निगरानी विफलता'

नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि यह सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं का आईना है। जनता जानना चाहती है कि आखिर मासूमों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता में क्यों नहीं है? बच्चों की मौत और स्वास्थ्य विभाग की 'निगरानी विफलता' पर भाजपा सरकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विपक्ष ने सत्र में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग भी उठाई। विधानसभा परिसर में सबसे ज्यादा ध्यान खींचा जोबट विधायक सेना महेश पटेल के प्रतीकात्मक विरोध ने। उन्होंने 'पूतना' का मुखौटा पहनकर गले में कफ सिरप की बोतलों की माला डालकर और बच्चों के पुतलों को साथ लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासी समाज और बच्चों की सुरक्षा के प्रति 'पूरी तरह असंवेदनशील' है।

▸▸पढ़ें पेज 02 भी

### हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पूज्य पिताजी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की


डॉ. हिमांशु के साथ बैठे विशिष्ट जन

# छग के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने ग्वालियर पहुंच जताई शोक संवेदनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्वालियर

छत्तीसगढ़ सरकार के वन मंत्री केदार कश्यप ने हरिभूमि-आईएनएच समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पूज्य पिताजी पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी के निधन पर ग्वालियर स्थित निवास पर पहुंचकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री केदार कश्यप ने डॉ. हिमांशु द्विवेदी से मुलाकात कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की और इस मौके पर कहा कि डॉ. हिमांशु ने जो देश और प्रदेश में अपना जो मुकाम हासिल किया है, वो उनके पिता के सद कर्मों का नतीजा है और उनके पारिवारिक संस्कार की वजह से उन्होंने यह ख्याति हासिल की है। छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री केदार कश्यप इसी प्रयोजन से ग्वालियर अपने अल्प प्रवास पर पहुंचे थे। कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रवीण पाठक, अशोक प्रेमी और भाजपा के जिला

- पारिवारिक संस्कार से डॉ. हिमांशु ने ख्याति हासिल की

### निवास पर श्रद्धांजलि देने वालों का तांता


उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता सहित अनेक लोगों ने भी डॉक्टर हिमांशु द्विवेदी के ग्वालियर स्थित निवास पर पहुंचकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की।

### इन्होंने भी दी श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि व्यक्त करने के लिए पहुंचने वाले लोगों में राकेश रुस्तम सिंह मुरैना, जिला अध्यक्ष भाजपा ग्वालियर महानगर जयप्रकाश राजोरिया, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ग्वालियर महानगर गिर्राज व्यास, जिला महामंत्री विनय जैन, भगत सिंह मंडल अध्यक्ष भाजपा मुकेश दुबे जिला उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य युवा मोर्चा और छत्तीसगढ़ युवा मोर्चा प्रभारी आलोक डगस, ग्वालियर जिला महामंत्री विनोद शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजू यादव, सहित भाजपा ग्वालियर महानगर के अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

## जबलपुर के निगरी गांव में उल्टी दस्त

# 62 की तबीयत बिगड़ी चार की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭जबलपुर

निगरी गांव में उल्टी-दस्त की बीमारी ने अचानक प्रकोप का रूप ले लिया है। गांव में लगातार मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। अब तक 62 लोग उल्टी-दस्त की चपेट में आ चुके हैं। 4 मरीजों की हालत गंभीर है। स्वास्थ्य विभाग की

- दूषित पानी से फैली बीमारी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में डाला डेरा


गांव में विभाग की टीम

टीम रविवार देर रात से गांव में कैंप लगाकर उपचार कर रही है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, 4 मरीजों की हालत गंभीर है। इन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल ▸▸शेष पेज 4 पर

3 सदस्यीय जांच समिति गठित


## एमपीआरडीसी की बड़ी लापरवाही

# रायसेन में 45 वर्ष पुराना पुल ढहा 2 बाइक सवार गिरे, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/ बरेली

रायसेन जिले के बरेली–पिपरिया स्टेट हाईवे पर नयागांव में पुल ढह गया। पुल के बीच वाला स्लैव टूटकर गिरते समय एक बाइक और एक स्कूटर सवार तीन लोग वाहन सहित नाले में गिरने से घायल हो गए। हादसे में घायल बाइक सवार देवेंद्र सिंह धाकड़ (35) की मौत हो गई। वह अपनी बहन की विदाई कर लौट रहा था। भोपाल एम्स में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद पुल को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। लापरवाही के चलते प्रबंधक एए खान को सस्पेंड कर दिया है। तीन

- लापरवाही के चलते प्रबंधक एए खान सस्पेंड


पुल ढहने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन

सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है, जो 7 दिन में रिपोर्ट देगी। इस घटना को एमपीआरडीसी की बड़ी लापरवाही माना जा रहा है। कुछ समय बाद कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, एसपी आशुतोष ▸▸शेष पेज 4 पर

## हरदा में जमीनी विवाद के चलते हत्या

# तीन लोगों ने मासूम के सामने किया पिता का कत्ल, मां पर भी बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

जिले के छीपाबड़ थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते एक किसान की हत्या कर दी गई। जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल है। पूरा घटनाक्रम दंपती के 10 वर्षीय बेटे शिवम की आंखों के सामने हुआ। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उधर मासूम ने रो-रोकर अपने

- पुलिस ने घटना के तीनों आरोपी को गिरफ्तार किया


शिवनारायण चौहान, मृतक

माता-पिता पर हुए हमले की कहानी पुलिस को सुनाई। उसने बताया कि आरोपियों ने पहले पिता को बाइक से टक्कर मारी और फिर कुल्हाड़ी और दरांती से काट दिया। शिवम पिता को छोड़ने ▸▸शेष पेज 4 पर

### ◂ आरोपियों पर कार्रवाई की जा रही

वैसे तो मामला छीपाबड़ थाना क्षेत्र का है, लेकिन जिला मुख्यालय पर जिला अस्पताल में आने के बाद जो जानकारी मिली उसके अनुसार तीनों आरोपी पुलिस गिरफ्त में है। पुलिस द्वारा जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**शालिनी परस्ते,** एसडीओपी हरदा

## साइबर अपराधियों तक पहुंचने के लिए इंटरपोल की सहायता भी ले

शीर्ष अदालत ने आरबीआई से भी मांगा जवाब

# सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को दिया आदेश, कहा पहले 'डिजिटल अरेस्ट' घोटाले की जांच करें

*रिजर्व बैंक से किया सवाल-साइबर धोखाधड़ी के मामलों में इस्तेमाल किए गए बैंक खातों को फ्रीज करने के लिए एआई या मशीन लर्निंग तकनीक का इस्तेमाल क्यों नहीं किया गया?*

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सीबीआई को अहम निर्देश दिए। शीर्ष अदालत ने देश की संघीय जांच एजेंसी से कहा कि वह पहले अखिल भारतीय स्तर पर सामने आ चुके डिजिटल अरेस्ट घोटाले के मामलों की जांच करे। सुप्रीम कोर्ट ने विपक्षी राजनीतिक दलों के शासन ▸▸शेष पेज 4 पर


फाइल फोटो

### ▸▸एक यूजर को कई सिम कार्ड उपलब्ध न कराएं

कोर्ट ने केंद्र सरकार के दूरसंचार विभाग से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि देश में चल रही टेलिकॉम कंपनियां एक यूजर को कई सिम कार्ड उपलब्ध न कराएं। अदालत ने इस बात को ▸▸शेष पेज 4 पर

### ऑनलाइन अपराधों से निपटने के लिए क्षेत्रीय समन्वय केंद्र बनेंगे

इस मामले पर सरकार की पैरवी कर रहे सॉलिसिटर जनरल से सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि साइबर अपराधों से निपटने के लिए अदालत के निर्देशों से गृह मंत्रालय, दूरसंचार विभाग, वित्त सहित विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों को भी अवगत कराया जाए। सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में ऑनलाइन अपराधों से निपटने के लिए क्षेत्रीय और राज्य साइबर अपराध समन्वय केंद्र स्थापित करने को भी कहा है।

### 200 से ज्यादा मकान-दुकानें हटाई जाएंगी, दिए जा चुके हैं नोटिस, हुआ था जमकर विरोध

# पुराने शहर में मेट्रो के काम के चलते लग रहा जाम, जिंसी चौराहे से जहांगीराबाद तक निर्माण कार्य शुरू, हटेंगे कब्जे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर की घनी आबादी वाले जिंसी चौराहे से जहांगीराबाद तक मेट्रो ब्लू लाइन का काम शुरू हो गया है। इसके चलते रोड पर दिनभर जाम के हालात बन रहे हैं। हालांकि भारी दबाव वाले वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित की गई है। उक्त क्षेत्र में करीब एक किमी लंबे रोड पर स्वाइल टेस्टिंग की जा रही है।

उक्त रोड के दोनों तरफ 200 से ज्यादा मकानें और दुकानें हटाई जाएंगी। इसके लिए पूर्व में ही नोटिस दिए गए थे, लेकिन मुआवजे की राशि के विवाद के चलते कब्जे हटाने का काम टल गया था। जिला प्रशासन के अधिकारियों के अनुसार मेट्रो प्रशासन से दिशा-निर्देश मिलने के बाद कब्जे हटाने का काम शुरू होगा। जहांगीराबाद निवासी राशिद खान ने बताया कि मेट्रो के काम के चलते दिनभर जाम के हालात बन रहे हैं। रोड पहले ही संकरा है और आसपास घनी आबादी और शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ाव है। इसलिए यहां यातायात का दबाव अधिक रहता है। जाम लगने से लोगों को परेशानी हो रही है और अंदरुनी रास्तों से आवाजाही बढ़ गई है।

> भारी दबाव वाले वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित की गई है

> अफसरों के अनुसार मेट्रो प्रशासन से निर्देश मिलने के बाद कब्जे हटाने का काम शुरू



आरिफ नगर में लगा जाम।

### इसी सप्ताह शुरू होगा गार्डर रखने का काम, उसके बाद बिछेंगे ट्रैक

# करोंद चौराहे से नबीबाग तक मेट्रो के 20 पिलर तैयार, 321 नंबर से गर्डर लांचिंग की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के करोंद चौराहे से नबीबाग तक मेट्रो संचालन के लिए 20 पिलर बनकर तैयार हो गए हैं और इन पर गार्डन रखने की तैयारी चल रही है। इसी सप्ताह यह काम शुरू हो जाएगा। भोपाल मेट्रो के आरेंज लाइन कारिडोर के दूसरे चरण में करोंद रूट पर निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। करीब डेढ़ वर्ष पहले शुरू हुए इस सेक्शन में अधिकांश पिलरों का निर्माण पूरा हो गया है। इसे देखते हुए मेट्रो प्रबंधन ने गर्डर लान्चिंग की तैयारी शुरू कर दी है। करोंद चौराहे पर बने 20 पिलरों पर यह रखे जाएंगे। इसकी शुरुआत पिलर नंबर 321 से होगी और 341 तक चलेगी। पिलरों के ऊपर गर्डर स्थापित करने के लिए पिलर कैप लगाए जा रहे हैं।


ऐस तैयर हुए पिलर।

#### एम्स से करोंद तक 16.74 किमी लंबा है कॉरिडोर

ऑरेंज लाइन का यह मुख्य कारिडोर एम्स से करोंद तक 16.74 किलोमीटर लंबा है। एम्स से सुभाष नगर स्थित मेट्रो डिपो तक का हिस्सा पूरी तरह तैयार हो चुका है । जबकि पुल बोगदा से करोंद चौराहे तक 4.74 किलोमीटर का हिस्सा पैकेज बीएच-03 के तहत बनाया जा रहा है। इस सेक्शन में पुल बोगदा, ऐशबाग, सिंधी कालोनी, डीआइजी बंगला, कृषि उपज मंडी और करोंद चौराहा पर मेट्रो स्टेशन प्रस्तावित हैं।

## खबर संक्षेप

#### दो स्थानों पर भवन अनुज्ञा शाखा की कार्रवाई

**भोपाल।** शहर में करोंद स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और नबीबाग में नगर निगम की भवन अनुज्ञा शाखा की बिना अनुमति के बनी एक दीवार और शेड को ढहाने की कार्रवाई की। भवन अनुज्ञा शाखा की इस कार्रवाई में अतिक्रमण विरोधी अमले ने सहयोग करते हुए उक्त निर्माण ढहा दिया। निगम के अतिक्रमण अमले ने कोलार डीमार्ट, जेके हास्पिटल, बंजारी, निर्मलादेवी गेट, ललिता नगर, सर्वधर्म कालोनी, चूना भट्टी, एकान्त पार्क, औरा मॉल चौराहा, त्रिलंगा, शैतान सिंह चौराहा, बावड़िया कला, बागसेवनिया, 10 नम्बर, अरेरा कालोनी, हबीबगंज श्याम नगर, जवाहर चौक सरस्वती नगर, न्यू मार्केट नो-व्हीकल जोन, न्यू मार्केट गेमन इंडिया, मालवीय नगर पत्रकार भवन, कमला पार्क, नादरा बस स्टैंड चौराहा, कबाड़खाना, हमीदिया रोड, रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नं-6, हमीदिया अस्पताल गेट, लालघाटी, गांधीनगर, करोंद चौराहा, हाउसिंग बोर्ड, पीपल चौक, विश्वकर्मा नगर, भानपुर ब्रिज, नवीबाग आदि क्षेत्रों में कार्रवाई की।

#### नवबर में ट्रेन में चेन पुलिंग पर 573 यात्रियों पर कार्रवाई

**भोपाल।** डीआरएम पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में भोपाल रेल मंडल की सुरक्षा और संचालन में व्यवधान को रोकने के लिए रेलवे सुरक्षा बल ने ट्रेनों में अलार्म चेन पुलिंग की घटनाओं को रोकने के लिए कई कठोर कदम उठाए हैं। अलार्म चेन का गलत उपयोग न केवल ट्रेन संचालन में देरी का कारण बनता है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न करता है।रेलवे अधिनियम की धारा 141 के तहत ट्रेनों में बिना उचित और पर्याप्त कारण के चेन पुलिंग किया जाना अपराध है। ऐसा करते पाए जाने पर एक वर्ष तक के कारावास या एक हजार रुपये तक के जुमार्ने या दोनों से दण्डित किया जा सकता है। भोपाल मंडल द्वारा केवल माह नवम्बर, 2025 में रेलवे अधिनियम की धारा 141 के तहत कुल 5,73 मामले दर्ज कर न्यायालय के माध्यम से 1,03,425 /- रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। भोपाल मंडल सभी रेल उपयोगकर्ताओं के लिए बेहतर यात्री सुविधाओं को उपलब्ध कराने के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत है। इन्हीं प्रयासों के क्रम में मंडल के वाणिज्य विभाग एवं रेलवे सुरक्षा बल द्वारा बिना उचित कारण के अलार्म चेन खींचने वालों के विरुद्ध निरंतर सघन चेकिंग अभियान चलाये जा रहे है।

#### यात्री बसों की सुरक्षा के मामले में आयोग ने दिए आरटीओ को जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने यात्री बसों में सुरक्षा को लेकर संज्ञान लिया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि भोपाल शहर में चल रही बसों की स्थिति यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा दोनों के लिये खतरा बन गई है। शहर में चल रही कई बस जरूरी नियमों का पालन नहीं कर रही है। उनमें ना तो किराया सूची लगी गई हुई है और ना ही फिटनेस व परमिट की जानकारी दिखाई देती है। बसों के इमरजेंसी गेट पर भी सीटें लगा दी गई है, जिससे किसी भी आपत स्थिति में यात्रियों का बाहर निकलना मुश्किल साबित हो सकता है। मामले में आयोग ने आरटीओ को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भी मांगा है।

### भगवान कृष्ण ने महाभारत युद्ध के समय अर्जुन को दिया था श्रीमद् भगवद् गीता का उपदेश

# मोक्षदा एकादशी पर व्रत रख भगवान विष्णु की पूजा करने से खुल जाते हैं स्वर्ग के द्वार

> मान्यता है कि जो भी मन से पूजन करता है,उसके सभी पाप कट जाते हैं

> मोक्षदा एकादशी के दिन ही श्रीकृष्ण ने श्रीमद् भगवद् गीता का दिया था उपदेश


नरतकिया मंदिर में मनी गीता जयंती।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को गीता जयंती व मोक्षदा एकादशी श्रद्धा भक्ति के साथ राजधानी में मनाई गई। मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरूजी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि मोक्षदा एकादशी के दिन जो भी मन से पूजन करता है,उसके सभी पाप कट जाते हैं। इस दिन भगवान विष्णु की तुलसी की मंजरी, धूप और दीपों से पूजा की जाती है। मान्यता हैं कि इस व्रत को रखने से स्वर्ग के रास्ते खुल जाते हैं। मोक्षदा एकादशी के दिन ही भगवान श्रीकृष्ण ने श्रीमद् भगवद् गीता का उपदेश दिया था। मोक्षदा एकादशी के दिन लोगों ने घरों व मंदिरों में भगवान विष्णु के साथ-साथ भगवान श्री कृष्ण की भी पूजा की।

#### बाबा खाटू श्याम का 21 तरह के फूलों से हुआ श्रृंगार

मां वैष्णो धाम आदर्श नोदुर्गा मंदिर प्लेटिनम प्लाजा पर मोक्षदा एकादशी पर बाबा खाटू श्याम का 21 तरह के 551 किलों फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। इसके बाद भगवान खाटू श्याम को छप्पन भोग अर्पित किए गया। इसके बाद भजन संध्या की गई । बाबा की ज्योत प्रज्वलित की गई।



#### मांगलिक करेंगे बटेश्वर का अभिषेक

श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा मांगलिक दोष से पीड़ित अविवाहित जातकों से आज बाबा बटेश्वर का तांबे के लोटे में गुड़ घोल कर अभिषेक कराया जाएगा। मांगलिक दोष से पीड़ित ऐसे बालक-बालिकाएं जिनके विवाह संस्कार में दिक्कत आ रही है।

#### गुफा मंदिर में हुआ गीता पाठ

मोक्षदा एकादशी व गीता जयन्ती पर गुफा मंदिर में रामानंदाश्रम गुफा मंदिर संस्कृत पाठ शाला आचार्यों विद्याथियों एंव श्रृद्धालु जनों ने गीता पाठ किया।

#### गीता जयंती महोत्सव एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

श्री उदासीन आश्रम मंदिर मरघटिया महावीर शाहजहांनाबाद में सोमवार मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष मोक्षदा एकादशी श्रीमद् भगवत गीता जयंती के पावन अवसर पर परम शक्ति सेवा समिति संस्था के द्वारा गीता जयंती महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व योग संसद के संस्थापक अध्यक्ष एवं विश्व योग विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. विनीत तिवारी ने कहा कि गीता एक ग्रंथ ही नहीं बल्कि एक जीवन दर्शन है। आज प्रत्येक व्यक्ति तनाव से गुजर रहा है और हर व्यक्ति असमंजस में है कि क्या करें क्या ना करें। असफल होने पर व्यक्ति दुखी हो जाता है लेकिन गीता हमें संदेश देती है कि कर्म करते रहो, मनुष्य को प्रारब्ध के अनुसार फल मिलता है। कार्यक्रम का आयोजन महंत कन्हैया दास महाराज उदासीन व श्री परम शक्ति सेवा समिति अध्यक्ष पंडित गंगा प्रसाद आचार्य (धर्म अधिकारी) के मार्गदर्शन में किया गया। इस मौके पर पंडित लख्मीचंद चौधरी, पूजा दुबे, पंडित राम किशोर वैदिक, राज ज्योतिषी पंडित, कृपाराम उपाध्याय, डॉक्टर शैलजा श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद थे।

### तीनों मंडल के कर्मचारी रहेंगे हड़ताल पर

# आज से 48 घंटे तक भूखे रहकर ट्रेन चलाएंगे लोको पायलट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (एआईएलआरएसए) ने किलोमीटर भत्ते में 25% बढ़ोतरी की मांग को लेकर मंगलवार (2 दिसंबर) से भोपाल,जबलपुर व कोटा सहित देशभर के लोको पायलटों की 48 घंटे की भूख हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान लोको पायलट बिना कुछ खाए ट्रेनें चलाएंगे। इसमें भोपाल सहित तीनों मंडल के 5500 कर्मचारी भूखे रहकर गाड़ी का संचालन करेंगे।

रेलवे सूत्रों के अनुसार बिना कुछ खाए ट्रेन के संचालन से यात्री की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठ रहे है। दरअसल इससे उनकी एकाग्रता और स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि अगर मांगें पूरी न हुईं, तो आने वाले दिनों आंदोलन तेज होगा। ट्रेनों के पहिए भी थम सकते हैं।

#### यह हैं मुख्य मांगें

- रेलवे के लोको पायलटों का कहना है कि वे 11 घंटे से 16 घंटे तक लगातार ड्यूटी करते हैं। इस वजह से हादसे भी होते रहते हैं, लेकिन सरकार की तरफ से उनके लिए समाधान नहीं निकला है।
- 1 जनवरी 2024 से महंगाई भत्ते (डीए 50%) के बाद किलोमीटर भत्ते में 25% वृद्धि, जो सातवें वेतन आयोग के अनुसार टीए के बराबर किया जाए।

### उपायुक्त ने शॉल-श्रीफल भेंट कर दी विदाई

# निगम की सेवाओं से रिटायर हुए 21 कर्मचारियों का सम्मान


रिटायर्ड कर्मियों का सम्मान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम में सेवा अवधि पूरी कर रिटायर हुए 21 कर्मचारियों को उपायुक्त दिनेश सिंह ने शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया और उन्हें विदाई दी। माता मंदिर, हर्षवर्धन कॉम्प्लेक्स स्थित निगम कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत्त हुए सुरेन्द्र सिंह सोलंकी, जेठानंद मंगतानी, शंकरनील, इफ्तेखार अली, सत्तार खां, पन्नालाल, मो सलीम, बेनी प्रसाद, सीताराम, देवीचरण, नन्नू लाल, सईद, अबरार एहमद, सलीम खान, बाबूलाल, हरिप्रसाद, सनमान सिंह, कदीर उल हसन, मो कमर, मुन्नी बाई का सम्मान किया गया।

#### गंदगी फैलाने के एक दिन में 149 प्रकरण बनाए

**भोपाल।** नगर निगम के स्वास्थ्य अमले ने सोमवार को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने के 149 प्रकरण बनाए और 71 हजार रुपए से ज्यादा जुर्माना वसूल किया।

### 17 केस बनाए गए, 35 हजार जुर्माना वसूला

# करोंद मीट मार्केट में अफसरों के औचक निरीक्षण से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के करोंद और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी क्षेत्र के मीट मार्केट में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब निगम के स्वास्थ्य अधिकारी औचक निरीक्षण करने पहुंच गए।

यहां बड़ी संख्या में अवैध रूप से मीट की दुकानें संचालित हो रही थीं बल्कि गंदगी की शिकायतें भी स्वास्थ्य अमले को मिल रही थीं। कार्रवाई के दौरान 17 प्रकरण बनाए गए और 35 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। जोन-17 के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी रामरतन लोहिया ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई। इस दौरान दुकानदारों और अमले के बीच कहासुनी भी हुई, लेकिन लगातार मिल रही शिकायतों और मौके पर मौजूद टीम ने कार्रवाई की।



### सुविधाजनक और तकनीकी सुविधाओं से होगा भरपूर

# नए साल से भोपाल रेलवे स्टेशन पर एक नंबर पर शिफ्ट हो सकता है पार्सल ऑफिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के मुख्य रेलवे स्टेशन हर हजारों की संख्या में यात्री न केवल सफर करते हैं, बल्कि पार्सल सेवा के माध्यम से सामान भेजने और मंगाने का कार्य भी करते हैं। पार्सल सेवा स्टेशन की एक महत्वपूर्ण इकाई है, जो यात्रियों और व्यापारियों दोनों की आवश्यकताओं को पूरा करती है। इसी के तहत भोपाल रेल मंडल ने व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए। अब पार्सल ऑफिस को एक नंबर प्लेटफार्म की ओर शिफ्ट करने जा रहा है। रेलवे सूत्रों के अनुसार नए साल से पार्सल ऑफिस एक नंबर प्लेटफार्म पर बीना एंड की ओर शिफ्ट किया जा सकता है। इसको लेकर भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों की ओर से काम शुरू कर दिया है। नई व्यवस्था से व्यापारियों व यात्रियों को बेहतर सुविधा और स्टेशन पर भीड़भाड़ से राहत मिलेगी।

#### प्लेटफार्म-6 से हटेगा पुराना पार्सल आफिस

वर्तमान में पार्सल आफिस प्लेटफार्म नंबर छह पर स्थित है। हालांकि, इस स्थान पर अक्सर भीड़भाड़, ट्रैफिक जाम और यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। इस बदलाव से यात्रियों को प्लेटफार्म पर अधिक स्थान मिलेगा और पार्सल लेने-देने की प्रक्रिया भी अधिक कुशलतापूर्वक संपन्न हो सकेगी। इसके अलावा, रेल कर्मियों के लिए भी यह स्थान अधिक सुविधाजनक और तकनीकी रूप से अनुकूल होगा।

### उच्च शिक्षा विभाग का वीआईटी विवि मामले में दिखाया कड़ा रुख

# वीआईटी सीहोर की अव्यवस्थाओं पर जांच समिति की रिपोर्ट, विश्वविद्यालय से 7 दिन में जवाब तलब

> बुनियादी सुविधाओं को लेकर कोई भी लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने, सीहोर जिले में स्थित निजी वीआईटी विश्वविद्यालय में मेस व्यवस्था, छात्रावास प्रबंधन, स्वास्थ्य सुविधाओं और अनुशासन तंत्र से जुड़ी गंभीर अनियमितताओं पर कड़ा रुख अपनाया है। जांच समिति की रिपोटज़ प्राप्त होने के बाद विभाग ने विश्वविद्यालय प्रशासन से 7 दिनों में बिंदुवार जवाब मांगा है। विभाग ने स्पष्ट कहा है कि छात्रों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं पर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विवि प्रबंधन ने समिति के समक्ष यह स्वीकार किया है कि 14 से 24 नवंबर के बीच 23 छात्र और 12 छात्राएँ यानी कुल 35 विद्यार्थी पीलिया से पीड़ित हुए। जांच समिति ने पुष्टि की है कि भोजन और पेयजल की गुणवत्ता पर नियंत्रण कमजोर था तथा कई दिनों तक शिकायतें आने के बावजूद उचित सुधार नहीं किया गया। समिति ने यह भी उल्लेख किया कि छात्र-छात्राओं ने प्रबंधन से पेयजल में दुगंज़्ध आने की शिकायत की थी, परंतु प्रबंधन द्वारा इस पर समय रहते ठोस कारज़्वाई नहीं की गई।

#### विवि परिसर में तानाशाही जैसी व्यवस्था

जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि परिसर में प्रबंधन एकतरफा और तानाशाही रवैया अपनाता है। रिपोर्ट में उल्लेख है कि कर्मचारियों से शिकायतें सुनने की अनुमति नहीं होती और छात्रों पर अनुशासन के नाम पर अनावश्यक दबाव बनाया जाता है। समिति ने उल्लेख किया है कि सीहोर जिले के मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी और स्वास्थ्य अधिकारियों को विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर दो घंटे तक रोककर रखा गया, जबकि वे स्थितियों का निरीक्षण करने आए थे।

#### विभाग ने मांगा जवाब

उच्च शिक्षा विभाग ने विवि से मेस के भोजन की गुणवत्ता, पेयजल की शुद्धता और 35 छात्रों के बीमार होने संबंधी पूरी रिपोर्ट, परीक्षण और उपचार विवरण, हॉस्टल प्रबंधन, जलापूर्ति, स्वच्छता और रखरखाव में कमी के कारण अनावश्यक दबाव डालने और शिकायतों को दबाने के आरोपों पर स्पष्टीकरण, सीएमएचओ और स्वास्थ्य अधिकारियों को गेट पर रोके जाने की जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान, और प्रबंधन द्वारा अपनाए गए नियंत्रण उपायों का विवरण आदि समस्त विद्यार्थी हितों से जुड़े विषयों पर 7 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है।

#### छात्रों में असुरक्षा और अविश्वस का भाव व्याप्त

समिति के अनुसार विवि परिसर का वातावरण ऐसा है जहाँ छात्र स्वयं को सुरक्षित और स्वतंत्र महसूस नहीं करते हैं। अनुशासन तंत्र भय आधारित है, जिसके कारण छात्र अपनी समस्याएँ खुलकर नहीं बता पाते हैं। रिपोटज़ बताती है कि शिकायतें बढ़ती रहीं, परंतु प्रशासन ने छात्रों को शांत करवाने या माहौल सुधारने की दिशा में कोई रचनात्मक कदम नहीं उठाया। जब स्थिति बिगड़ गई और छात्र आंदोलन की ओर बढ़े, तब भी प्रबंधन द्वारा प्रभावी नियंत्रण या संवाद स्थापित नहीं किया गया।

### इधर, अभाविप ने मंत्री परमार का बंगला घेरा

#### आरजीपीवी, वीआईटी में अनियमितताओं को लेकर किया जोरदार प्रदर्शन


आरजीपीवी में प्रदर्शन

**भोपाल।** राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) और वीआईटी में आर्थिक और प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर सोमवार को जमकर प्रदर्शन किया गया। एबीवीपी ने उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के बंगले का घेराव कर विरोध जताया। इसके बाद ज्ञापन सौंपकर आरजीपीवी में कथित वित्तीय गड़बडिय़ों की सीबीआई से जांच की मांग की। एबीवीपी ने वीआईटी विवि चल रही प्रशासनिक और अकादमिक अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

#### जेडीए ने पुलिसकर्मियों पर लगाया डॉक्टरों से अभद्रता गाली-गलौज का आरोप

**भोपाल।** राजधानी में पुलिसिया उत्पीड़न का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने आरोप लगाया है कि 28 नवंबर की शाम, शराब के नशे में धुत चार पुलिसकर्मियों ने हमीदिया अस्पताल के डॉक्टर डॉ. मुजीब और दो महिला डॉक्टरों को रोककर बदसलूकी, अभद्र टिप्पणी और 5 हजार रुपए की उगाही करने लगे।

जेडीए के अनुसार, डॉक्टर कलियासोत डैम से लौट रहे थे, तभी दो बाइकों पर सवार चार पुलिसकर्मी वहां पहुंचे और पहले आसपास के लोगों को हटाया। इसके बाद उन्होंने डॉक्टरों की कार को जानबूझकर रोका। डॉक्टरों ने सहयोग की कोशिश की, लेकिन पुलिसकर्मियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इस दौरान एक पुलिसकर्मी ने महिला डॉक्टरों से आपत्तिजनक टिप्पणी की और कहा कि अगर उनके साथ कुछ हो गया तो क्या कर लेंगी। जेडीए वाइस प्रेसिडेंट डॉ. यशवीर ने बताया कि चारों पुलिसकर्मियों ने डॉक्टरों के साथ धक्का-मुक्की की, उनका मोबाइल छीना और 5 हजार रुपए की उगाही की। इसमें 2500 रुपए नकद और 2500 रुपए यूपीआई के माध्यम से मधुकांत सोनी द्वारा लिया गया।

भोपाल
मंगलवार, 2 दिसंबर 2025
अगहन मास शुक्ल पक्ष-12
वर्ष : 12, अंक : 242
पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 25
न्यून. 14

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



11 कोहली ने लगाया टेस्ट वापसी की...
विचार पेज
06 सोनिया-राहुल के गले की....

संसद के शीतकालीन सत्र से पहले पीएम मोदी का विपक्ष पर जोरदार हमला

# ड्रामेबाजी के लिए पूरा देश पड़ा, यहां ड्रामा नहीं 'डिलीवरी' होनी चाहिए

संसद का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर 2025 तक चलेगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र की सोमवार से शुरुआत हो गई। यह सत्र 19 दिसंबर तक चलेगा और इस दौरान संसद के दोनों सदनों की 15-15 बैठकें होंगी। संसद के सत्र से पहले मीडिया से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ड्रामेबाजी के लिए पूरा देश पड़ा, यहां ड्रामा नहीं 'डिलीवरी' होनी चाहिए। पीएम मोदी ने संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए विपक्ष पर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र केवल एक परंपरा नहीं है, यह भारत को विकास के पथ पर ले जाने के प्रयासों में ऊर्जा भरेगा। बिहार विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति का गवाह है। विपक्ष बिहार के नतीजों से ⏩ शेष पेज 4 पर

विपक्ष खूब नारे लगाए, वे जहां पराजित हुए वहां भी नारे लगाते रहे, अब वहां भी नारे लगाएं, जहां वे पराजित होने जाएंगे



विपक्षी दलों से कहा कि राजनीति में नकारात्मकता उपयोगी हो सकती है लेकिन अंततः राष्ट्र निर्माण के लिए सकारात्मक सोच भी होनी चाहिए

## संसद का इस्तेमाल हताशा निकालने के लिए किया जा रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ समय से हमारी संसद का इस्तेमाल या तो चुनावों की तैयारी के लिए या फिर हार के बाद अपनी हताशा निकालने के लिए किया जा रहा है। मैंने देखा है कि कुछ राज्य ऐसे भी हैं जहां सत्ता में आने के बाद, नेताओं को इतनी ज़बरदस्त सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ रहा है कि वे जनता का सामना ही नहीं कर पा रहे हैं। इसके बजाए, वे यहां आकर सदन के अंदर अपना सारा गुस्सा निकालते हैं। कुछ पार्टियों ने संसद को अपनी राज्य-स्तरीय राजनीति का मंच बना दिया है, जिससे एक ऐसी अस्वस्थ परंपरा बन गई है जो देश के लिए ठीक नहीं है।

कांग्रेस का पलटवार

## प्रधानमंत्री मोदी सबसे बड़े ड्रामेबाज

कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर पलटवार करते हुए उन निशाना साधा है और प्रधानमंत्री को सबसे बड़े ड्रामेबाज तक कह दिया।



कांग्रेस का यह बयान तब आया है, जब संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया से बात करते हुए पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि विपक्ष संसद में ड्रामा कर रहा है। प्रधानमंत्री ने विपक्ष से पराजय की बौखलाहट को भुलाकर संसद में सार्थक चर्चा करने की अपील की। कांग्रेस अध्यक्ष ⏩ शेष पेज 4 पर

खबर संक्षेप

### आईएएस वर्मा के पक्ष में कमेंट्स करने पर पिटाई

**दतिया।** यहां आईएएस संतोष वर्मा के पक्ष में टिप्पणी करने पर एक युवक की पिटाई की गई।



आंदोलनकारियों ने युवक को जमकर पीटा। बेकाबू हुए आंदोलनकारियों ने एक-दो वाहनों के कांच भी तोड़ दिया। हांलाकि पुलिस ने युवक को छुड़ा लिया। ब्राह्मण समाज ने चार दिन पहले सीएम के नाम ज्ञापन दिया था। कार्रवाई न होने पर सोमवार को ब्राह्मण समाज फिर से सड़कों पर उतरा था।

### छतरपुर विवि के कुलगुरु बने डॉ. राकेश सिंह

**भोपाल।** छतरपुर स्थिति महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय (एमसीबीयू) में नए कुलगुरु की



नियुक्ति कर दी गई है। राज्यपाल एवं विवि के कुलाधिपति मंगुभाई पटेल ने आदेश जारी कर जीवाजी विवि ग्वालियर के प्रो. एवं कुलसचिव डॉ. राकेश सिंह कुशवाहा को एमसीबीयू का कुलगुरु नियुक्त किया है। डॉ. कुशवाहा की यह नियुक्ति पूर्णकालिक कुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने तक या आगामी आदेशों तक प्रभावी रहेगी।

संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन ही हंगामा, एसआईआर के खिलाफ विपक्ष की नारेबाजी

# सरकार ने कहा....हम 'एसआईआर' पर बहस के लिए तैयार, समयसीमा न थोपें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मुद्दा चुनाव आयोग से संबंधित है। लेकिन विपक्ष संसद में सरकार से इस पर जवाब चाहता है। एसआईआर के मुद्दे पर लोकसभा में पहले दिन ही जमकर हंगामा हुआ। सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित होने के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के तेवरों से साफ है कि मंगलवार को भी वह एसआईआर के मुद्दे को उठाएगा। लोकसभा की कार्यवाही शुरु होते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को दिवंगत पूर्व सदस्यों के निधन की जानकारी दी और सदन ने मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इसके साथ उन्होंने महिला विश्वकप क्रिकेट, महिला कबड्डी विश्वकप में भारत की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। प्रश्नकाल शुरु होते ही विपक्षी दलों के सदस्य अपनी अपनी सीट पर खड़े हो गए और शोर करने लगे।

विपक्ष ने एसआईआर का मुद्दा उठाते हुए सदन में चर्चा की मांग की। इसके बाद कुछ सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन के करीब आ गए। इनमें कांग्रेस, सपा, टीएमसी और डीएमके सहित कई सियासी पार्टियां शामिल थी। इस बीच संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा को बताया कि सरकार ⏩ शेष पेज 4 पर

*विपक्ष का कहना है कि जब पहले से 13 बिल सूचीबद्ध हैं, तो एसआईआर पर चर्चा के लिए समय कब मिलेगा? सरकार लगातार समय मांगकर इस मुद्दे से बच रही है*

हंगामे के कारण दो बार स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित



सदन का दृश्य

*यह शीतकालीन सत्र बहुत छोटा है, कुल 15 कार्य दिवस हैं*

*निजी सदस्यों के विधेयकों को छोड़कर केवल 12 दिन ही चर्चा के लिए*

स्पीकर ओम बिरला ने कहा

### यह सदन नारेबाजी और तख्तियां दिखाने के लिए नहीं

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह सदन नारेबाजी और तख्तियां दिखाने के लिए नहीं है। हमें जनता की कठिनाई, चुनौतियों और मुद्दों पर चिंता करनी चाहिए। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। दोबारा कार्यवाही शुरु होने पर पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने अहम दस्तावेज ⏩ शेष पेज 4 पर

### कनिमोझी बोलीं- एसआईआर पर चर्चा से सरकार बच रही

एसआईआर के मुद्दे पर राज्यसभा से विपक्ष के वॉकआउट के बाद एआईएडीएमके सांसद कनिमोझी एनवीएन सोमू ने सरकार पर चर्चा से बचने का आरोप लगाया। कनिमोझी ने कहा कि एसआईआर मुद्दा बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में उठाया गया था और मंत्री ने इसे चर्चा के लिए स्वीकार भी किया था, लेकिन सदन में आते ही सरकार ने समय देने की बात कहकर मुद्दे को टाल दिया। ⏩ शेष पेज 4 पर

**खरगे की सलाह-** असली मुद्दों पर दें ध्यान, भटकाने का खेल बंद हो

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने लगातार संसदीय मर्यादा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अपमान किया है। जब मणिपुर का मामला संसद में उठा, तब तक आप चुप रहे, जब तक विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया। उन्होंने बीएलओ की स्थिति पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में अत्यधिक कार्यभार के कारण बीएलओ लगातार अपनी जान गंवा रहे हैं। भाजपा अब भटकाने का खेल बंद करे और संसद में आम जनता के असली मुद्दों पर चर्चा करे। कांग्रेस सांसद प्रियंका वाड्रा ने एक्स पोस्ट में लिखा- हमारी आशा बहनें अपने हक के लिए लड़ रही हैं। उन्हें परमानेंट एम्पलॉई के तौर पर पहचान मिलना चाहिए। वे ग्रामीण हेल्थकेयर सिस्टम की रीढ़ हैं। ⏩ पढ़ें पेज 09 भी

केंद्र सरकार ने संसद में स्वीकारा

# दिल्ली समेत कई हवाई अड्डों पर जीपीएस स्पूफिंग की कोशिश हुई

*विमानों के सिग्नल से छेड़छाड़ हुई*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



फाइल फोटो

नवंबर महीने की शुरुआत में देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर हवाई सेवाओं के संचालन में भारी परेशानी देखने को मिली थी। दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर करीब 800 उड़ानें प्रभावित हुईं। इस दौरान एटीसी की तरफ से ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम में खराबी बताया गया था। लेकिन अब केंद्र सरकार ने संसद में एक लिखित बयान में स्वीकार किया है कि दिल्ली समेत देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर जीपीएस स्पूफिंग की समस्या हुई थी, यानी इन सभी हवाई अड्डों पर आने और यहां से उड़ान भरने वाले विमान जीपीएस स्पूफिंग का शिकार हुए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किनजारापु ने बताया कि नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (आईजीआई) के पास उड़ने ⏩ शेष पेज 4 पर

### समस्या सिर्फ दिल्ली तक सीमित नहीं

सरकार के अनुसार जीपीएस जामिंग/स्पूफिंग की रिपोर्ट नवंबर 2023 से अनिवार्य की गई है। इसके बाद देश के कई बड़े हवाईअड्डों से यह समस्या लगातार सामने आ रही है। इसमें कोलकाता, अमृतसर, मुंबई, हैदराबाद, बंगलूरू और चेन्नई एयरपोर्ट शामिल हैं। इन सभी जगहों पर जीएनएसएस इंटरफेरेंस की शिकायतें मिल रही हैं। वहीं, इससे पहले केंद्र सरकार ने संसद में एक आंकड़ा पेश किया था। सरकार ने लोकसभा में बताया था कि नवंबर ⏩ शेष पेज 4 पर

### क्या है जीपीएस स्पूफिंग?

जीपीएस स्पूफिंग एक साइबर हमला है, जिसमें नकली सिग्नल भेजकर किसी भी डिवाइस को गलत लोकेशन दिखाई जाती है। जैसे आपके फोन की लोकेशन अचानक चार किमी दूर दिखने लगे, वैसा ही विमानों के साथ होता है। जब यह विमान के साथ होता है, तो उसका नेविगेशन सिस्टम गलत दिशा में जा सकता है, जिससे दुर्घटना का खतरा काफी बढ़ जाता है।

### कैंसर की दवा के लिए मंजूरी मिल गई

**नई दिल्ली।** कैंसर के इलाज के लिए दवा बनाने वाली कंपनी ल्यूपिन को इलाज के लिए मंजूरी मिल गई है।



साल 2022 के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में कैंसर से लगभग 9.7 मिलियन (97 लाख) मौतें हुईं। विशेषज्ञों ने चिंता जताई है कि साल 2050 तक यह आंकड़ा बढ़कर 18.2 मिलियन होने का अनुमान है। कैंसर से होने वाली लगभग एक-तिहाई मौतें तंबाकू-शराब के सेवन के कारण होती हैं।

24 घंटे बाद बरामद हो सका शव

## मां की डांट से परेशान छात्र ने कुए में कूदकर दी जान

कुए में अत्यधिक पानी और मलबा होने के कारण देरी हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

बजरंग नगर में रविवार सुबह मां की डांट से खफा होकर कक्षा नौ के छात्र सार्थक वानखेड़े ने कुए में कूदकर आत्महत्या कर ली। 24 घंटे बाद सोमवार को एसडीआरएफ टीम ने छात्र के शव को रेस्क्यू किया। कुए में अत्यधिक पानी और कीचड़ होने की वजह से इतना टाइम लग गया और छात्र की जान चली गई। घटना रविवार सुबह लगभग 9 बजे हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और ⏩ शेष पेज 4 पर



कुए में रात भर चला रेस्क्यू

मिड-डे-मील में बड़ी लापरवाही

## भोजन में आलू की सब्जी में निकला मेंढक, बच्चे डरे

जिला पंचायत सीईओ ने कहा-जांच कराएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर

सरकारी स्कूलों में बंटने वाला मिड डे मील अक्सर अपनी गुणवत्ता को लेकर सुर्खियां बना रहता है।

ताजा मामला ग्वालियर के गोकुलपुर शासकीय प्राथमिक विद्यालय से आया है। यहां मध्यान्ह भोजन में मेंढक निकला है। छात्रों को मध्यान भोजन बांटते समय आलू की सब्जी में पका हुआ मेढक निकला। ये लापरवाही किसी और ने नहीं बल्कि भोजन वितरण करने वाली महिला कर्मचारी ने पकड़ी है। महिला कर्मचारी ने इसका वीडियो बना लिया ⏩ शेष पेज 4 पर



चम्मच में दिख रहा मरा हुआ मेंढक

## सुबह 5 बजे से टोल प्लाजा के पास बैठे, रात 8 बजे स्थगित




### धार में मुंबई-आगरा हाईवे पर चार जिलों के किसानों का आंदोलन

*धार। मुंबई-आगरा हाईवे पर स्थित खलघाट टोल प्लाजा के करीब किसानों ने सोमवार सुबह 5 बजे डेरा डाल दिया। राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ के बैनर तले धार, बड़वानी, खरगोन और खंडवा के किसान सुबह में ही किसान अपने-अपने ट्रैक्टर, पिकअप से हाईवे पर पहुंच गए। फसलों के वाजिब दाम और कृषि उत्पादों की निर्यात नीति में* ⏩ शेष पेज 4 पर

संगठन और जनता के बीच सेतु बनाने की पहल

## कार्यालय में कार्यकर्ताओं से संवाद के लिए बैठेंगे दो-दो मंत्री, सोमवार से शुरुआत हुई

सोमवार से शुक्रवार प्रतिदिन दो मंत्री रहेंगे उपलब्ध

मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में सरकार एवं संगठन में किए जा रहे नवाचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



हेमंत खंडेलवाल

भाजपा कार्यालय में अब सप्ताह में पांच दिन तक मप्र सरकार के दो-दो मंत्री हर दिन दो घंटे के लिए बैठेंगे। वे इस दौरान सत्ता व संगठन के बीच तालमेल बैठाएंगे ही साथ में आम कार्यकर्ताओं व जनता की समस्याओं का समाधान भी करेंगे। इस तरह का नवाचार मप्र में पहली बार शुरू हुआ है। भाजपा ने पांच दिनों का एक शेड्यूल भी जारी कर दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बताया कि मप्र में संगठनात्मक सक्रियता और नवाचारों का नया अध्याय शुरू किया गया है। कार्यकर्ताओं से संवाद एवं समन्वय मजबूत करने के लिए सोमवार ⏩ शेष पेज 4 पर

### प्रदेश कार्यालय में मौजूद रहेंगे यह मंत्री

भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार एक दिसंबर को उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा व मंत्री गौतम टेटवाल मौजूद थे। 2 दिसंबर मंगलवार को मंत्री राकेश सिंह एवं दिलीप अहिरवार, 3 दिसंबर बुधवार को मंत्री विश्वास सारंग एवं लखन पटेल, 4 दिसंबर गुरूवार को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं श्रीमती प्रतिमा बागरी, 5 दिसंबर शुक्रवार को ⏩ शेष पेज 4 पर

आगामी दिनों में रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक कमी आएगी

कुछ जिलों में बादल छाएंगे, रात का औसत पारा अभी सामान्य से अधिक, दिन का कम दर्ज

## अभी सर्दी में मामूली कमी, लेकिन 7 दिसंबर के बाद कड़ाके की ठंड पड़ेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी मौसम में बदलाव जारी रहेगा। अभी कुछ दिन सर्दी में मामूली कमी रहेगी। इसके बाद कड़ाके की सर्दी की ठंडक का दौर शुरू होगा। 7 दिसंबर के बाद सर्दी में तेजी से बढ़त होगी।

इसके साथ ही कुछ जिलों में बादल और बौछारें भी पड़ सकती हैं। मौसम केंद्र के अनुसार आगामी दिनों में रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक कमी आएगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार इस सप्ताह मौसम में बदलाव रहेगा। अभी ⏩ शेष पेज 4 पर

एक नया पश्चिमी विक्षोभ 5 दिसंबर से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय होने की उम्मीद



राजधानी का हमीदिया रोड, शाम 5:40 बजे का दृश्य

**फिर 4 डिग्री तक आएगा पारा**

*आगामी पांच से छह दिन बाद सिस्टम का असर कम होने के बाद हवाएं पूरी तरह उत्तरी होंगी। इससे तापमान में 2 से 3 डिग्री तक कमी आएगी। विशेषकर भोपाल में रात का पारा 4 डिग्री या इससे कम हो सकता है। सोमवार को भोपाल सहित छह जिलों में रात का पारा 10 डिग्री से कम रहा है। पचमढ़ी में 6.8,* ⏩ शेष पेज 4 पर

### 5 दिसंबर को नया डब्ल्यूडी

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी पश्चिमी विक्षोभ हवा के ऊपरी भाग में सकुर्लेशन के रूप में पाकिस्तान और आसपास सक्रिय है। साथ ही एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी हरियाणा और आसपास के क्षेत्रों में है जो पाकिस्तान के आसपास सक्रिय डब्ल्यूडी में विलय हो रहा है। एक सकुर्लेशन भी उत्तरी हरियाणा के आसपास सक्रिय है। इससे अभी मौसम में ज्यादा बदलाव नहीं होगा। लेकिन दो से तीन दिन बाद ⏩ शेष पेज 4 पर

# सीएम आज से करेंगे विभागीय समीक्षा, मंत्रियों से जनता के मुद्दों व परफॉरमेंस पर भी होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को विभागीय समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठकों में संबंधित विभागीय मंत्री और अधिकारी उपस्थित रहेंगे। वे मंगलवार को विधानसभा में दोपहर 2 बजे से 2.30 बजे तक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा करेंगे, जिसमें मंत्र प्रह्लाद सिंह पटेल उपस्थित रहेंगे। इसीतरह दोपहर 3 बजे से 3.30 बजे तक स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा करेंगे, जिसमें विभागीय मंत्री उदय प्रताप सिंह उपस्थित रहेंगे। बाकी मंत्री भी उनके लिए निश्चित समयावधि में समीक्षा में हिस्सा लेंगे।

विभागीय समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री मंत्रियों से उनके परफारमेंस आदि के बारे में भी जानकारी लेंगे। सूत्रों ने बताया कि अगले महीने तक में मप्र में मंत्रिमंडल का विस्तार संभावित है। इससे पहले मंत्रियों के परफारमेंस व जनता के मुद्दों पर उनकी कार्य क्षमता आदि का आकलन किया जा रहा है। इसी आधार पर तय होगा कि कौन मंत्री किस विभाग के बारे में संवेदनशील है। बताते हैं कि गुजरात पैटर्न पर मप्र में भी कुछ करने की तैयारी है। अभी पिछले सप्ताह ही मंत्रियों को दो पेज का एक फार्मेट दिया गया था। उनसे कहा गया था कि वे इसे भर कर दें कि जनता व विभाग के मुद्दे पर किस तरह से कार्य किए हैं। बताते हैं कि इस फारमेट के आधार पर मंत्रियों का परफारमेंस तय किया जाएगा। मंत्रिमंडल विस्तार में इसमें दिए गए मुद्दों पर बारीकी से परीक्षण होगा। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रियों के साथ वन टू वन बैठक करके आकलन करेंगे। बताते हैं कि इसकी डिटेल रिपोर्ट हाईकमान को भेजी जाएगी।

### खास बातें

- विभागीय समीक्षा में मंत्रियों के कार्यों का होगा आंकलन, इसकी डिटेल रिपोर्ट जाएगी हाईकमान तक
- विभागीय समीक्षा को मंत्रियों के परफारमेंस व आने वाले दिनों में मंत्रिमंडल विस्तार से देखा जा रहा है

### बुधवार को इन विभागों की होगी समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को वल्लभ भवन में दोपहर 11 बजे से 12 बजे तक स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करेंगे, जिसमें उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल उपस्थित रहेंगे। दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक सहकारिता विभाग की समीक्षा में मंत्री विश्वास सारंग उपस्थित रहेंगे। दोपहर 1 बजे से 1.45 बजे तक महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में मंत्री निर्मला भूरिया उपस्थित रहेंगी। दोपहर 1.45 बजे से 2.30 बजे तक पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की समीक्षा में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर उपस्थित रहेंगी। दोपहर 3.30 बजे से 4.15 बजे सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग की समीक्षा में मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा उपस्थित रहेंगे। दोपहर 4.15 से 5 बजे कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की समीक्षा में मंत्री एदल सिंह कंषाना एवं मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा उपस्थित रहेंगे।



### आज इन मंत्रियों के विभागों की होगी समीक्षा

मंगलवार को ही शाम 4 बजे से 4.30 बजे तक नर्मदा घाटी विकास, जल संसाधन विभाग की समीक्षा करेंगे। जिसमें विभागीय मंत्री तुलसीराम सिलावट उपस्थित रहेंगे, शाम 4.30 बजे से 5 बजे तक ऊर्जा, नवीन और नवकरणीय ऊर्जा विभाग की समीक्षा करेंगे। जिसमें विभागीय मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं विभागीय मंत्री राकेश शुक्ला उपस्थित रहेंगे।

### 8 दिसंबर को खजुराहो में होगी समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव 8 दिसम्बर सोमवार को खजुराहो में दोपहर 11 बजे से 11.30 बजे तक खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत उपस्थित रहेंगे। दोपहर 11.30 बजे से 12 बजे तक वाणिज्यिक कर विभाग की समीक्षा में उप मुख्यमंत्री एवं जगदीश देवड़ा, दोपहर 12 बजे से 12.30 बजे तक पशुपालन विभाग की समीक्षा में मंत्री लखन पटेल उपस्थित रहेंगे। दोपहर 12.45 बजे से 1.30 बजे तक नगरीय विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, दोपहर 4 बजे से 4.45 बजे जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित समीक्षा में मंत्री विजय शाह एवं मंत्री नागर सिंह चौहान, दोपहर 4.45 से 5.30 बजे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की समीक्षा करेंगे, मंत्री चैतन्य काश्यप मौजूद रहेंगे।

### 9 दिसंबर को भी खजुराहो में रहेंगे मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री 9 दिसम्बर मंगलवार को खजुराहो में दोपहर 12 बजे से 12.45 बजे तक लोक निर्माण विभाग की समीक्षा करेंगे, जिसमें मंत्री राकेश सिंह उपस्थित रहेंगे। दोपहर 12.45 बजे से 1.30 बजे तक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा करेंगे, जिसमें विभागीय मंत्री सम्पतिया उईके उपस्थित रहेंगी। मुख्यमंत्री दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक कैबिनेट बैठक करेंगे।

## खबर संक्षेप

### मध्यप्रदेश के दस जिलों में एसआईआर का काम सौ प्रतिशत पूरा

भोपाल। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र संजीव कुमार झा ने बताया कि प्रदेश में गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य तेज गति से जारी है। अभी तक मप्र में लगभग 5 करोड़ 42 लाख गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है। जो कुल कार्य का 94.5% है। दस जिलों अशोक नगर,नीमच, बैतूल, गुना,मंडला, डिंडोरी, शाजापुर, सीहोर, सीधी और उमरिया में शत प्रतिशत डिजीटाइजेशन का काम हो चुका है। सीईओ झा ने सभी शासकीय सेवकों और नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित समयावधि से पूर्व यह उपलब्धि सभी के प्रयास और कर्तव्य निष्ठा से ही संभव हुई है। झा ने बताया कि प्रदेश के 35 अन्य जिलों ने 96प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसके अलावा प्रदेश के 5जिलों में 93% से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है।

### सीएस की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समन्वय समिति पुनर्गठित

**भोपाल।** सिंचाई के लिए सोलर पम्प स्थापना की प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के क्रियान्वयन के लिए कैबिनेट की 18 नवम्बर 2025 को हुई बैठक के निर्णय अनुसार राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय समन्वय समिति का पुनर्गठन किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश अनुसार समिति में सचिव ऊर्जा, वित्त, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सदस्य होंगे। सचिव नवीन नवकरणीय ऊर्जा को सदस्य सचिव बनाया गया है।
समिति द्वारा योजना के सभी घटकों अंतर्गत प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी। योजना के क्रियान्वयन के लिए विभागों के बीच आवश्यक समन्वय बनाना, योजना की प्रगति नियमित (अधिकतम 3 माह) में समीक्षा करना जिससे समय-सीमा में लक्ष्य की प्राप्ति हो सके।

### जर्मनी के दल ने देखी इंदौर की स्मार्ट मीटरिंग

**भोपाल।** केएफडब्ल्यू बैंक जर्मनी के सदस्य़ सुश्री जोर्डिंस फ्लोदर, राहुल ठाकुर सोमवार से बुधवार तक मप्र पश्चिम क्षेत्र कंपनी इंदौर क्षेत्र में ऊर्जा क्षेत्र के कार्यों के अवलोकन के लिए आए हैं। जर्मनी की सुश्री जोर्डिस फ्लोदर के नेतृत्व में इंदौर पहुंचे दल का पोलोग्राउंड बिजली कंपनी मुख्यालय में स्वागत मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। जर्मनी के दल ने सोमवार अपराह्न स्मार्ट मीटर स्थापना कार्य़ देखने के लिए इंदौर शहर में विभिन्न स्थानों पर भ्रमण किया। शहर के मनोरमागंज क्षेत्र में उन्होंने बहुमंजिला इमरातों में एक साथ दर्जनों उपभोक्ताओं के लिए विशेष पैनल्स पर लगे स्मार्ट मीटर्स के फायदे देखे, उपभोक्ताओं से चर्चा भी की। सुखलिया क्षेत्र के पिंक सिटी में दल ने वितरण ट्रांसफार्मर पर स्मार्ट मीटर स्थापना कार्य एवं इससे होने वाले सकारात्मक बदलाव की जानकारी ली।
दल ने सोमवार शाम को स्मार्ट मीटर कंट्रोल सेंटर में गतिविधियों का अवलोकन किया।

### कैलाश विजयवर्गीय बोले- सीएम से समीक्षा करवाकर प्रदेश भर का बनाएंगे एक्शन प्लान

# ध्यानाकर्षण में पूर्व स्पीकर ने उठाया अतिक्रमण का मुद्दा- भाजपा के तीन विधायकों का समर्थन






विधानसभा अध्यक्ष के चैंबर में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के का स्वागत करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री चौधरी राकेश सिंह, प्रहलाद पटेल और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा में ध्यानाकर्षण के दौरान पूर्व स्पीकर और बीजेपी विधायक सीतासरण शर्मा ने पिपरिया और नर्मदापुरम में अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। इस मुद्दे पर बीजेपी के तीन विधायकों ने समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह तो पूरे प्रदेश भर की समस्या है। हालांकि नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इस विषय पर मुख्यमंत्री के साथ समीक्षा होने वाली है। प्रदेश भर के लिए एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा।

वहीं बीजेपी विधायक अजय विश्नोई ने कहा कि अतिक्रमण मुक्त कराने से पहले विस्थापन की व्यवस्था की जाए। अतिक्रमण के चक्कर में गरीब का नुकसान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोजना कमाने खाने वाले अपनी रोजी रोटी की व्यवस्था करते हैं। रोजी छीनी जाएगी तो कोई और काम न करने लगे। सीतासरण शर्मा ने कहा कि मंत्री ने स्वीकार किया है कि 269 से अधिक अतिक्रमण हटाए गए है। इलाके में वीआईपी इलाकों में अतिक्रमण है कि फिर भी कोई देखना वाला नहीं है। अगर अतिक्रमण हटाया जाता है तो दूसरे दिन फिर से हो जाता है। अब तो नालों में भी अतिक्रमण हो रहा है। दुकान का फर्श तोड़कर नाला साफ कराया गया था। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जिलाधीश, एसपी और नगर निगम की टीम बना देंगे। फिर शैलेंद्र जैन ने कहा कि प्रदेश के अधिकांश जिलों में यही समस्या बनी हुई है। विधायक प्रदीप लारिया ने कहा कि बरसात के समय नालों की बेकार स्थिति होती है। नाले के आसपास की कालोनियों और बस्तियों में भराव हो जाता है।

### जंडेल ने बिजली, फसल बीमा, मुख्यमंत्री खेत सड़क योजना जैसे मुद्दों को लेकर घेरा

विधानसभा में सोमवार को 139 के तहत चर्चा में कांग्रेस सदस्य बाबू जंडेल ने बिजली, फसल बीमा, मुख्यमंत्री खेत सड़क योजना जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि मैदानी जिलों में दो-दो तीन-तीन लाख रुपए के बिजली बिल किसानों के आ रहे हैं। सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। भाजपा विधायक गौरव पारधी ने कहा कि मप्र सरकार ने निर्णय लिया है की फसल बीमा योजना में किसी भी किसान को 1000 रुपए से काम की राशि न दी जाए। कांग्रेस इस मुद्दे पर गलत बयान दे रही है। किसी भी किसान को 1000 रुपए से कम का कोई मुआवजा नहीं मिला है।

कांग्रेस सदस्य जयवर्धन सिंह ने कहा कि सरकार ने भावांतर योजना शुरू की, पर किसानों को इसका लाभ नहीं मिला है। बड़े व्यापारी, बिचौलिए इसका फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मक्का एक हजार व बारह सौ में खरीदी की जा रही है। जबकि 14 अक्टूबर 2025 को ऋषि अग्रवाल ने केंद्रीय कृषि मंत्री को पत्र लिखा था। इस पर भारत सरकार ने उत्तर में लिखा की मप्र में मक्का खरीदी का कोई प्रस्ताव अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। सरकार गलत तरीके से दावे कर रही है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सरकार की तरफ से कहा कि 2 लाख 67 हजार किसानों को 482 करोड रुपए भावांतर योजना में दिया गया है। 6 लाख टन फसलों का एमएसपी में खरीदी हुई है। 10 लाख टन फसल किसानों ने बेची है। सभी को भावांतर का लाभ दिया गया। ऐसे में यह कहना गलत है की भावांतर योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने कहा कि सरकार आंकड़े कुछ भी प्रस्तुत करती है। प्रदेश का किसान परेशान है। कांग्रेस सदस्य ने वाला बच्चन ने कहा कि भाजपा के मंत्री गलत बयान दे रहे हैं। भावांतर योजना 2017-18 में शुरू हुई थी। चर्चा में भाजपा की तरफ से डॉ. राजेंद्र पांडे, अन्य सदस्य दिनेश बोस व अन्य सदस्यों भाग लिया।

### जिलाधीश पर आपत्ति, राजेंद्र को कैलाश ने बताया मठाधीश

अतिक्रमण की समस्या के बीच ध्यानाकर्षण पर कांग्रेस विधायक राजेंद्र सिंह ने जिलाधीश कहे जाने पर आपत्ति जताई। सिंह ने कहा कि जिलाधीश यह धीश का मामला है। यह तो हम ईश्वर को कहते हैं जैसे द्वारिकाधीश यानी मालिक, अगर आप कलेक्टरों के लिए धीश कहने लगेंगे तो ब्रिटिशकाल की व्यवस्था है। सिंह ने कहा कि अध्यक्ष जी इनको कलेक्टर ही कहना चाहिए। दूसरा आप इनका पदनाम आप खोज लीजिए। कम से कम ईश्वर के बराबर को मत मानिए। इस पर कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि ठीक है मठाधीश जी। ध्यानाकर्षण खत्म होने के साथ मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि सारे सुझाव नोट कर लिए हैं।



विधानसभा में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में विमर्श करते विस अध्यक्ष।

# विधानसभा में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के सभापतित्व में आज विधानसभा में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें दिसंबर सत्र 2025 के कामकाज के संबंध में विचार विमर्श हुआ।

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा, विधायकगण गोपाल भार्गव, अजय विश्नोई, हरिशंकर खटीक, यादवेन्द्र सिंह, लखन घनघोरिया,उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत सत्यदेव कटारे सहित प्रमुख सचिव अरविंद उपस्थित रहे। दिसंबर सत्र 2025 के प्रथम दिवस पर विधानसभा अध्यक्ष तोमर से मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं अन्य मंत्री गणों ने सौजन्य भेंट कर उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

# किसानों के मसले पर विस में हुई पक्ष-विपक्ष में तीखी बहस

- शेखावत ने कहा, भावांतर भ्रमित करने की योजना, किसानों को नहीं मिल रही बीमा की राशि
- रामेश्वर बोले, किसानों को दिलाएं बीमा की राशि, बारिश से दागदार उपज की भी हो खरीद

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

विधानसभा में सोमवार को नियम 139 के तहत किसानों के मुद्दे पर पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। विपक्षी कांग्रेस सदस्यों ने आरोप लगाया कि इस समय सबसे ज्यादा परेशान किसान है। सरकार उनकी ओर ध्यान नहीं दे रही है जबकि सत्तापक्ष का कहना था कि भाजपा की केंद्र और राज्य की सरकार किसानों के हित में सबसे ज्यादा काम कर रही है।
चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के भंवर सिंह शेखावत ने कहा कि इस सरकार के कार्यकाल में किसान सबसे ज्यादा परेशान है। भावांतर योजना भ्रमित करने की योजना बन कर रह गई है। यह किसानों के साथ धोखा के सिवाय कुछ नहीं। उन्होंने कहा कि सरकार घोषणा करने के बावजूद किसानों का मक्का एमएसपी पर नहीं खरीद रही है। किसानों को फसलों के नुकसान का मुआवजा नहीं मिला और वह खाद, बीज और बिजली को लेकर परेशान है। शेखावत ने कहा कि फसल बीमा की राशि देने में किसानों के साथ मजाक किया जा रहा है। सौ से तीन सौ तक की बीमा राशि दी जा रही है और बीमा कंपनियां मुनाफा कमा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव न करा कर सहकारिता की अंत्येष्टि की जा रही है।

सत्तापक्ष की ओर से रामेश्वर शर्मा ने शेखावत की इस बात से सहमति जताई कि बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों को भी मौके पर जाना चाहिए और किसानों को फसल बीमा की पूरी राशि मिलना चाहिए। उन्होंने कृषि और राजस्व मंत्री से इस ओर ध्यान देने का आग्रह किया। शर्मा ने कहा कि भाजपा की सरकार ने किसानों के हित में जितने निर्णय लिए हैं, इससे पहले कभी नहीं लिए गए। उन्होंने कहा कि कई बार बारिश की वजह से दागदार हुई उपज को खरीदने से इंकार कर दिया जाता है। शर्मा ने कहा कि किसानों की पूरी उपज खरीदी जाना चाहिए।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि किसानों को बारिश तथा अन्य आपदाओं से नुकसान पर तत्काल राहत प्रदान की जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने किसानों के हित में कई निर्णय लिए हैं, जिससे उनकी आमदनी बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार किसान सम्मान निधि देना शुरू किया है। इसमें प्रदेश सरकार की ओर से भी राशि दी जा रही है।

# वरिष्ठ पत्रकार देवश्री माली की पुस्तक का विमोचन


वरिष्ठ पत्रकार देव श्रीमाली की पुस्तक का विमोचन करते विस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, सीएम डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेशध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा प्रांगण में विधानसभा अध्यक्ष तोमर एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक देव श्रीमाली की लिखित पुस्तक चंबल संस्कृति एवं विरासत का सोमवार को विमोचन किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, पूर्व विधायक रामनिवास रावत, भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ. आशीष अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# शासकीय कार्यों के निविदा प्रपत्रों में एकरूपता लाने के लिए अंतर्विभागीय समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के विभिन्न निर्माण विभागों की ओर से संचालित शासकीय कार्यों के निविदा प्रपत्रों में एकरूपता लाने तथा मानक निविदा प्रपत्र (एसबीडी) के उपयोग को सुगम एवं प्रभावी बनाने के लिए प्री क्वालिफिकेशन, ईएमडी, सिक्योरिटी डिपॉजिट, परफॉमेंस गारंटी, मोबिलाइजेशन एडवांस, टाइम कंट्रोल, एक्सटेंशन ऑफ टाइम, चेंज ऑफ स्कोप, एस्कुलेशन, डिस्प्यूट रेजोल्यूशन, क्वालिटी एश्योरेंस क्लॉज, जीआईएस (पीएम गतिशक्ति) पर एकरूपता लाने के लिए राज्य शासन ने प्रमुख सचिव, लोक निर्माण की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समिति का गठन किया है।

समिति में सचिव वित्त, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास, प्रबंध संचालक मप्र सड़क विकास निगम, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश भवन विकास निगम, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश भवन विकास निगम, संचालक बजट, आयुक्त मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, प्रमुख अभियंता, जल संसाधन, प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, प्रमुख अभियंता (भवन) लोक निर्माण सदस्य होंगे। प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण को सदस्य समन्वय बनाया गया हैं। समिति एसबीडी से संबंधित सभी बिंदुओं पर विचार-विमर्श कर एक समग्र मानक निविदा प्रपत्र का प्रारूप तैयार करने के लिए अनुशंसाएं 15 जनवरी 2026 तक शासन को प्रस्तुत करेगी।

### मुख्यमंत्री ने नवीन घाट निर्माण कार्य का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# श्रद्धालुओं का सिंहस्थ 2028 का अनुभव होगा भव्य, दिव्य और आलौकिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को उज्जैन सिंहस्थ-2028 में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए जा रहे नवीन घाट निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि घाटों पर हरियाली होनी चाहिए, सभी घाटों के निर्माण में एकरूपता होनी चाहिए, घाट निर्माण के बाद घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं और संसाधन भी सुनिश्चित किए जाएं।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिहंस्थ-2028 के सभी कार्य गुणवत्ता पूर्ण और समय अवधि में पूर्ण हो जिससे श्रद्धालुओं का सिंहस्थ-2028 का अनुभव भव्य, दिव्य और अलौकिक बने। मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में घाट आधारित विकास कार्य योजना पर भी कार्य किया जाएगा।

### खास बातें

- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने निर्देश दिए कि घाटों पर हरियाली होनी चाहिए
- मुख्यमंत्री डॉ यादव के अनुसार भविष्य में घाट आधारित विकास कार्य योजना पर भी कार्य किया जाएगा

### मुख्यमंत्री ने इन प्रमुख बिन्दुओं पर निर्देश दिया



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन सिंहस्थ-2028 के लिए किए जा रहे नवीन घाट निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। घाटों पर हरियाली होनी चाहिए। सभी घाटों के निर्माण में एकरूपता होनी चाहिए। घाट निर्माण के बाद घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं और संसाधन भी सुनिश्चित किए जाएं। सभी कार्य गुणवत्ता पूर्ण और समय अवधि में पूर्ण हो। सिंहस्थ-2028 का अनुभव भव्य, दिव्य और अलौकिक बने।


गैस पीड़ित बस्ती जेपी नगर का दृश्य।

## किसी को लकवा तो कोई लहसुन छीलकर चला रहा परिवार, अस्पतालों में नहीं है सुविधा

# गैस हादसे का भयावह मंजर याद कर छलका गैस पीड़ितों का दर्द, इलाज, पुनर्वास व रोजगार को लेकर फूटा गुस्सा

एमएम सिद्दीकी ▶▶ भोपाल

भोपाल राजधानी में गैस हादसे की 41वीं बरसी पर भी गैस पीड़ितों का गुस्सा बरकरार है। प्रदेश सरकार ने गैस पीड़ित बस्तियों में वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क, सीवेज नेटवर्क और इंफ्रास्ट्रक्चर पर बीते पांच सालों में 300 करोड़ से ज्यादा खर्च कर दिए, लेकिन आज भी उन बस्तियों के लोगों को बेहतर इलाज, पुर्नवास और रोजगार के साधन मुहैया नहीं हैं। यही नहीं 70 साल उम्र में कई बुजुर्गों की पेंशन तक बंद कर दी गई है। कोई लकवा जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित है तो कोई आंख और लिवर-किडनी की। गैस पीडितों के लिए बने अस्पतालों में उन्हें मामूली दवाएं देकर रवाना कर दिया जाता है। हरिभूमि की टीम सोमवार को गैस हादसे में सबसे ज्यादा प्रभावित और यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के ठीक सामने जेपी नगर पहुंची तो लोगों में उक्त बातों को लेकर खासा गुस्सा था।

भोपाल के बंद पड़े यूनियन कार्बाइड कारखाने से निकले 358 टन जहरीले कचरे को 40 साल बाद मध्य प्रदेश के पीथमपुर स्थित एक कारखाने में पूरी तरह से जला दिया गया है, लेकिन यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के आसपास बस्तियों में रहने वाले परिवारों की चिंता कम नहीं हुई है। सडक, बिजली, पानी, सीवेज जैसे नेटवर्क तो जरूर बने, लेकिन सबसे गंभीर विषय लोगों की सेहत से जुडा है जिस पर ध्यान नहीं देने से लोग नाराज हैं। फैक्ट्री परिसर के आसपास के क्षेत्रों में भू-जल दूषित मिलने पर बोरवेल पर प्रतिबंध लगाया है। इन क्षेत्रों में नई पाइप लाइनें बिछाकर जल प्रदाय किया जा रहा है। 240 करोड रुपए जल प्रदाय व्यवस्था पर खर्च किए गए, लेकिन खामियां तो अब भी हैं।

## गैस पीड़ित बस्तियों में साल भर से किसी भी तरह की नहीं हुआ स्वास्थ्य का सर्वे

हरिभूमि लाइव


गैस पीड़ित बस्ती जेपी नगर का दृश्य, जहां आज भी गंदगी का आलम है।

### पर्यावरण बेहतर हुआ, लेकिन हरियाली को नुकसान

*अटल-अय्यूब नगर में रहने वाले मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि यूनियन कार्बाइड कारखाने से निकले जहरीले कचरे को हटाने के बाद अब यहां का पर्यावरण पहले से काफी सुधरा है। हवा में दुर्गंध नहीं आ रही है। वरन वातावरण दूषित ही रहता था। वे कहते हैं कि फैक्ट्री परिसर में बडी संख्या में पेड थे जो बीते सालों में सूखे भी और अवैध रूप से काट भी लिए गए। यहां हरियाली को खासा नुकसान पहुंचा है। लिहाजा अब तो परिसर में जहरीला कचरा नहीं है। इसलिए पूरे क्षेत्र में नए सिरे से हरियाली विकसित होना चाहिए।*

## जिन्होंने अपने बेटों को खोया है, उनका अब बुढ़ापे में नहीं रहा कोई भी सहारा

### 71 वर्षीय तुलसीराम की पेंशन बंद कर दी, क्या करना है पता नहीं

71 वर्षीय बुजुर्ग तुलसी राम को हर माह 600 रुपए पेंशन के मिलते थे, लेकिन चार माह से पेंशन मिलना बंद हो गई। इस बात से वे बेहद गुस्से में हैं। अब इस उम्र में वे कहां जाएं। उन्हें कोई बताने वाला भी नहीं है। गैस हादसे के बाद परिवार के तीन लोगों को खो दिया। वे कहते हैं कि सरकार ने गैस पीड़ितों के लिए कुछ नहीं किया। 600 रुपए पेंशन से कहीं घर चलता है। स्थाई व्यवस्था नहीं की।


तुलसीराम, गैस पीड़ित

### बरसी के दिन नेताओं को आती है हमारी याद


सलीम खां, गैस पीड़ित

गैस पीड़ित बस्ती में रहने वाले सलीम खान ने बताया कि जेपी नगर, अटल-अययूब नगर, नवजीवन कॉलोनी, ब्लू मून, छोला सहित गैस पीडित 30 से ज्यादा बस्तियों में स्वास्थ्य शिविर नहीं लगते। यहां बीमारियों का पता लगाने, पीने का पानी, सीवेज नेटवर्क व अन्य सुविधाओं को लेकर कभी कोई सर्वे नहीं होता। केवल साल में एक बार जब बरसी का दिन आता है तो एक-दो दिन पहले नेता, समाजसेवी, मीडिया के लोग जरूर हालचाल पहुंचने आ जाते हैं।

### गैस पीड़ितों के लिए बने अस्पतालों में नहीं हैं इलाज की समुचित व्यवस्थाएं

जेपी नगर में रहने वाली लक्ष्मी बाई अपने पति भंवरलाल अहिरवार के साथ रहती हैं। पति के पैर में लकवा है। घर में कोई कमाने वाला नहीं। लहसुन छीलने का काम करती हैं। इस काम से वे एक दिन मात्र 50 रुपए ही कमा पाती हैं। बिजली का बिल तीन माह में 12 हजार रुपए का आ गया। वे यह पैसे कैसे जमा करें। बिजली कनेक्शन कट गया है। भवरंलाल ने बताया कि वे गैस पीड़ितों के लिए बने अस्पताल में इलाज करवाने जाते हैं। मामूली दवाएं मिल जाती हैं। कोई ठोस इलाज की व्यवस्था नहीं है। इतने पैसे नहीं हैं कि निजी अस्पताल में इलाज करवा सकें।


लक्ष्मीबाई पति भंवरलाल के साथ लहसुन छीलती हुईं।

### निजी अस्पताल में कस्तूरी बाई कराती हैं इलाज

70 वर्षीय कस्तूरी बाई को आंखों से कम दिखता है। श्वास फूलने और चक्कर आने की शिकायतें हैं। वे कहती हैं कि गैस पीड़ितों के अस्पतालों में तो कोई सुविधा नहीं है। वे निजी अस्पताल में जाती हैं। 600 रुपए पेंशन मिलती है। 100 रुपए तो किराए में चले जाते हैं। उनका कहना है कि सरकार ने गैस पीड़ितों के साथ अन्याय किया है।



## बेहतर इलाज के लिए बीएमएचआरसी लगातार उठा रहा नए-नए कदम

भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) की भोपाल गैस त्रासदी पीड़ित मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके। इसमें बीएमएचआरसी की बढ़ी महत्वपूर्ण भूमिका है। गैस त्रासदी पीड़ित मरीजों के लिए इलाज के लिए अस्पताल प्रबंधक लगातार नए-नए कदम उठाए जा रहे है। गैस पीड़ित मरीज को निःशुल्क दवा दी जा रही है। साथ ही पहले से ओर अधिक प्रकार की दवाएं मिल सकें। इसके लिए अमृत फार्मेसी स्थापित की गई है। इसका गैस पीड़ित मरीज लाभ उठा सकेंगे। इस नई फार्मेसी से उन्हें कैंपस में ही सभी दवाएं मिलना शुरू हो जाएंगी। अब तक कई दवाओं के लिए परिजनों को कैंपस के बाहर निजी सेंटर्स का रुख करना पड़ता था। बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि गैस पीड़ितों और आश्रितों को ओपीडी स्तर पर फार्मेसी से मुफ्त दवा दी जा रही है।

## इधर, कोर्ट पेशी में डाउ केमिकल के वकीलों ने कहा-जब दुर्घटना हुई, तब कंपनी अस्तित्व में ही नहीं थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूनियन कार्बाइड कारखाना गैस दुर्घटना मामले में यूनियन काबाईड कंपनी को खरीदने वाली डाउ केमिकल कंपनी की आपराधिक जिम्मेदारी निर्धारित किए जाने को लेकर जिला न्यायालय में गुरुवार को सुनवाई हुई। डाउ केमिकल के अधिकृत प्रतिनिधि एमी विल्सन की ओर से वकीलों ने तर्क प्रस्तुत किए कि डाउ ने कोई अपराध नहीं किया है। क्योंकि उसने आपदा के 17 साल के बाद यूनियन कार्बाइड कंपनी को खरीदा था। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी हेमलता अहिरवार के न्यायालय में सुनवाई के दौरान डाऊ केमिकल कंपनी वकीलों का कहना था कि यूनियन कार्बाइड कारखाना गैस दुर्घटना वर्ष 1984 में घटित हुई थी। इसके लगभग तीन वर्ष बाद पुलिस ने जिला न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया था। पुलिस द्वारा जिला न्यायालय में प्रस्तुत किए गए चालान में 11 आरोपी बनाए गए थे। इन 11 आरोपियों में डाउ केमिकल कंपनी का नाम नहीं था। गैस दुर्घटना के समय डाऊ केमिकल कंपनी भारत अस्तित्व में भी नहीं थी। इसलिए डाउ केमिकल कंपनी को आरोपी नहीं बनाया जा सकता। डाउ केमिकल को जो नोटिस भेजा गया है वह कारण बताओ नोटिस है। डाउ केमिकल कंपनी न तो इसमें आरोपी है और न ही गवाह। डाउ केमिकल कंपनी को जो नोटिस भेजा गया है, वह केवल इस बात के लिए है कि उसका मर्जर यूनियन कार्बाइड कंपनी में हो गया था, यूनियन कार्बाइड कंपनी फरार है और डाउ केमिकल कंपनी उसे हाजिर कराए।




### निगमायुक्त संस्कृति विदेश दौरे पर, अंजू अरुण को प्रभार

**भोपाल।** निगम आयुक्त संस्कृति जैन सोमवार को विदेश दौरे पर रवाना हो गईं। वह आगामी तीन-चार दिन तक साउथ कोरिया में रहेंगी। उनका यह दौरा विभागीय बताया जा रहा है। उनकी जगह आईएएस अंजू अरुण कुमार को प्रभार दिया गया है। कुमार के पास सीईओ बीसीएलएल की जिम्मेदारी के अलावा राजस्व एवं संपत्तिकर विभाग, विद्युत शाखा, हॉर्डिंग शाखा, हेरिटेज शाखा, जनसंपर्क शाखा, निगम चिकित्सालय, पुस्तकालय एवं वाचनालय आदि विभाग हैं। ननि के जनसंपर्क अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ला ने इसकी पुष्टि की है।



### पहिया सिर पर से गुजरने की वजह से चेहरा बुरी तरह डैमेज

## दोपहर में सीएटी की दी परीक्षा, रात को दोस्त के साथ लौटते वक्त अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर इलाके में सोमवार तड़के एक सड़क हादसे में छात्र की मौत हो गई। घटना करीब 3 बजे की है। युवक अपने दोस्त को छोड़कर घर लौट रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। रविवार दोपहर उसने सीएटी परीक्षा दी थी और देर रात तक इसी को लेकर दोस्त के साथ बातचीत कर रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मृतक योगेश पाल उर्फ राजा बागसेवनिया का रहने वाला था। उसने पिछले वर्ष बीकॉम की पढ़ाई पूरी की थी। योगेश सीएटी क्लियर कर किसी अच्छे कॉलेज से एमबीए करना चाहता था। बीते साल वह परीक्षा पास नहीं कर सका था, इसलिए इस बार दोबारा प्रयास किया था। रविवार रात उसके रातीबड़ इलाके में रहने वाले दोस्त ने उससे मुलाकात की। इसके बाद योगेश बाइक से दोस्त को छोड़ने रातीबड़ गया। लौटते समय भदभदा पुल के पास अज्ञात भारी वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।


योगेश, मृतक

### परिजनों को सौंपा शव

हादसे में वाहन का पहिया योगेश के सिर से गुजर गया, जिससे उसके चेहरे और सिर का ऊपरी हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दोनों आंखें भी पूरी तरह डैमेज हो गईं। सोमवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### फिजियोथैरेपिस्ट हैं पिता

योगेश के पिता सरकारी आयुर्वेदिक अस्पताल में पदस्थ फिजियोथैरेपिस्ट हैं। उसका एक बड़ा भाई है, जो प्राइवेट नौकरी करता है। योगेश परिवार में सबसे छोटा बेटा था। आरोपी वाहन चालक का पता लगाने के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। जांच जारी है।

### जिले की बैरसिया विस में सबसे अधिक हुआ काम

## एसआईआर: 28 दिन पूरे, सात लाख वोटर्स की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एसआईआर के काम को 28 दिन पूरे हो गए हैं। जिसके तहत अब तक भोपाल जिले की बैरसिया, नरेला, उत्तर, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा क्षेत्र में 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं में से 14 लाख 15 हजार 686 मतदाताओं के गणना पत्रों को डिजिटाइज कर दिया गया है। जिसका प्रतिशत 66.59 है। जिसमें एक लाख 4 हजार 698 4.92 मतदाता गायब मिले हैं, जिसमें मृतक और शिफ्ट होने वाले मतदाता शामिल हैं।

### दो दिन में सौ फीसदी काम करेगा बैरसिया

जिले की सभी विधानसभा में से बैरसिया में सबसे ज्यादा 93.5 काम हो चुका है। अगले 2 दिन में शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का टारगेट है। इधर, अच्छा काम करने वाले सुपरवाइजर, बीएलओ का सोमवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सम्मान किया। कलेक्टर सिंह ने बताया कि 4 दिसंबर तक शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का काम पूरा करने का लक्ष्य है। इसके लिए अगले 3 दिन के टारगेट तय किए हैं। सात विधानसभा सीटों में 21 लाख 25 हजार 908 मतदाता हैं। इनमें से 20.91 लाख फॉर्म बांटे गए हैं।

### दुल्हन बनी सलोनी ने भरा एसआईआर का फार्म


दुल्हन सलोनी ने भरा फार्म।

नरेला के छोला स्थित बूथ नंबर-104 पर बीएलओ पिंकी मालवीय ने कुशवाह परिवार को एसआईआर के गणना पत्रक दिए थे, लेकिन बेटी की शादी समारोह की वजह से परिवार के लोग गणना पत्रक भरकर वापस नहीं कर पाए। सोमवार को बीएलओ ने सलोनी कुशवाह के शादी समारोह में पहुंचकर गणना पत्रक भरकर देने के लिए प्रोत्साहित किया। जिसके बाद सभी ने शादी की व्यस्तता के बावजूद गणना पत्रक भरकर वापस दिए। सोमवार को छोला इलाके में बीएलओ और सुपरवाइजर पंकज सिटोक ने मतदाताओं के घर पहुंचकर दुल्हन बनी सलोनी सहित माता, भाई और भाभी का गणना पत्रक भरवाया।




## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोवा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता-सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता-पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 332. अफरोज बानो, पिता/पति-मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण-** 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर `नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण-** 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## जैकेट का शेष...

### 55 जिलों में करीब ...

का मूल आधार है। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सिखाया कि लौकिक जगत में रहते हुए भी मनुष्य को अपने कर्तव्य (स्वधर्म) का पालन करना चाहिए। कर्म करते हुए भी फल की इच्छा नहीं करनी चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को रवींद्र भवन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने गीता जयंती के पावन पर्व पर भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण कर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ किया। गीता महोत्सव में श्रीकृष्ण आराधना एवं आचार्यों, संतों की सन्निधि में 11000 कृष्णमार्गियों, कृष्ण भक्तों, बटुकों, स्कूली विद्यार्थियों की ओर से एक स्वर में श्रीमद्भगवद्गीता के 15 वें अध्याय का सुमधुर पाठ किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गीता जयंती के पावन पर्व पर ऐसा लग रहा है कि गोपाल कृष्ण हमारे आसपास ही विद्यमान हैं। पिछले वर्ष लाल परेड ग्राउंड पर 3500 विद्यार्थियों ने एक साथ गीता पाठ कर अद्भुत रिकॉर्ड बनाया था। इस गीता जयंती पर प्रदेश के सभी 55 जिलों, 10 संभागों और 313 विकासखंडों में करीब 3 लाख से अधिक गीता पाठियों के 15 वें अध्याय के सस्वर पाठ से अद्वितीय रिकॉर्ड बनेगा।

### बच्चों के पुतले लेकर...

शुरू कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि कफ सिरप और इंदौर चूहा कांड को कार्रवाई से विलोपित किया जाए। स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि सभी लोग श्रद्धांजलि के दौरान चली आ रही परंपरा का पालन करें। सिंघार ने कहा कि मैं आरोप नहीं लगा रहा हूं, सिर्फ पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहा हूं। कैबिनेट मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने कहा कि कफ सिरप से हुई मौत पर सरकार ने प्रदेश भर में अभियान चलाया। जो भी दोषी थे, उनके खिलाफ भी एक्शन लिया गया है।

### डॉक्टर से लेकर मालिक...

जेल में है। डॉक्टर से लेकर मालिक तक की गिरफ्तारी की है। उन्हें बच्चों की मौत पर भी सियासत करना है।

### 62 की तबीयत...

रेफर किया गया है। बाकी मरीजों इलाज बरगी स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य अमला रात में ही गांव पहुंचा गया। डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर सर्वे शुरू कर दिया है। दवाइयां वितरित की जा रही हैं। पानी के सैंपल लिए गए हैं।

### रायसेन में 45 वर्ष...

गुप्ता और क्षेत्र के विधायक राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल भी घटनास्थल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। नयागांव कलां के पास मछवाई नाले पर बना पुल क्षतिग्रस्त था जिसकी मरम्मत का कार्य एमपीआरडीसी द्वारा ठेकेदार के माध्यम से 98 लाख रुपए खर्च कर किया जाना था। सोमवार को लगभग 11 बजे जब पुल की मरम्मत का कार्य मजदूर कर रहे थे पुल के ऊपर से दो ट्रक उसके बाद एक यात्री बस निकली और पुल के बीच का स्लैब गिर गया।

### तीन लोगों ने मासूम...

के लिए आरोपियों के सामने गिड़गिड़ाता रहा, लेकिन हत्या का प्लान बना चुके आरोपियों ने उनकी बेरहमी से पिटाई जारी रखी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। घटना से नाराज परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। वारदात रविवार शाम छीपाबड़ थाना क्षेत्र के लोनी गांव की है। मृतक के मासूम बेटे ने बताया कि एक आरोपी महिला ने उसकी मां के बाल पकड़कर उनकी गर्दन पर दरांती से हमला किया। मां को बचाने की कोशिश में शिवम के हाथों की उंगलियां भी कट गईं।

### सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई...

वाले राज्यों- पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना सहित अन्य राज्यों से भी डिजिटल अरेस्ट के मामलों की जांच के लिए सीबीआई को अनुमति देने को कहा। सुप्रीम कोर्ट ने सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र से जुड़े मध्यस्थों को भी निर्देश दिए। अदालत ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के मामलों से संबंधित घटनाओं की जांच में सीबीआई को पूरा विवरण मुहैया कराएं और सहयोग भी प्रदान करें। कोर्ट ने सीबीआई को निर्देश दिया कि जांच एजेंसी टैक्स के पनाहगाह विदेशी ठिकानों और देशों से संचालित साइबर अपराधियों तक पहुंचने के लिए इंटरपोल की सहायता ले। साइबर अपराध और डिजिटल अरेस्ट के इस अतिसंवेदनशील मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को भी नोटिस जारी किया।

### एक यूजर को कई...

रेखांकित किया कि ऐसा करने पर सिम कार्ड्स का उपयोग साइबर अपराधों में हो सकता है।


**M.P. RAJYA SAHAKARI BANK MARYADIT**
T.T. Nagar, Bhopal (M.P.), Phone : 0755-3545723-24
अपेक्स बैंक
Tender No. : Apex/Bldg/501/2025 Dated : 01.12.2025

**NOTICE INVITING E-TENDER (IInd CALL)**

Online percentage rate tenders are invited on prescribed forms on MP PWD SOR w.e.f. 2024 from the registered Contractors/Firms who have adequate experience in appropriate works registered in P.W.D./CPWD in appropriate class. The details of work as following :-

| S. No. | Name of Work | P.A. of Contract | Amount of E.M. Deposit Rs. | Cost of Tender Form with GST | Stipulated Period of Completion | Date & Time of Receipt of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender Document for Maintenance and Complete Renovation Work of Toilet of Apex Bank Training College, P&T Chouraha, 04, Kotra Sultanabad, Bhopal (M.P.) | Rs. 68.51 Lakh | Rs. 1.00 Lakh | Rs. 5900.00 | 04 Months i/c Rainy Season | 23.12.2025 upto 05.00 pm |

(1) Eligible tenderers can purchase the Tender Documents on payment of requisite amount through online **from 02.12.2025 to 23.12.2025** during office hours i.e. 10.30 a.m. to 02.30 p.m. from website **https://mptenders.gov.in**
(2) The details of N.I.T. can be viewed on our website : **www.apexbankmp.bank.in**
(3) Any amendments shall be updated on bank website only.
M.P. Madhyam/123280/2025 **MANAGING DIRECTOR**


## पेज एक का शेष....

### ड्रामेबाजी के लिए ....

परेशान, वह पराजय की निराशा से बाहर निकले। पीएम ने कहा कि भारत ने लोकतंत्र को जीया है और यह बात बार-बार साबित हुई है, बिहार में हुए विधानसभा चुनाव ने भी यह दिखाया है।

### प्रधानमंत्री मोदी सबसे ...

मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में आरोप लगाया कि लोगों के असल मुद्दों को सुलझाने के बजाए पीएम मोदी ने एक बार फिर ड्रामेबाजी की है। खरगे ने कहा कि सरकार बीते 11 वर्षों से लगातार संसदीय मर्यादा और व्यवस्था को रौंद रही है और ऐसी घटनाओं की लंबी फेहरिस्त मौजूद है। आगे कहा कि आम आदमी बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक असमानता और देश के संसाधनों की लूट से जूझ रहा है। जो लोग सत्ता में हैं, वे ड्रामेबाजी का खेल खेल रहे हैं और सत्ता के अहंकार से भरे हैं।

### सरकार ने कहा...

एसआईआर और चुनावी सुधारों पर चर्चा के लिए तैयार है। विपक्ष से अपील कि वह इस पर कोई समय सीमा न थोपें। उन्होंने कहा कि सर्वदलीय बैठक में या विपक्षी दलों द्वारा उठाए गए किसी भी मुद्दे को नजरअंदाज नहीं कर रहा है। यह सरकार के विचाराधीन है।

### यह सदन नारेबाजी ...

सदन के पटल पर रखवाए। हंगामे के बीच वित्त मंत्री ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक और स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक पेश किया। किया।

### कनिमोझी बोलीं-...

उन्होंने कहा कि यह शीतकालीन सत्र बहुत छोटा है। उन्होंने कहा कि जब पहले से 13 बिल सूचीबद्ध हैं, तो एसआईआर पर चर्चा के लिए समय कब मिलेगा? सरकार लगातार समय मांगकर इस मुद्दे से बच रही है।

### दिल्ली समेत कई ...

वाले कुछ विमानों ने जीपीएस स्पूफिंग की सूचना दी। यह समस्या रनवे 10 पर जीपीएस आधारित लैंडिंग के दौरान दर्ज की गई।

### समस्या सिर्फ दिल्ली ....

2023 से फरवरी 2025 के बीच 465 जीपीएस स्पूफिंग की घटनाएं भारत-पाकिस्तान सीमा क्षेत्र में दर्ज की गईं। वहीं अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2024 में 4.3 लाख जीपीएस जैमिंग और स्पूफिंग घटनाएं दर्ज की गईं, जो 2023 की तुलना में 62% अधिक हैं।

### मां की डांट ....

तुरंत बचाव अभियान शुरू किया। देर रात तक छात्र का पता नहीं चल पाया। कुए में अत्यधिक पानी और मलबा होने के कारण शव को खोजने में भारी मशक्कत का सामना करना पड़ा। सोमवार सुबह शव निकाल लिया गया। बच्चे के पिता नहीं है और वो ही अपना मां का इकलौता सहारा था।

### भोजन में आलू ...

था, जो अब सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। ग्वालियर जिला पंचायत सीईओ सोजान सिंह रावत ने कहा कि ये मामला उनके संज्ञान में भी आया है। जल्द ही मध्यान भोजन को लेकर जो भी शिकायतें आ रही हैं उसकी जांच कराएंगे और जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### धार में मुंबई-...

सुधार की मांग है। देर शाम करीब 8 बजे धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, धार एसपी मयंक अवस्थी और खरगोन एसपी मौके पर किसानों से चर्चा करने पहुंचे। कलेक्टर मिश्रा ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी मांगें सीएम और पीएम तक पहुंचाई जाएंगी। इसके साथ ही केंद्रीय राज्य मंत्री व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सावित्री ठाकुर के नेतृत्व में किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली जाकर सरकार के सामने अपनी बात रखेगा। इस आश्वासन के बाद किसान संघ ने धरना-प्रदर्शन स्थगित करने की घोषणा कर दी।

### भाजपा कार्यालय में ...

से प्रदेश कार्यालय में मंत्रियों की नियमित उपलब्धता की व्यवस्था शुरू की गई है। सोमवार से शुक्रवार दोपहर एक से 3 बजे तक प्रतिदिन मप्र शासन के दो मंत्री प्रदेश कार्यालय में उपस्थित रहकर कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे।

### प्रदेश कार्यालय में ....

मंत्री विजय शाह एवं नरेंद्र शिवाजी पटेल कार्यकर्ताओं से संवाद एवं समन्वय करेंगे।

### अभी सर्दी में...

ठंडक में कुछ कमी आएगी, इसके बाद फिर कड़ाके की सर्दी शुरू होगी। इस बीच इस सप्ताह में बादल भी छाए रह सकते हैं। कुछ जिलों में हल्की बौछारें भी पडने के आसार हैं।

### फिर 4 डिग्री ....

इंदौर 8.2, राजगढ़ 9, भोपाल 9.4, रीवा और नौगांव में न्यूनतम पारा 9.5 डिग्री रहा है। भोपाल में दिन का पारा 0.4 डिग्री गिरकर 25.6 डिग्री रहा।

### 5 दिसंबर को ....

तापमान में तेजी से कमी आने की उम्मीद है। इधर, एक नया पश्चिमी विक्षोभ भी 5 दिसंबर से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय होने की उम्मीद है।


**मध्यप्रदेश राज्य सहकारी आवास संघ मर्या.**
फोन नंबर : 0755-2775662, 2779368, फैक्स : 2779368,
Email : awassangh@gmail.com
क्रमांक/आ.संघ/संपदा/2025/791 दिनांक : 1.12.2025

**आम-सूचना नामांतरण हेतु**

म.प्र. राज्य सहकारी आवास संघ मर्या. भोपाल के कार्यालयीन रिकार्ड के अनुसार प्लाट क्रमांक 293, रचना नगर भोपाल पर अर्चना गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या. भोपाल द्वारा श्री बी.एस. भोयर पुत्र श्री सूर्यभान जी भोयर को संस्था द्वारा वर्ष 1982 में आवंटित किया गया था। उक्त प्लाट के मूल आवंटी सदस्य श्री बी.एस. भोयर का स्वर्गवास दिनांक 08.11.1998 को हो चुका है उक्त भूमि की लीज अवधि वर्ष 2006 में समाप्त हो जाने के पश्चात पुन: लीज नवीनीकरण वर्ष 2016 में प्रारंभ हुयी। जिसके पश्चात श्री बी.एस. भोयर की पत्नी श्रीमती लता भोयर द्वारा द्वारा उक्त प्लाट/भूखण्ड का नामांतरण स्वयं के नाम से करने हेतु आवेदन एवं दस्तावेजों को प्रेषित कर अनुरोध किया गया जिस पर कार्यवाही की जाकर कार्यालयीन आदेश क्रमांक 719 दिनांक 31.07.2018 के द्वारा उक्त भूखण्ड का नामांतरण श्रीमती लता भोयर पत्नी स्व. श्री बी.एस. भोयर के पक्ष में नामांतरण आदेश जारी किया गया तथा दिनांक 17.01.2019 को उक्त भूखण्ड की लीज (पट्टा) नवीनीकरण पंजीकृत किया गया जो उप पंजीयन कार्यालय में ई-पंजीयन क्रमांक MP059712019A1040305 पर अंकित है।

श्रीमती लता भोयर का स्वर्गवास दिनांक 10.08.2024 को हो जाने के पश्चात उनकी पुत्रियां (श्रीमती रीता शिर्के एवं श्रीमती सुचिता राजेश धरमारे) द्वारा पंजीकृत वसीयतनामे के आधार पर उक्त प्लाट/भूखण्ड का नामांतरण स्वयं के नाम से करने हेतु आवेदन एवं दस्तावेजों को प्रेषित कर अनुरोध किया गया है।

यदि उपरोक्त प्लाट के नामांतरण पर संपत्ति से हितबद्ध वारिस एवं अन्य किसी व्यक्ति संस्था बैंक आदि को कोई आपत्ति हो तो **15 दिवस में** मय दस्तावेज एवं प्रमाण के साथ आवास संघ कार्यालय में सम्पर्क करें।

उक्त निर्धारित समयावधि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त प्लाट क्रमांक 293, रचना नगर भोपाल का नामान्तरण श्रीमती रीता शिर्के पति श्री दीपक शिर्के एवं श्रीमती सुचिता राजेश धरमारे पति श्री राजेश धरमारे के पक्ष में करने हेतु आवास संघ स्वतंत्र रहेगा।

**नोट :-** आपत्ति प्रस्तुत करने का स्थान म.प्र. राज्य सहकारी आवास संघ मर्या. तृतीय तल, सहकार भवन, नार्थ टी.टी. नगर, भोपाल।
म.प्र. माध्यम/123281/2025 प्रबंध संचालक



Phone No. 07578-292027 Email : Ceopa..ch-stats@dgest.org

**कार्यालय मुख्य अधिशासी अधिकारी**
**OFFICE OF THE CHIEF EXECUTIVE OFFICER**
**छावनी परिषद पचमढ़ी**
**MINISTRY OF DEFENCE, GOVERMENT OF INDIA**
पत्र क्र. 69/मेला/2755 दिनॉक :- 27 नवम्बर 2025

**// निविदा - सूचना //**

छावनी परिषद पचमढ़ी द्वारा शिवरात्रि मेला 2026 के दौरान छावनी मेला क्षेत्र में निम्नलिखित कार्य हेतु मेला अवधि के दौरान पृथक-पृथक निविदा ई टेन्डर के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | अमानत राशि | टेण्डर फार्म फीस | निविदा प्रपत्र (फार्म) जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शिवरात्रि मेले 2026 में वॉटर प्रूफ टेन्ट, का कार्य | रू. 20,000/- | रू. 500/- | दिनांक 22/12/2025 समय 12.00 |
| 2. | शिवरात्रि मेला 2026 में 07 नग टिन शेड का कार्य | रू. 20,000/- | रू. 500/- | |
| 3. | शिवरात्रि मेला 2026 हेतु मेला क्षेत्र में 200 नग एल.ई.डी. लाईट एवं 02 नग जनरेटर 20 के.वी व्यवस्था हेतु | रू. 50,000/- | रू. 2000/- | |

| क्र. | निविदा का विवरण | स्वीकृत न्यूनतम राशि | अमानत राशि | टेण्डर फार्म फीस | निविदा प्रपत्र (फार्म) जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शिवरात्रि मेले 2026 में अस्थायी दुकानों को विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने का कार्य | रू. 80,000/- | रू. 20,000/- | रू. 500/- | दिनांक 22/12/2025 समय 12.00 |

निविदा खोलने की दिनाँक 23/12/2025 समय 12:00 निविदा संबंधी नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। एवं निर्धारित राशि पर GST देना अनिवार्य होगा।

राहुल गजभिये, भा.र.सं.से.
मुख्य अधिशासी अधिकारी
छावनी परिषद पचमढ़ी






भोपाल की सबसे कम कीमत में, सबसे ज्यादा सुविधा के साथ
क्लॉसेस रात्रि 10.00 बजे तक उपलब्ध है।
DCA PGDCA में प्रवेश लेने पर ...
FREE GYM+CPCT +LIBRARY एक साल तक फ्री
ओर साथ में Free DCA, PGDCA की All Subject की Books, Q Bank Notes आदि भी फ्री उपलब्ध है।
भोपाल कम्प्यूटर एकेडमी (अधिकृत : माखनलाल विश्वविद्यालय)
PLOT NO. 15, NIRMAL TOWER, NEAR APSARA CINEMA ABOVE SBI BANK, ASHOKA GARDEN, BHOPAL
M. 86027-11111
ONLY LIBRARY 299/- Rs. PER MONTH

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644





नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910





M : 9009231973, 9424467620
HÄFELE Sleek Godrej Hettich
NSK NEW SUPER KITCHENS
Customised & Affordable
• इटालियन किचन • जर्मन किचन • स्टेनलेस स्टील किचन
• बेड सोफा • पी.ओ.पी. सिलिंग • यू.पी.वी.सी. फर्निचर
• रिनोवेशन वर्क • वाटर प्रूफिंग • घर और ऑफिस के लिये फर्निचर
Plot number 157 Fortune Building,MP Nagar, Zone 1, Near Havells Gallery, Bhopal

आवश्यकता
प्लांट में निर्माण कार्य हेतु दैनिक वेतन पर मिस्त्री 100 पद, कुली 200 पद बढ़ई 200 पद, लोहार 200 पद की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7000087500, 8602002511, 8234976143 BSP-28-11-25 to 04-12-2025

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

नाम परिवर्तन
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम KAMAL PASHA था। जो मेरे पासपोर्ट पर अंकित है। परंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर KAMAAL PASHA हो गया है। मैं अब KAMAAL PASHA S/O CHAND PASHA के नाम से जाना/ पहचाना जाता हूं। पता : 46, सुल्तानिया हॉस्पिटल रोड, फिश फॉर्म के सामने, सेंट्रल लॉइब्रेरी, इतवारा, भोपाल (म.प्र.) - 462001

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक


## शब्द पहेली - 6065



**बाएँ से दाए**
1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह,टीस,लालसा-3
6. हानि,आपत्ति-2
7. दुश्मनी,बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश,आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत,मुसीबत-2
19. शैतानी,बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा,लालसा-4
24. कवि,गजलकार-3
25. जरा,थोड़ा-2
27. मुलायम,नाजुक-3
28. गुफा,खोह-2
29. प्रियतम,सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह.शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा,गंजा-4
4. पंक्ति,लाइन-3
5. लड़की, पुत्री,बेटी -2
7. वहम,संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा,कसम -3
13. गंगा का पानी -4
15. तीखा,तीक्ष्ण-3
16. आतुर,धैर्यहीन -4
17. संभवतः-3
18. मर्कट,कपि-3
20. गोविंदा,खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना -4
23. साजन,प्रेमी-3
24. संध्या,सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना,मास-2

### शब्द पहेली- 6064 का हल



## सूडोकु नवताल- 6075

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6074 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

## राशिफल

**मेष** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

### स्थापित किया स्वास्थ्य सेवा के साथ सामाजिक जिम्मेदारी का नया मानक

# कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल ने वैश्विक उपलब्धि हासिल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च इंस्टिट्यूट ने घोषणा की है कि उनके मुंबई के अस्पताल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित जॉइंट कमीशन इंटरनेशनल (जेसीआई) ने इंटरनेशनल हॉस्पिटल फेडरेशन के जिनेवा सस्टेनेबिलिटी सेंटर के साथ साझेदारी में ₹हेल्थकेयर सस्टेनेबिलिटी प्रोग्राम₹ के लिए 'सर्टिफिकेट ऑफ डिस्टिंक्शन' से सम्मानित किया है। यह प्रतिष्ठित और बहुत ही मूल्यवान सम्मान प्राप्त करके, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल इस कठोर वैश्विक मानक को पूरा करने वाला भारत का पहला और विश्व का पांचवां अस्पताल बन गया है। यह उपलब्धि अस्पताल की स्थिरता पहलों और पर्यावरण-अनुकूल स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

स्वास्थ्य सेवा दुनिया में सबसे ज़्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाले पहले 5 उद्योगों में से एक है। आज के दौर में वैश्विक स्वास्थ्य प्रणालियां परिचालन जोखिम को कम करने और जलवायु-संबंधी व्यवधानों के खिलाफ लचीलापन मजबूत करने के प्रयासों को तेज कर रही हैं। ऐसे में कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल को मिला यह सर्टिफिकेशन बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह इस तरह के विश्व स्तरीय अस्पताल से की जाने वाली अपेक्षाओं के अनुरूप है। इन अपेक्षाओं में टास्क फोर्स ऑन क्लाइमेट-रिलेटेड फाइनेंशियल डिस्क्लोजर और इंटरनेशनल सस्टेनेबिलिटी स्टैंडर्ड्स बोर्ड जैसे ढांचों के तहत स्वास्थ्य सेवा संगठनों द्वारा जलवायु-जोखिम खुलासे पर बढ़ता ध्यान शामिल है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल की यह उपलब्धि दर्शाती है कि अस्पताल न केवल चिकित्सा सेवा में बल्कि स्थिरता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के वैश्विक मानकों को पूरा करने में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है।

यह अस्पताल 'हेल्थकेयर सस्टेनेबिलिटी' के लिए भारत का पहला और विश्व का पांचवां अस्पताल बना

अस्पताल न केवल चिकित्सा सेवा में बल्कि स्थिरता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के वैश्विक मानकों को पूरा करने में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है



### यह सर्टिफिकेशन हमारे मूल विश्वास को दर्शाता है : डॉ.शेट्टी

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और कार्यकारी निदेशक डॉ. संतोष शेट्टी ने वित्तीय और रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहाकि यह सर्टिफिकेशन हमारे मूल विश्वास को दर्शाता है कि स्थिरता बेहतर क्लिनिकल परिणामों और मजबूत संचालन प्रदर्शन दोनों को संभव बनाती है। हमारा 2030 सस्टेनेबिलिटी रोडमैप (कार्ययोजना) ऊर्जा दक्षता, जल प्रबंधन, कम उत्सर्जन के लिए काम आने वाली सामग्रियों और जलवायु-प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे पर केंद्रित है। ये निवेश लंबी अवधि के लागत दबावों को कम करने, मरीज की सुरक्षा में सुधार करने और बढ़ते जलवायु अस्थिरता का सामना कर रहे शहर में व्यावसायिक निरंतरता को मजबूत करने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

### जेसीआई-जीएससी के कार्यक्रम दूरदर्शी प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता को करते हैं प्रदर्शित

जेसीआई-जीएससी कार्यक्रम विशेष रूप से उन अस्पतालों को मान्यता देता है जो बोर्ड स्तर पर पर्यावरणीय जोखिम प्रशासन को शामिल करते हैं और उत्सर्जन, कचरे, पानी की बचत और आपूर्ति-श्रृंखला की स्थिरता को उद्यम जोखिम प्रबंधन में एकीकृत करते हैं। यह मजबूत आंतरिक नियंत्रणों और दूरदर्शी प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। भारत, एक तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था है जिस पर बुनियादी ढांचे का दबाव काफी ज्यादा है। हमारे देश को जलवायु परिवर्तन की बढ़ती संवेदनशीलता का सामना करना पड़ रहा है, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य और अस्पताल प्रणालियों पर तनाव बढ़ा रहा है। राष्ट्रीय कार्यक्रमों, जैसे कि राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम, द्वारा उत्सर्जन रिपोर्टिंग, चक्रीयता और आपदा तैयारियों के संबंध में अपेक्षाएं बढ़ाए जाने के कारण, स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को अधिक मजबूत जलवायु-लचीली प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जलवायु से संबंधित व्यवधानों की लागत का अनुमान 2050 तक दक्षिण एशिया में सालाना 36 अरब अमेरिकी डॉलर तक लगाया गया है, इसी की वजह से यह बदलाव अत्यावश्यक बन गए हैं।

### कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एक क्षेत्रीय अग्रणी के रूप में उभरा

हालांकि कई भारतीय अस्पताल अभी भी नेतृत्व स्तर पर पर्यावरणीय शासन को एम्बेड करने के प्रारंभिक चरण में हैं, लेकिन कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल का वैश्विक ईएसजी ढांचे के साथ संरेखण एक निर्णायक कदम है।


इसका जेसीआई सस्टेनेबिलिटी सर्टिफिकेशन वर्तमान राष्ट्रीय मानदंडों से परे परिपक्वता के एक स्तर को दर्शाता है, जो उत्सर्जन, कचरे, जल और आपूर्ति-श्रृंखला की स्थिरता को मुख्य जोखिम प्रबंधन में एकीकृत करता है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एक क्षेत्रीय अग्रणी के रूप में उभरा है, जो यह प्रदर्शित करता है कि संसाधन कम होते हुए भी जिम्मेदार, भविष्य के लिए तैयार स्वास्थ्य सेवा प्राप्त की जा सकती है।

### शादी के सीजन में छोटे नोटों की यह कमी आम जनता के लिए बड़ी समस्या बन गई

# शादी के सीजन में छोटे नोटों का संकट बाजार में ऊंचे दाम पर हो रही बिक्री

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित समूचे प्रदेश में शादी सीजन के दौरान छोटे नोटों की भारी कमी हो गई है, जिससे बाजार में कालाबाजारी बढ़ गई है। लोग ऊंचे दामों पर छोटे नोट बेच रहे हैं। 10 रुपए नोट की गड्डी लिए 1400 तक वसूले जा रहे हैं। इस कमी का फायदा उठाकर कालाबाजारी करने वाले सक्रिय हो गए हैं और लोग प्रशासन व भारतीय रिजर्व बैंक से नियमों का पालन कराने की मांग कर रहे हैं।



### बाजारों में पड़ रही छोटे नोटों की किल्लत

दरअसल, शादी के आयोजन में नेग देने, रस्मों के दौरान नोट उड़ाने और दूल्हे को नोटों की माला पहनाने जैसी परंपराओं के चलते छोटे नोटों की मांग कई गुना बढ़ जाती है। यही कारण है कि लोग बड़े नोटों के बजाय 10, 20 और 50 रुपए के नोटों को ज्यादा प्राथमिकता देते हैं। इसी मांग का फायदा उठाकर कुछ दुकानदार और बिचौलिए बेहिसाब मुनाफा कमा रहे हैं। पीएनबी और एसबीआई सहित ज्यादातर बैंकों में छोटे नोटों की गड्डियां उपलब्ध नहीं हैं। जानकारी के अनुसार कुछ बैंकों में तो 100, 200 और 500 रुपए के नए नोटों की गड्डियां भी नहीं मिल रही हैं। इससे आम लोगों और शादी वाले परिवारों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

भारतीय रिजर्व बैंक का नियम है कि कोई भी राशि उसके मुद्रित मूल्य से अधिक पर खरीदी या बेची नहीं जा सकती। इसके बावजूद प्रशासन और बैंक अधिकारी इस अवैध कारोबार पर कार्रवाई करने के बजाय आंखें मूंदे बैठे हैं। न ही किसी प्रकार की कड़ी निगरानी की जा रही है और न ही कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

### लोगों ने जिला प्रशासन से की मांग

लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। शादी के सीजन में छोटे नोटों की यह कमी आम जनता के लिए बड़ी समस्या बन गई है। लोग अब उम्मीद जता रहे हैं कि जिला प्रशासन और बैंक अधिकारी तत्काल हस्तक्षेप कर कालाबाजारी पर रोक लगाएंगे। कई गांवों और कस्बों के निवासियों ने बताया कि बार-बार बैंक जाने के बावजूद उन्हें छोटे नोट उपलब्ध नहीं कराए जा रहे। वहीं दूसरी ओर स्थानीय बाजारों में दलालों और व्यापारियों के पास नए नोटों की भरमार दिखाई दे रही है, जो इन्हें मनमाने रेट पर बेच रहे हैं। लोगों ने मांग की है कि बैंक कर्मचारियों और निजी दलालों के कथित गठजोड़ की तत्काल जांच की जाए तथा छोटे नोटों की पारदर्शी और न्यायपूर्ण वितरण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नागरिकों ने सभी बैंक प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश जारी करने की भी अपील की है ताकि छोटे मूल्य के नोटों की किल्लत दूर की जा सके।

## मसूड़ों की बीमारियों को न करें अनदेखा डॉ.सोनिया ने कहा

**भोपाल।** डॉ. सोनिया दत्ता, एमडीएस, पीएचडी, प्रोफेसर, पब्लिक हेल्थ डेन्टिस्ट्री के अनुसार मसूड़ों की बीमारियां आम हैं ,लेकिन अक्सर हम इनको अनदेखा करते हैं, जिसकी वजह से मुंह की गंभीर समस्याएं हो सकती हैं जैसे दांत खराब होना, डायबिटीज और गर्भावस्था में जटिलताएं। मसूड़ों की बीमारियों से जुड़े कारणों को समझना ज़रूरी है, ताकि इसकी रोकथाम और उपचार के लिए जल्द से जल्द कदम उठाए जाएं। मसूड़ों की बीमारियों को जल्द से पहचान कर जटिलताओं की संभावना को कम किया जा सकता है। मसूड़ों को स्वस्थ बनाए रखने के लिए दांतों का मजबूत होना ज़रूरी है। लौंग और नीम जैसे प्राकृतिक इंग्रीडिएंट्स से बना डाबर रैड पेस्ट मसूड़ों को बनाए रखता है, यह बैक्टीरिया को दूर कर ओरल हाइजीन बनाए रखने में मदद करता है।



### शिविर में कुल 41 करोड़ के ऋण का सफलतापूर्वक डिस्बर्समेंट किया

# केनरा बैंक ने आयोजित किया मेगा रिटेल क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केनरा बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा आयोजित मेगा रिटेल क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में विभिन्न लाभार्थियों को कुल 90 सेंक्शन लेटर वितरित किए गए। बैंक द्वारा आयोजित इस विशेष शिविर में कुल 41 करोड़ रुपए के ऋण का सफलतापूर्वक डिस्बर्समेंट किया गया, जिससे क्षेत्र के व्यापारियों, उद्यमियों, किसानों व युवाओं को बड़ी राहत मिली है।

इस अवसर पर केंद्रीय कार्यालय मुंबई से आए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक एसएस मूर्ति उपस्थित रहे उनके साथ संजीव कुमार क्षेत्रीय प्रमुख एवं सुनील भारद्वाज एजीए शाखा ने मंच साझा किया। कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य गांव–गांव और जरूरतमंद वर्गों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाना तथा समय पर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है, ताकि स्थानीय आर्थिक गतिविधियां मजबूत हों और रोजगार के अवसर बढ़ें। कार्यक्रम का संचालन मुख्य प्रबंधक सौरभ मेहता ने किया एवं मुख्य प्रबंधक आशीष बंसल ने सबका आभार व्यक्त किया। क्षेत्रीय कार्यालय से मैनेज मनीष कुमार बस्तवार भी उपस्थित रहे।

### लाभार्थियों ने जताया आभार

सैंक्शन लेटर प्राप्त करने वाले लाभार्थियों ने बैंक की इस पहल की सराहना की और कहा कि समय पर ऋण मिलने से वे अपने व्यवसाय और अन्य आर्थिक गतिविधियों को गति दे सकेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति देखी गई और समापन के दौरान बैंक अधिकारियों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजन नियमित रूप से करने की बात कही।

### कृषक ऋण मोचन योजना से किसानों को बड़ी राहत

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख संजीव कुमार द्वारा कृषक ऋण मोचन योजना के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को बकाया ऋण पर राहत प्रदान की जा रही है जिससे किसान, वित्तीय रूप से सक्षम होकर कृषि कार्यों में


## बिजनेस न्यूज

### सैम कन्या महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन




**भोपाल।** सैम कन्या महाविद्यालय, भोपाल द्वारा "वेदस तू विज़न 2047: आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर" विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। सम्मेलन में देश-विदेश के विशेषज्ञों एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधियों द्वारा महत्वपूर्ण विषयों पर ज्ञानवर्धक विचार प्रकट किए गए तथा शोधार्थियों तथा शिक्षाविदों ने संबंधित विषय में अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। सम्मेलन का शुभारंभ एवं समापन सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विजय मनोहर तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्योगपति डॉ. राजीव अग्रवाल, अनन्या पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड, डॉ. संजीव कुमार पांडे, सहायक निदेशक एवं समन्वयक एचआरडीसी , रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, प्रो. रागिनी गोथलवाल, डीन बायोसाइंस विभाग बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, डॉ रोली प्रधान एनआईटीटीटीआर तथा मुख्य संरक्षक डॉ. हरप्रीत सिंह सलूजा, चेयरमैन, सैम ग्रुप, इंजी प्रीति सलूजा, कुलाधिपति, सैम ग्लोबल विश्वविद्यालय उपस्थित रहे। प्रो. एपी मिश्रा हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, प्रो. रोली शुक्ला, प्रो. कपिल सोनी, डॉ. माइकल कोर्निक, ताइवान, डॉ.हर्षिता तिवारी. ताइवान, डॉ राहीमे, ईरान, डॉ नेहा कुलश्रेष्ठ, पारुल विश्वविद्यालय मुख्य वक्ता थे। विविध तकनीकी सत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, भारतीय ज्ञान परंपरा, स्थायी विकास, शोध एवं नवाचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शोधार्थियों तथा शिक्षाविदों ज्ञानवर्धक विचार एवं शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। साथ ही पोस्टर प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता में छात्राओं ने पोस्टर के द्वारा संबंधित विषय पर अपने विचार कलात्मक एवं रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किए। महाविद्यालय, प्रबंधन एवं आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों तथा सहयोगी संस्थानों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सेंट मोंटफोर्ट स्कूल में मोंट गाला नाइट का आयोजन



**भोपाल।** सेंट मोंटफोर्ट स्कूल (प्राइमरी विंग) ने किंडरगार्टन के बच्चों के लिए एक खूबसूरत मोंट गाला नाइट का आयोजन किया। यह उत्सव का दिन था जहां हमारे नन्हे-मुन्ने बच्चे अपनी रंग-बिरंगी पोशाकों में आए थे। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। मुख्य अतिथि कल्पना श्रीवास्तव (आइएएस), अतिथि रेवरेंन ब्रदर थम्पी एलेक्स, शाला प्रिंसिपल रेवरेंन ब्रदर मोनाचन केके, वाइस प्रिंसिपल रेवरेंन ब्रदर ग्रिगोरी बा,रेवरेन ब्रदर मानी वि.जय ,हेड मिस्ट्रेस रेवरेंन सिस्टर ग्रीटा और हमारी समन्वयक शाइनी जोसेफ ने दीप प्रज्वलित कर शुभ सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के प्रारंभ में शाला प्रिंसिपल रेवरेंन ब्रदर मोनाचन केके ने समारोह को संबोधित कर सभी का स्वागत किया। समारोह में नृत्य, संगीत, नाटक और भाषण जैसे विभिन्न प्रदर्शन शामिल थे। विद्यार्थियों ने विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। बच्चों ने अलग-अलग परिस्थितियों का चित्रण किया जो एक बेहतर कल का कारण बन सकती हैं क्योंकि कार्यक्रम का विषय था ₹दादा, दादी, नाना, नानी₹ गौरव की जड़ें, प्रेम की विरासत ₹। सभी छात्रों ने एक ही निष्कर्ष के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में समान रूप से भाग लिया। मोंट गाला नाइट के समापन पर मुख्य अतिथि श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की सरहाना की और समन्वयक श्रीमती शाइनी जोसेफ ने सांस्कृतिक संध्या की सफलता के लिए जिम्मेदार प्रत्येक व्यक्ति को धन्यवाद दिया।

### गोदरेज कैपिटल की 'आरोही' ने किया 1,000 करोड़ से अधिक की बुकिंग का पड़ाव पार

**भोपाल ।** गोदरेज इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी, गोदरेज कैपिटल ने घोषणा की है कि उसकी महिलाओं-केंद्रित पहल आरोही ने अक्टूबर 2025 तक कुल ऋण बुकिंग में 1,116 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। नवंबर 2024 में लांच के बाद से आरोही ने मात्र एक वर्ष में 552 करोड़ का परिसंपत्ति आधार बनाया है और 1,600 से अधिक ग्राहकों को जोड़ा है, जिसमें भोपाल एक प्रमुख योगदानकर्ता बाजार के रूप में उभरा है। इस कार्यक्रम ने ग्राहकों की संख्या के लिहाज़ से वित्तीय वर्ष 2026 के लिए निर्धारित 10 फीसदी पैठ के लक्ष्य को पहले ही हासिल कर लिया है, जो असाधारण शुरुआती विकास को प्रदर्शित करता है। नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (नीति आयोग) के अनुसार, देशभर में महिलाओं द्वारा लिए गए कुल ऋणों में से केवल 3 फीसदी ही व्यवसायिक उद्देश्यों के लिए होते हैं, जो उनके उद्यमिता प्रयासों के लिए सीमित क्रेडिट प्रवाह को दर्शाता है। गोदरेज कैपिटल की पहल 'आरोही' महिलाओं के लिए अधिक समावेशी वित्तीय प्रणाली बनाने पर केंद्रित है- विशेष रूप से अनुकूलित क्रेडिट सेवाओं, कौशल-विकास कार्यक्रमों और सहयोग के अवसरों के माध्यम से। ग्राहकों, चैनल पार्टनरों, सहकर्मियों और सीएसआर पहलों इन चार 'सी' के ज़रिए महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और व्यापक आर्थिक प्रभाव उत्पन्न करने का लक्ष्य है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ मनीष शाह ने कहाकि हमारा क्रेडिट सिस्टम अधिक समावेशी, न्यायसंगत और महिलाओं के लिए उद्देश्यपूर्ण ढंग से डिज़ाइन किया हुआ होना चाहिए। अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभाने के बावजूद महिलाएं अब भी वित्तीय प्रणाली में संरचनात्मक बाधाओं का सामना करती हैं।

### ईवी की बैटरी को ज्यादा गर्म होने और आग लगने से बचाने के लिए

# एमआईटी-डब्ल्यूपीयू के शोधकर्ताओं ने विकसित किया हाइब्रिड नैनोफ्लूइड कूलिंग सिस्टम

एजेंसी ▶▶ पुणे

एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी (एमआईटी-डब्ल्यूपीयू ) के शोधकर्ताओं ने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की बैटरी के लिए एक नया पैसिव हाइब्रिड कूलिंग सिस्टम विकसित किया है- इसे भारत में "सिस्टम फॉर थर्मल मैनेजमेंट ऑफ बैटरी ऑफ व्हीकल (पेटेंट नंबर 202121029238) के नाम से पेटेंट मिला है- जो इलेक्ट्रिक वाहन बैटरियों को ठंडा रखने की क्षमता को काफी बेहतर बनाता है। प्रदर्शन और सुरक्षा दोनों को बढ़ाने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया, यह सिस्टम, भारत के उच्च तापमान वाली जलवायु परिस्थितियों तथा ईवी में आग लगने की बढ़ती घटनाओं जैसी चुनौतियों का प्रभावी समाधान प्रदान करता है।

छोटा और ऊर्जा-कुशल डिजाइन दो-पहिया ईवी के लिए



### ईवी में आग लगने की बढ़ती घटनाओं जैसी चुनौतियों का प्रभावी समाधान

यह सिस्टम बिना पंप के काम करता है और कम ऊर्जा खर्च के ही देता बेहतर विकल्प रिसर्च टीम में डॉ. वैभव देशमुख, एसोसिएट प्रोफेसर, मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट, डॉ. एस. राधाकृष्णन, प्रोफेसर एमेरिटस और डायरेक्टर रिसर्च, मैटेरियल्स साइंस एंड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट और डॉ. वैदेही देशमुख, असिस्टेंट प्रोफेसर, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट शामिल हैं।

### बैटरी के ज्यादा गर्म हिस्सों से गर्मी बहुत तेजी से बाहर निकलती है

इस पेटेंट किए गए नवाचार की सबसे खास बात यह है कि इसमें पूरी तरह पैसिव हाइब्रिड कूलिंग तकनीक का उपयोग किया गया है, जो बिना पंप, पंखे या किसी अतिरिक्त बिजली के केवल प्राकृतिक संवहन और फेज-चेंज प्रक्रिया से काम करती है। इसमें विशेष रूप से तैयार किए गए नैनोफ्लूइड में थर्मली कंडक्टिव नैनोपार्टिकल्स और कम तापमान पर उबलने वाले तरल मिलाए गए हैं।

## धान की सरकारी खरीद 290 लाख टन पर पहुंची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) तथा इसकी सहयोगी प्रांतीय एजेंसियों द्वारा चालू खरीफ मार्केटिंग सीजन के दौरान 28 नवंबर 2025 तक केंद्रीय पूल के लिए 290 लाख टन धान खरीदा गया है। देश के लगभग सभी प्रमुख उत्पादक राज्यों में धान की नई फसल की कटाई-तैयारी एवं सरकारी खरीद आरंभ हो चुकी है। आंकड़ों के अनुसार 2025-26 के खरीफ मार्केटिंग सीजन में अभी तक पश्चिम बंगाल में 4,31,145 टन, उत्तर प्रदेश में 7,71,292 टन, पंजाब में 154.20 लाख टन, तेलंगाना में 23.10 लाख टन और तमिलनाडु में 14.50 लाख टन धान खरीदा गया है। इसके अलावा छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, उड़ीसा एवं बिहार जैसे महत्वपूर्ण उत्पादक राज्यों में भी अच्छी मात्रा में धान की खरीद हो रही है। धान की यह खरीदी देशभर के 23,04,629 किसानों से की गई है और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर इसकी कुल कीमत 656.81 अरब रुपए आंकी गई है।

Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK) HOME LOANS • DEPOSITS Translating Dreams into Reality

केनफिन होम्स लिमिटेड
प्रथम तल, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के ऊपर, गोपालगंज, सागर- 470001, फोन : 0755 –82220456,7625013262
E-mail-sagar@canfinhomes.com CIN No -L85110KA1987PLC008699

मांग सूचना

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 (सरफेसी अधिनियम) की धारा 13 (2) सपठित नियम 3 (1) के अन्तर्गत सिक्युरिटी इंट्रेस्ट (इनफोर्समेन्ट) नियम 2002

जबकि, अधोहस्ताक्षर कैन फिन होम्स लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी हैं, SARFAESI अधिनियम के तहत और धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नियम 3 के साथ पढ़े गए, उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी करते हुए। उधारकताओं/ गारंटरों को यहां सूचीबद्ध किया गया (जिनको बाद ''उधारकताओं'' के रूप में संदर्भित किया है), को नोटिस में उल्लिखित मात्रा को चुकाने के लिए, नोटिस प्राप्त होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर, नीचे दिए गए विवरण के अनुसार।
उक्त नोटिस डाक प्राधिकरण द्वारा लौटाए गए हैं / उधारकताओं द्वारा विधिवत स्वीकार नहीं किए गए हैं। इसलिए कंपनी अत्यधिक सावधानी के साथ डिमांड नोटिस (नियम 3 (1) के प्रावधानों के अनुसार) के इस प्रकाशन को प्रभावित कर रही है। इसलिए, अधोहस्ताक्षरी ने इन नोटिसों को उक्त अधिनियम के अनुसार उक्त उधारकर्ताओं के अंतिम ज्ञात पते के परिसर में चिपकाया है।
ऋण की देय अदायगी के लिए सुरक्षा के रूप में, नीचे दी गई संपत्ति को संबंधित पक्षों द्वारा कंपनी के पास गिरवी रखा गया है।

| क्र. सं. | ऋणी एवं जमानतदारों के नाम एवं पता | मांग सूचना दिनांक | मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि | सुरक्षित आस्तियों का विवरण | एनपीए दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **1.श्री रामनरेश सिंह ठाकुर** (आवेदक) **2.श्री भगवान सिंह दांगी** (सह-आवेदक) **3.श्रीमती चंद्रकुंवर ठाकुर** (सह-आवेदक) सभी का पताः खसरा क्र. 323/2/2, खसरा पीएच. क्रमांक 70, रानी दुर्गावती बाई वार्ड, वार्ड क्रमांक 1 मौजा सेमरा बाग मकरोनिया सागर म.प्र. 470004 | 30/11/2025 | ₹ 2037605/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | खसरा क्र. 323/2/2, प.ह. क्रमांक 70, रानी दुर्गावती बाई वार्ड, वार्ड क्रमांक 1 मौजा सेमरा बाग मकरोनिया सागर म.प्र. 470004, चर्तुसीमाएँ: उत्तर- विक्रेता की भूमि, दक्षिण-विक्रेता की भूमि, पूर्व-22 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम-मौर्या की भूमि | 29/11/2025 |

* भुगतान की तारीख तक उल्लिखिततारीख से सहमति के अनुसार संविदात्मक दरों पर देय ब्याज
आपको इस नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर देय ब्याज की अनुबंधित दर के साथ उपर्युक्त राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, जिससे असफलता उपर्युक्त सुरक्षा को लागू करने के लिए सरफेसी अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू करने के लिए बाध्य होगी। ऋणी/जमानतदार/या /अथवा संपत्ति मालिक / कानूनी उत्तराधिकारी का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुटाने ( Redeem कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा (8) के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

दिनांक : 02/12/2025
स्थान : सागर

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
केनफिन होम्स लि.

चिंतन

# देश के विकास के लिए संसद चलने दे विपक्ष

देशहित के लिए संसद का चलना बेहद जरूरी है, क्योंकि संसद कानून बनाने, राष्ट्रीय नीतियों पर चर्चा करने और सरकार को जवाबदेह ठहराने के लिए सर्वोच्च मंच है। इसके सुचारू रूप से चलने से ही देश को प्रभावी ढंग से चलाया जा सकता है, लोगों की ज़रूरतों और चिंताओं को समझा जा सकता है। संसद में आमजन के लिए कानून परित किए जाते हैं, तभी एक विकसित देश की कल्पना साकार होती है। लेकिन देखने में आ रहा है कि विपक्ष हर बार संसद में हंगामा कर समय खराब कर देता है। इससे न सिर्फ देशहित, बल्कि आमजन के मुद्दे भी गौण हो जाते हैं। कानून पारित नहीं हो पाते हैं, जिसका खामियाजा देश को भुगतना पड़ता है। सोमवार से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो चुका है, लेकिन विपक्ष ने पहले ही दिन एसआईआर और वोट चोरी के मुद्दे पर जमकर हंगामा किया। संसद को नहीं चलने दिया। 19 दिसंबर तक चलने वाले कुल 15 बैठकों वाले इस सत्र में केंद्र सरकार संभवतः 14 बड़े विधेयक पेश करने जा रही है, जिन पर सरकार पूर्ण बहुमत के साथ पारित करवाने पर जोर देगी। इसमें असैन्य परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने से लेकर कॉर्पोरेट और बीमा कानूनों में बदलाव तक कई अहम प्रस्ताव शामिल हैं। इन सभी का लाभ लोगों को मिलना है। अगर विपक्षी दल ऐसे ही हंगामा करते रहे तो ये बिल कैसे संसद में पेश हो पाएंगे और लोगों को कैसे इसका लाभ मिल पाएगा। रविवार को सर्वदलीय बैठक के बाद सोमवार को भी सरकार ने स्पष्ट कर दिया कि वह सभी मुद्दों पर चर्चा करने को तैयार है, लेकिन विपक्ष संसद को चलने दे। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि संसद 'ड्रामा' करने की जगह नहीं है, यह काम करने की जगह है। विपक्ष संसद को चुनावी हार के बाद हताशा निकालने का मंच बना रहा है। सत्र को राजनीतिक ड्रामे का रंगमंच नहीं बनाया जाना चाहिए, बल्कि यह रचनात्मक और परिणामोन्मुखी बहस का मंच होना चाहिए। यदि विपक्ष चाहे तो वह उसे राजनीति में सकारात्मकता लाने के कुछ सुझाव देने को तैयार हैं। मोदी ने कहा कि 'हमें ज़िम्मेदारी की भावना से काम करने की ज़रूरत है। संसद ड्रामा करने की जगह नहीं है, यह काम करने की जगह है।' वहीं, कांग्रेस का आरोप है कि सरकार सत्र छोटा रखकर संसद को 'डिरेल' करना चाहती है। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने सभी दलों के नेताओं से अलग-अलग बातचीत की। उन्होंने कहा कि सर्दियों का मौसम है, उम्मीद है सब लोग ठंडे दिमाग से काम करेंगे। बहस हो, लेकिन व्यवधान नहीं। शांत माहौल देश के लिए फायदेमंद होगा और संसद सुचारू चलेगी। संसद में सभी जरूरी मुद्दों पर सार्थक बहस होनी चाहिए, ताकि सभी को कानूनों का लाभ मिल सके और आमजन के मुद्दों को उठाने, जनहित में कानून पास करवाने और देश के विकास के लिए संसद का चलना बेहद जरूरी है। बीते कुछ वर्षों से धारणा बनी है कि सदन चलाने की जिम्मेदारी केवल सरकार की है, जबकि सदन दोनों पक्षों की सहमति और जिम्मेदारी है। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने ठीक ही लिखा था कि संसदीय प्रणाली में न केवल सशक्त विरोधी पक्ष की आवश्यकता होती है, बल्कि सरकार और विरोधी पक्ष के बीच सहयोग भी आवश्यक होता है। हम जहां तक ऐसा करने में सफल होंगे, वहां तक हम संसदीय जनतंत्र की ठोस नींव रखने में सफल होंगे।



मुद्दा
मनोज कुमार अग्रवाल

# सोनिया-राहुल के गले की फांस बना हेराल्ड

नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सोनिया गांधी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। आर्थिक अपराध शाखा ने राहुल और सोनिया समेत 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपों के मुताबिक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की दो हजार करोड़ रुपये की संपत्ति महज 50 लाख रुपये में हड़प ली गई थी। इस मामले में एजेएल ने 6 लोगों और 3 कंपनियों को आरोपी बनाया है। नेशनल हेराल्ड केस की जांच कर रही ईडी की शिकायत पर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने केस दर्ज किया है। कांग्रेस से जुड़ी एसोसिएटेड जर्नल्स को धोखाधड़ी से कब्जाने की साजिश का आरोप लगा है।

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री एवं राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी और उनके बेटे एवं लोकसभा सांसद राहुल गांधी की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती दिखाई दे रही हैं। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने नेशनल हेराल्ड केस में मामला दर्ज किया है। आरोपों के मुताबिक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की दो हजार करोड़ रुपये की संपत्ति 50 लाख रुपये में खरीदी गई थी। इस मामले में दोनों नेताओं के खिलाफ अब दिल्ली पुलिस ने नई प्राथमिकी दर्ज की है। इसमें सोनिया और राहुल के अलावा कुल छह अन्य लोगों और तीन कंपनियों के नाम शामिल हैं। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सोनिया गांधी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। आर्थिक अपराध शाखा ने राहुल और सोनिया गांधी समेत 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपों के मुताबिक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिडेट की दो हजार करोड़ रुपये की संपत्ति महज 50 लाख रुपये में हड़प ली गई थी। इस मामले में एजेएल ने 6 लोगों और 3 कंपनियों को आरोपी बनाया है। नेशनल हेराल्ड केस की जांच कर रही ईडी की शिकायत पर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने केस दर्ज किया है। कांग्रेस पार्टी से जुड़ी एसोसिएटेड जर्नल्स को धोखाधड़ी से कब्जाने की साजिश का आरोप लगा है।

सूत्रों के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड केस की जांच पूरी करने के बाद अपनी रिपोर्ट दिल्ली पुलिस को सौंपी थी। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने 3 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज की। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि कांग्रेस के स्वामित्व वाली संस्था एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) का अधिग्रहण धोखाधड़ी के जरिए किया गया। एसोसिएट जर्नल की कुल संपत्ति लगभग 2000 करोड़ रुपये बताई गई है। यह अधिग्रहण यंग इंडियन के माध्यम से किया गया था, जिसमें गांधी परिवार की 76 फीसदी हिस्सेदारी बताई जाती है। आपको बता दें कि नई एफआईआर में सोनिया और राहुल गांधी के अलावा इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा और तीन अन्य व्यक्तियों के नाम भी दर्ज किए गए हैं। जिन कंपनियों को एफआईआर में शामिल किया गया है, उनमें एजेएल, यंग इंडियन और डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। एफआईआर में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और विश्वासघात जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इडी ने 9 अप्रैल, 2025 को सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और डोटेक्स के प्रमोटर के खिलाफ नेशनल हेराल्ड/एसोसिएटेड जर्नल्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक चार्जशीट दायर की थी। यहां आपको बता दें कि ताज़ा एफआईआर में सोनिया गांधी (आरोपी संख्या 1) राहुल गांधी (आरोपी संख्या 2) सुमन दुबे (आरोपी संख्या 3) सैम पित्रोदा (आरोपी संख्या 4) मेसर्स यंग इंडियन (आरोपी संख्या 5) मेसर्स डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड (आरोपी संख्या 6) सुनील भंडारी (आरोपी संख्या 7) बनाए गए हैं। आरोप है कि कोलकाता स्थित तीन फर्जी कंपनियों के माध्यम से यंग इंडियन को 1 करोड़ रुपये दिए गए और सिर्फ 50 लाख रुपये में एसोसिएट जर्नल का अधिग्रहण किया गया, जबकि एसोसिएट जर्नल की संपत्ति 2,000



करोड़ रुपये आंकी गई है। माना जा रहा है कि दिल्ली पुलिस जल्द ही एजेएल के शेयरधारकों से पूछताछ कर सकती है। गांधी परिवार पर आरोप है कि इस संपत्ति को हड़पने के लिए यंग इंडियन और डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड नाम की फर्जी का इस्तेमाल किया गया। ये कंपनियां कथित तौर पर कोलकाता की एक शेल कंपनियां हैं, जिसने यंग इंडिया को एक करोड़ रुपये दिए थे, जिससे गांधी परिवार ने कांग्रेस को 50 लाख रुपये देकर एसोसिएट जर्नल को कथित तौर पर 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति खरीदने के लिए कहा था।

गौरतलब है कि भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने 1938 में नेशनल हेराल्ड अखबार की शुरूआत की थी। इसकी संपत्ति दिल्ली, मुंबई, लखनऊ समेत कई शहरों में फैली थी। एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड नाम की कंपनी अखबार के प्रबंधन का जिम्मा संभालती थी। आरोपों के मुताबिक जिस वक्त नेशनल हेराल्ड की संपत्ति गांधी परिवार को महज 50 लाख रुपये में बेची गई उस वक्त उसकी कीमत 2,000 करोड़ रुपये थी। पता रहे नेशनल हेराल्ड केस में 2008 से 2014 के बीच मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं। वर्ष 2014 में भाजपा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी की निजी शिकायत के आधार पर दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने इस मामले पर संज्ञान लिया था। 9 अप्रैल को गांधी परिवार समेत अन्य लोगों के खिलाफ धन शोधन के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आपको बता दें गांधी परिवार ने पटियाला हाउस कोर्ट के आदेश को दिल्ली उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट दोनों में चुनौती दी, लेकिन अदालतों ने कोई राहत नहीं दी। चूंकि यह मामला हजारों करोड़ की एजेएल की संपत्तियों और शेयरों के रूप में अपराध की आय बनाने, कब्जे और उपयोग से संबंधित है, इसलिए 752 करोड़ मूल्य की एजेएल की संपत्तियों को सुरक्षित करने के लिए इडी ने 20 नवंबर 2023 को अटैच करने का आदेश जारी किया था, जिसकी निर्णायक प्राधिकारी ने पुष्टि कर दी है। इडी की जांच रिपोर्ट आयकर विभाग के यंग इंडियन के मामले में 27 नवंबर 2017 के आदेश को और आगे बढ़ाती है। 2017 में, आईटी विभाग ने यंग इंडियन के हाथों एजेएल की संपत्तियों के अवैध अधिग्रहण पर 414 करोड़ रुपये से अधिक की बड़ी टैक्स चोरी पाई थी। हालांकि इडी के आरोपों को कांग्रेस पार्टी लंबे समय से खारिज करती आ रही है। कांग्रेस का कहना है कि केंद्र की सत्ताधारी पार्टी बीजेपी एजेंसियों का इस्तेमाल कर गांधी परिवार को परेशान कर रही है। कांग्रेस ने लगातार आरोपों को गलत बताया है और इडी पर सरकार के कहने पर राजनीतिक चाल चलने का आरोप लगाया है। दूसरी तरफ, बीजेपी इसे कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार का भ्रष्टाचार बताती रही है। भाजपा तो शुरू से ही कहती आई है कि कांग्रेस के नेताओं ने बड़े_बड़े घोटालों को अंजाम दिया है और देश को लूटने का काम किया है। अब नेशनल हेराल्ड मामले में संसद सत्र शुरू होने से ठीक पहले नई एफआईआर दर्ज होना भाजपा द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को बल दिया है। वहीं संसद सत्र के समय सत्तापक्ष के हाथों कांग्रेस नेताओं के खिलाफ एक और बड़ा मुद्दा दे दिया है। देश के राजनीतिक हलके में ताजा एफआईआर से हड़कंप मच गया है कयास लगाए जा रहे हैं कि राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड मामले के आगे बढ़ने पर नेता प्रतिपक्ष पद भी छोड़ना पड़ सकता है। संभावना है कि अब सरकार विपक्ष पर हावी होने के लिए नई स्टेट्रजी बना कर काम कर रही है और जल्द ही कुछ अहम बिल सरकार संसद में लाएगी और अपने अजेंडा को प्रभावी बनाएगी। वहीं, इस एफआईआर के बाद चर्चा है कि कांग्रेस बैकफुट पर दिखाई देगी। अब देखना है कि संसद सत्र में क्या होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मेजबानी
रोहित माहेश्वरी



# ओलंपिक की मेजबानी वाया राष्ट्रमंडल गेम्स

दुनियाभर में खेलों को लेकर अलग ही रोमांच देखने को मिलता है, क्योंकि खेल के मैदान में खिलाड़ियों के धैर्य, ताकत और हौसले की काबिले तारीफ जुगलबंदी देखने को मिलती है। इस संदर्भ में बात करें तो इस बार भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी का अधिकार मिल गया है, जिसमें अहमदाबाद को मेजबान शहर घोषित किया गया है। यह ऐतिहासिक घोषणा 26 नवंबर को ग्लासगो में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल महासंघ की महासभा में की गई। भारत ने पिछली बार 2010 में दिल्ली में इन खेलों की मेजबानी की थी। कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन किसी भी देश के लिए सिर्फ खेल आयोजन नहीं, बल्कि उसकी अंतरराष्ट्रीय छवि, विकास क्षमता, इन्फ्रास्ट्रक्चर और विजन का प्रतीक माना जाता है। अब तक ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, कनाडा और न्यूजीलैंड सहित कुल 9 देश इसकी मेजबानी कर चुके हैं। भारत को दूसरी बार मेजबानी के अधिकार मिले हैं। कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी मिलने से ओलंपिक गेम्स 2036 की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी और मजबूत होगी। भारत 2036 के ओलंपिक गेम्स की मेजबानी की तैयारी कर रहा है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने लाल किले से इसका ऐलान भी किया था। पिछले साल नवंबर में भारत ने ओलंपिक गेम्स-2036 की मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश की थी। साल 2029 में विश्व पुलिस खेल की मेजबानी की भी तैयारी की जा रही है। भारत ने वर्ष 2010 में नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल में कुल 101 पदक जीते थे, जिसमें 38 स्वर्ण शामिल थे। इनमें से 30 पदक सिर्फ शूटिंग से आए थे। वर्ष 2022 में भारत ने कुल 61 पदक जीते, जिनमें 22 स्वर्ण शामिल थे। बर्मिंघम में हुए राष्ट्रमंडल खेल में शूटिंग को शामिल नहीं किया गया था। कॉमनवेल्थ गेम्स का इतिहास बेहद दिलचस्प है। यह एक मल्टी-स्पोर्ट्स अंतरराष्ट्रीय आयोजन है, जिसमें ब्रिटिश शासन वाले देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं। फिलहाल, इसमें 54 सदस्य देश हैं। इन गेम्स की शुरुआत 1930 में कनाडा के हैमिल्टन शहर से हुई थी। पहले इसे ब्रिटिश एम्पायर गेम्स कहा जाता था। 1978 से इसका नाम 'कॉमनवेल्थ गेम्स' हो गया। 2030 के आयोजन में कॉमनवेल्थ गेम्स को 100 साल पूरे होंगे। राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी भारत की आर्थिक उन्नति, आधारभूत ढांचे, खेल की व्यवस्थाओं की बड़ी सफलता की शुरुआत है। अहमदाबाद में कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 के आयोजन के लिए तैयारियां पहले से ही शुरू हो चुकी हैं। यहां खिलाड़ियों, अधिकारियों और दर्शकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की तैयारी जोर-शोर पर है। मुख्य वेन्यू के तौर पर नरेंद्र मोदी स्टेडियम, नारणपुरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स एंक्लेव को प्रस्तावित किया है। भारत ने 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी पर लगभग 70,000 करोड़ रुपये खर्च किए थे, जबकि शुरुआती अनुमान 1600 करोड़ रुपये खर्च होने का था। चार साल में एक बार होने वाले इन खेलों में 72 देश हिस्सा लेते हैं, जिनमें से ज़्यादातर पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश हैं। बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व संयुक्त सचिव (खेल) कुणाल, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा और गुजरात के खेल मंत्री हर्ष संघवी सहित अन्य लोगों ने किया। कॉमनवेल्थ गेम्स में 70 से अधिक देश भाग लेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि यह खेल प्रतिस्पर्धा काफी बड़े पैमाने पर आयोजित की जाएगी। ऐसे में इस खेल आयोजन को सफल बनाने के लिए जो भी व्यवस्था की जाएगी, वह उच्च स्तरीय होनी चाहिए, ठीक वैसी जैसी ओलंपिक के दौरान होती है। इस तरह की खेल सुविधाएं-जिन्हें सस्टेनेबल स्पोर्ट्स इकोसिस्टम कहते हैं-विशेषकर जो हमारे युवा वर्ग हैं, उन्हें खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा। इस इकोसिस्टम के तहत जब हमारे युवा खिलाड़ी तैयार होकर निकलेंगे, तो उन्हें बहुत लाभ मिलेगा। हालांकि एक तथ्य यह भी है कि जो खिलाड़ी कॉमनवेल्थ 2030 में खेलेंगे, उनमें से 70-80 प्रतिशत ओलंपिक 2036 में नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि उनकी उम्र अधिक हो चुकी होगी। यहां सरकार की जवाबदेही भी काफी बढ़ जाती है। समय पर उच्च स्तरीय अवसंरचनाओं का निर्माण करना कोई हंसी-खेल नहीं है। इसके लिए युद्धस्तर पर तैयारी करनी होगी। तैयारी में किसी तरह की कोई कमी न रहे, इसकी निगरानी करनी होगी। जब हम ऐसा करेंगे तभी जाकर सच्चे अर्थों में 2036 ओलंपिक की मेजबानी की दावेदारी कर पाने में सक्षम हों पायेंगे, क्योंकि ओलंपिक में 200 से अधिक देश भाग लेते हैं। इस आयोजन के लिए सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद होनी चाहिए। इसमें तनिक भी चूक देश की प्रतिष्ठा को मिट्टी में मिला देगी।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# स्ट्रांग रिलेशनशिप के लिए इन बातों की बांध लें गांठ



संकलित
दर्शन

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। आपके भीतर संवेदना तथा प्रवृत्तियों के अवलोकन के साथ संस्कारों का अवलोकन भी आवश्यक है।

# गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित
प्रेरणा

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। राजा को शिक्षा ग्रहण करते हुए कई महीने बीत गए, मगर राजा को कोई लाभ नहीं हुआ। गुरु तो रोज खूब मेहनत करता थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिए। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजिएगा, मैं कई महिनो से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दिया: राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है.. गुरुवर कृपा कर के आप शीघ्र इस प्रश्न का उत्तर दीजिए, राजा ने विनती की। गुरूजी ने कहा: राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहाँ पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊँचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है।

## सटाका




## आज की पाती

**आतंक पर निर्णायक सख्ती जरूरी**

भारत एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां आतंकवाद का स्वरूप बदलकर और भी जटिल और खतरनाक हो चुका है। राजधानी दिल्ली से लेकर देश के विभिन्न शहरों में हाल की घटनाएं केवल हिंसक वारदातें नहीं, बल्कि यह चेतावनी हैं कि हमारी सुरक्षा संरचनाओं में अभी भी जितनी मजबूती और तत्परता होनी चाहिए, वह नहीं है। हर विस्फोट केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि यह प्रश्न भी है कि एक उभरती वैश्विक शक्ति के रूप में भारत क्या अपनी आंतरिक सुरक्षा को उसी गंभीरता से देख रहा है, जैसी दुनिया के विकसित राष्ट्र देखते हैं? अमेरिका ने 9/11 की भयावहता के बाद आतंकवाद को गंभीर खतरे के रूप में लिया। – **मनोज त्रिपाठी**, धमतरी

## ट्रेंड

### नगालैंड के लोगों को बधाई



नगालैंड के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई! समृद्ध संस्कृति और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर नगालैंड सतत विकास में सराहनीय प्रगति कर रहा है। लोगों के उज्ज्वल, समृद्ध और शांतिपूर्ण भविष्य' की कामना। **-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### ये मेरा विश्वास



शीतकालीन सत्र सिर्फ एक परम्परा नहीं है, ये राष्ट्र को प्रगति की ओर तेज गति से आगे ले जाने का प्रयास है। ये जो प्रयास चल रहे हैं, उसमें ऊर्जा भरने का ये शीतकालीन सत्र काम करेगा। मेरा यह दृढ़ विश्वास है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### जीपीएस स्पूफिंग हुई



जीपीएस स्पूफिंग की घटनाएं तब हुई जब विमान आईजीआई के रनवे 10 पर जीपीएस बेस्ड लैंडिंग प्रोसेस का यूज कर रहे थे। विमानों को गलत और धोखा देने वाले नेविगेशन सिग्नल मिले। इस स्पूफिंग का दूसरे रनवे पर कोई असर नहीं हुआ, क्योंकि उन पर ट्रेडिशनल ग्राउंड बेस्ड नेविगेशन सिस्टम यूज किया जाता है। **-किंजरापु राममोहन नायडू, केंद्रीय मंत्री**

### बीएलओ को ट्रेनिंग नहीं दी



चुनाव आयोग ने बीएलओ को ट्रेनिंग नहीं दी। उसने गड़बड़ियों को सही नहीं किया। वोटर रोल अपडेट नहीं है। बिना प्लान के एसआईआर से 40 लोगों की मौत हुई। सरकार की जबावदेही कहां है। इस मामले में चुनाव आयोग व सरकार को जवाब देना चाहिए कि ऐसा क्यों हो रहा है।

**-अभिषेक बनर्जी, टीएमसी सांसद**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# ईसा पर बनी दुर्लभ पेंटिंग 27 लाख डॉलर में बिकी

बारोक काल के महान चित्रकार पीटर पॉल रूबेन्स की एक लंबे समय से खोई हुई पेंटिंग रविवार को वर्सलीज में हुई नीलामी में 27 लाख डॉलर में बिकी। यह पेंटिंग चार सदी से अधिक समय बाद हाल में पेरिस के एक निजी टाउनहाउस में मिली थी। इसमें ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाए जाने का दृश्य दर्शाया गया है। यह एक फ्रांसीसी संग्रह का हिस्सा थी और शुरू में यह माना जा रहा था कि यह उस समय मौजूद रूबेन्स की कई कार्यशालाओं में से किसी एक में बनाई गई कृति है। नीलामीकर्ता जीन-पियरे ओसेना ने बताया, ''मुझे इस पेंटिंग को देखकर तुरंत एक एहसास हुआ और मैंने इसे प्रमाणित करवाने के लिए हर संभव प्रयास किया और अंत में हम इसे एंटवर्प स्थित रूबेन्स समिति 'रुबेनियानम' से प्रमाणित करवाने में सफल हुए।'' रूबेन्स पर शोध के लिए प्रसिद्ध विशेषज्ञ निल्स ब्यूट्नर ने नीलामी से पहले बताया कि मशहूर कलाकार ने सूली पर चढ़ाए जाने के दृश्य अक्सर चित्रित किए लेकिन ''उन्होंने बहुत कम अवसरों पर सूली पर मृत अवस्था में ईसा मसीह को दर्शाया।' उन्होंने कहा, ''यह एकमात्र ऐसी पेंटिंग है जिसमें ईसा मसीह के पार्श्व-घाव से रक्त और पानी बहते हुए दिखाया गया है और रूबेन्स ने इसे सिर्फ एक बार बनाया था।''



## ऑफ बीट

# पहले गठिया केवल अमीरों की बीमारी थी

गठिया 'क्रिस्टल आर्थ्रोपेथी' समूह का एक रोग है, जो जोड़ों और मुलायम ऊतकों में 'क्रिस्टल' जमने के कारण होता है। गठिया तब विकसित होता है, जब खून में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ जाता है और यह जोड़ों में पहुंचकर सुई-नुमा 'क्रिस्टल' का रूप अख्तियार कर लेता है, जिससे तीव्र दर्द और सूजन की शिकायत सताती है। यह आमतौर पर पैर के अंगूठे से शुरू होता है और इसमें त्वचा पर हल्का-सा स्पर्श भी अक्सर असहनीय लगता है। गठिया के कुछ मरीज अपने पैर के ऊपर एक विशेष पिंजरा रखकर सोते हैं, जिससे चादर सीधे उनके पैर पर नहीं पड़ती, क्योंकि वे प्रभावित जोड़ों पर चादर का भार भी सहन करने की स्थिति में नहीं होते। गठिया अन्य जोड़ों को भी प्रभावित कर सकता है। यह 'टोफी' (नरम ऊतकों या जोड़ों के पास की हड्डियों में मोनोसोडियम यूरेट का पत्थर जैसा जमाव) विकसित होने का कारण बन सकता है। गठिया का निदान असहनीय दर्द, प्रभावित जोड़ों में और उनके आसपास सूजन तथा लालिमा जैसे आम लक्षणों पर आधारित है। सूजे हुए जोड़ से लिए गए तरल पदार्थ की माइक्रोस्कोप से जांच किए जाने के दौरान 'क्रिस्टल' दिखाई दे सकते हैं। इसके अलावा, रक्त परीक्षण में आमतौर पर यूरिक एसिड का स्तर बढ़ा हुआ मिलता है।



## खबर संक्षेप



### जांच शिविर में 120 लोगों ने कराई जांच

**संतनगर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय और गुलमोहर पूज्य सिंधी पंचायत के संयुक्त प्रयासों से निःशुल्क दृष्टिदोष एवं दंत रोग परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष संजय रमतानी, महासचिव देवानंद जेठानी, मुख्य सलाहकार डी.एम. मोटवानी, सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के ट्रस्टी सुरेश आवतरामानी एवं तुलसीदास आडवानी उपस्थित रहे। शिविर में कुल 120 लोगों ने अपनी आंखों एवं दंत रोगों का परीक्षण कराया। इसमें से 4 लोगों में मोतियाबिंद की पुष्टि होने पर उनका सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में ऑपरेशन किया गया। दंत रोगियों में ऑर्थोडॉन्टिक ब्रेसिज़ के 16, रूट कैनाल ट्रीटमेंट के 35, स्केलिंग और पॉलिशिंग के 30, दांत उखड़ने के 29, डेंटल फिलिंग के 10 मरीज पाए गए।

### सात दिवसीय राम कथा का आयोजन 7 से

**संतनगर।** संत हिरदाराम नगर के समीप कैलाश नगर स्थित साईं बाबा भक्त मंडल द्वारा सात दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा आयोजन 7 से 14 दिसंबर तक किया गया है। कथावाचक डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री श्री वृंदावन धाम द्वारा श्रद्धालुओं को श्री राम कथा का रसपान कराएंगे। कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ होगा, जो दोपहर 1 बजे निकलेगी। श्री राम कथा का आयोजन कैलाश नगर स्थित साई बाबा मंदिर परिसर में दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगा। कथा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया यहां सभी सदस्यों को जिम्मेदारी सौंप गई।

### गांजा तस्करी के दोषी को 2 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** मादक पदार्थ गांजा तस्करी कर भोपाल लाकर अवैध रूप से बेचने वाले आरोपी मनीष शर्मा पुत्र मनोहर लाल शर्मा (23) निवासी वार्ड 10 रायता तलाई सलामतपुर जिला रायसेन मप्र को विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) डॉ. मुकेश कुमार मलिक ने एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा-8 (सी) सहपठित धारा-20 (बी) के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 2 वर्ष के सश्रम कारावास और 5000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। विशेष लोक अभियोजक नीरेंद्र शर्मा और विक्रम सिंह द्वारा प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी की।

### पटेल बने नगरीय प्रकोष्ठ के कार्यवाहक अध्यक्ष

**औबेदुल्लागंज।** युवा कांग्रेस नेता पंकज शर्मा ने बताया कि युद्धवीर सिंह पटेल को नगरीय प्रकोष्ठ का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है। युद्धवीर सिंह पटेल भोजपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक राजेश पटेल के सुपुत्र हैं। इस अवसर पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा, पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल, उमसिंगर पंकज शर्मा, गोविंद सिंह ठाकुर, हेमंत गिरी गोस्वामी आदि लोगों ने बधाई दी।



### गरीबों को नहीं मिल रहा योजना का लाभ

**तामोट।** रमेश प्रजापति और राकेश विश्वकर्मा को तामोट में अंत्येष्टि कराने तक के पैसे नहीं दिए। इस अवसर तामोट ग्राम के पंचों, राजकुमार पटेल एवं बाबूलाल ने बताया कि तामोट पंचायत में गरीबों शासन की योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। योजनाओं के लाभ में पक्षपात किया जाता है। प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय एवं गरीबों को मिलने वाली शासन से सहायता की जानकारी भी नहीं दी जाती। इस पर तामोट के भाजपा नेताओं में रोष है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 5049 | | |
| दिन: | 557 | 78 | 990 |
| रात: | 148 | 38 | 468 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 369 | 88 | 567 |
| रात: | 148 | 34 | 130 |

# एक रात में 6 घरों से लाखों की चोरी करने वाला हरियाणा का शातिर नकबजन गिरफ्तार, 20 लाख रु. का मशरूका बरामद

### डेढ़ सौ ग्राम सोने व एक किलो चांदी के जेवरात जब्त, एक्टिवा चोरी कर दिया वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**टॉवर कनेक्टिविटी के माध्यम से पुलिस ने इंदौर से दबोचा, चैन्नई था अगला टॉरगेट**

अयोध्या नगर पुलिस को एक अंतरराज्यीय शातिर नकबजन को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। आरोपी ने मई 2025 में अयोध्या नगर की एक पॉश कॉलोनी में नकबजनी की आधा दर्जन वारदातों को अंजाम देकर सनसनी फैला दी थी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर 150 ग्राम सोने और एक किलो चांदी के जेवरात समेत 20 लाख रुपए का मशरूका बरामद किया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी गूगल मेप पर एरिया चिन्हित कर सूने व ताला लगे मकानों की रेकी करता था और मौका मिलते ही वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाता था। पूछताछ में उसने बताया कि उसका अगला टॉरगेट चैन्नई शहर था। थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने बताया कि अयोध्या नगर थाना क्षेत्र की एक पॉश कॉलोनी में मई 2025 में चोरी व नकबजनी की आधा दर्जन वारदातें हुई थीं। पुलिस ने सभी मामलों में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र भी सक्रिय कर दिया गए।



पुलिस ने जब्त किया मशरूका।

**अयोध्या नगर की एक पॉश कॉलोनी में नकबजनी की आधा दर्जन वारदातों को अंजाम देकर सनसनी फैलाई**

#### टेक्निकल इनपुट से पुलिस को मिली मदद

तकनीकी सहायता और मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने इंदौर से अंतरराज्यीय नकबजन विजेन्द्र उर्फ बंटू को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने मई माह में हुई चोरी व नकबजनी की 6 वारदातों को अंजाम देना कुबूल किया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर 150 ग्राम सोने और एक किलो चांदी के जेवरात समेत करीब 20 लाख रुपए का मशरूका बरामद किया है। आरोपी विजेन्द्र उर्फ बंटू (46) मूलरूप से ग्राम भिंडवासा थाना बैरी जिला झज्झर हरियाणा का रहने वाला है और इन दिनों वह दुगार्पुर रोड मंगल रेसीडेंसी वडनेरा अमरावती महाराष्ट्र में रह रहा था।

#### टॉवर कनेक्टिविटी से धरा गया

आरोपी विजेन्द्र जांगीड़ दिखावे के लिए पुरानी गाडियां खरीदने व बेचने का काम करता था। उसके खिलाफ हरियाणा, महाराष्ट्र, राजस्थान और मध्य प्रदेश में चोरी व नकबजनी की करीब 28 अपराध पंजीबद्ध हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी आदतन चोर है और किशोर अवस्था से ही चोरी व नकबजनी की वारदातों को अंजाम देने लगा था। अयोध्या नगर में एक ही रात में चोरी की आधा दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देकर आरोप ने सनसनी फैला दी थी। फुटेज से मिले सुराग में आरोपी की तस्वीर काफी धुंधली दिख रही थी। चेहरा स्पष्ट न दिखाई देने के कारण पुलिस ने अपना सारा ध्यान टॉवर कनेक्टिविटी पर लगाया और लोकेशन के आधार पर पीछा करती हुई पुलिस ने उसे इंदौर से हिरासत में ले लिया।

**गूगल मेप से खोजता था ठिकाना-** पुलिस ने बताया कि आरोपी गूगल मेप से अलग-अलग शहरों की पॉश कॉलोनी की लोकेशन खंगालता था। भोपाल पहुंचने के बाद उसने लोगों ने पॉश कॉलोनियों में बारे में जानकारी ली और अयोध्या नगर पहुंच गया। वहां उसने एक कॉलोनी से एक्टिवा चोरी की और उसी एक्टिवा पर सवार होकर एक के बाद एक छह घरों के ताले चटकाकर लाखों रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिया। आरोपी ने चोरी करने से पहले गूगल मेप से कॉलोनी की लोकेशन खंगाली थी।

### चूनाभट्टी इलाके में रविवार रात हुआ हादसा

# खड़ी कार से टकराया ई-रिक्शा, मां की गोद से उछलकर गिरा मासूम... मौत

**कोलार में सगाई समारोह में शामिल होने ई-रिक्शा से जा रहा था परिवार**

**हादसे में उसकी मां और दादा समेत तीन लोग घायल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के चूनाभट्टी इलाके में रविवार रात ई-रिक्शा पलटने से नौ महीने की मासूम की मौत हो गई। वह अपनी मां की गोद से उछलकर जमीन पर जा गिरा था। हादसे में उसकी मां और दादा समेत तीन लोग घायल हो गए। हादसा खड़ी कार में ई-रिक्शा टकराने से हुआ। परिवार कोलार में सगाई में शामिल होने जा रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक पत्रकार कॉलोनी में रहने वाले शिव कुमार मजदूरी करते हैं। रविवार रात शिवकुमार की पत्नी सुरेखा अपने नौ माह के बेटे प्रथम को गोद में लेकर ई-रिक्शा से कोलार जा रहीं थीं। ऑटो में सुरेखा नौ माह के बेटे प्रथम के साथ, दादा मोहन ठाकुर के अलावा पांच अन्य लोग भी सवार थे। तभी रास्ते में सड़क किनारे खड़े वाहन से टकराने के बाद ऑटो पलट गया। हादसे में मासूम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुरेखा और मोहन ठाकुर के अलावा एक अन्य महिला भी घायल हो गई। हादसे की खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। साथ ही घायलों का इलाज कराया। अब पुलिस ई-रिक्शा चालक के खिलाफ केस दर्ज करने की तैयारी कर रही है।



पोस्टमार्टम का इंतजार करते मर्चुरी के बाहर खड़े परिजन।

#### ई-रिक्शा के चालक की लापरवाही

प्रथम की बुआ का रिश्ता तय करने के लिए परिवार ई-रिक्शा में सवार होकर कोलार के लिए निकला था। मृतक के ताऊ शेलेंद्र कुमार ने बताया कि सबसे छोटे भाई की शादी फिक्स की है। रविवार को उसकी सगाई का कार्यक्रम कोलार में आयोजित किया गया था, जिसमें शामिल होने परिवार जा रहा था। तभी रास्ते में हादसा हुआ और नौ महीने के भतीजे की मौत हो गई। घटना ई-रिक्शा के चालक की लापरवाही से हुई, जिसने खड़ी कार में ई-रिक्शा टकरा दिया।

### पुलिस ने नौकरानी को किया गिरफ्तार, डेढ़ लाख के जेवर बरामद

**भोपाल।** शाहपुर पुलिस ने चोरी करने वाली नौकरानी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से डेढ़ लाख के सोने चांदी की जेवर की बरामद किए हैं। 44 साल के रहने वाले शोभाराम ने शिकायत दर्ज कराई थी कि महाकाली समिति तिरंगा में उनके घर में रखे सोने की चेन और अन्य सामान चोरी हो गया है। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए बताया कि संतोष भाई बाबा नगर की रहने वाली है। उससे पूछताछ की गई। उसने बताया कि वह घर में गई थी। अकेलेपन का फायदा उठाकर सोने चांदी की जेवर लेकर आ गई। जिसके बाद महिला को गिरफ्तार किया है और माल भी बरामद कर लिया है।

### मदद के लिए आए युवकों को कारोबारी ने मारा मुक्का

# कारोबारी ने भीड़ में लहराई रिवॉल्वर 20 मिनट तक चला हाई वॉल्टेज ड्रामा

- *राजधानी के फतेहगढ़ स्थित राजू टी स्टॉल के सामने हुई वारदात*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**लोगों ने कारोबारी को पकड़कर पुलिस को सौंपा**



भीड़ में रिवॉल्वर हवा में लहराते हुए कारोबारी विनोद शर्मा।

राजधानी के फतेहगढ़ स्थित राजू टी स्टॉल के सामने रविवार देर रात करीब बीस मिनट तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला। जहां एक स्विफ्ट कार में आए कारोबारी ने भीड़ के बीच लाइसेंसी रिवॉल्वर को हवा में लहरा दिया।

इस दौरान कारोबारी नशे में बताए जा रहे हैं। उन्होंने एक युवक के साथ मारपीट भी की। लोगों ने उन्हें पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने 27 आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। प्रधान आरक्षक नसीम खान ने बताया कि विनोद शर्मा ईदगाह हिल्स में रहते हैं और पोल्ट्री फॉर्म का संचालन करते हैं। उनके पास में लाइसेंसी रिवॉल्वर है। रविवार रात राजू स्टॉल के सामने से गुजरते वक्त उनकी कार का टायर फट गया। कार को रोकते ही मौके पर मौजूद कुछ युवक उनकी ओर बड़े, नशे में होने के कारण कारोबारी को लगा कि भीड़ उन पर हमला करने आ रही है। लिहाजा उन्होंने अपनी रिवॉल्वर को हवा में लहरा दिया। इससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसी बीच विनोद ने एक युवक को मुक्के भी मारे, लोगों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। बाद में पुलिस ने विनोद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली।

### नगर निगम के विरुद्ध प्रस्तुत याचिका सुनवाई के बाद खारिज

**भोपाल।** नगर निगम, संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश विभाग मप्र शासन एवं वंशपति स्मृति शिक्षा समिति के विरुद्ध लेक व्यू एनक्लेव अपार्टमेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा प्रस्तुत की गई याचिका को जिला न्यायाधीश जयंत शर्मा ने सुनवाई के बाद याचिका को सारहीन होने से निरस्त कर दिया। मेसर्स अंसल हाउसिंग कन्स्ट्रक्शन लिमिटेड द्वारा अंसल लेक व्यू के नाम से श्यामला हिल्स धर्मपुरी में 180 आवासों का निर्माण किया गया है। अपार्टमेंट में संजीव सक्सेना एवं प्रीति पटेल द्वारा अवैध रूप से उनकी निजी सड़क पर उपयोग किए जाने से रोकने के लिए उनके द्वारा कोर्ट में याचिका पेश की गई थी। प्रकरण में नगर निगम की ओर से संजय गुप्ता ने पैरवी की थी।

### अपहरण और दुष्कृत्स का आरोपी दोषमुक्त

**भोपाल।** 21 वर्षीय युवक का अपहरण कर शराब पीने के लिए रुपए देने की अड़ीबाजी करते हुए उसके साथ के दुष्कृत करने वाला आरोपी सैफ उर्फ फैज को अपर सत्र न्यायाधीश प्रीति साल्वे ने प्रकरण प्रमाणित न पाए जाने पर दोषमुक्त कर दिया। प्रकरण में आरोपी सैफ उर्फ फैज की ओर से नवेद अख्तर हाश्मी अधिवक्ता द्वारा पैरवी की। थाना शाहजहांनाबाद ने 26 सितंबर 2023 को फरियादी युवक ने शिकायत की, जिस पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया।

### सुलेखा चौहान ने कहा- तमोट की अस्पताल और रोड का हो निर्माण

# जनपद सदस्य सुलेखा चौहान के निवास पर पटवा ने की तामोट के विकास पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामोट

विधायक सुरेंद्र पटवा सोमवार को तामोट की जनपद सदस्य सुलेखा चौहान के निवास पर पहुंचे। पटवा ने कहा अस्पताल रोड काफी जर्जर है। इस रोड को मजबूत बनाने के लिए मैं पत्र लिखूंगा। जनपद सदस्य सुलेखा चौहान एवं पूर्व सरपंच संजीव चौहान, रामपाल चौहान, रामकिशोर चौहान, राजकुमार ने तामोट के विकास के लिए पटवा से चर्चा की।

जनपद सदस्य सुलेखा चौहान ने कहा कि तमोट की अस्पताल शीघ्र बने और मुख्य रोड पक्का और मजबूत बने। साथ ही तामोट में फेले अतिक्रमण हटाकर सुंदर और स्वच्छ नगर बनाया जाए। इस पर पटवा ने सुरेखा चौहान के निवास के पीछे बना खलिहान एवं धान के ढेर का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा तामोट ग्राम के आसपास की जमीन बड़ी उपजाऊ है। तामोट में प्लास्टिक पार्क, औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित हो रहा है। प्लास्टिक पार्क में कई फैक्ट्रियों के निर्माण कार्य चालू हैं। पटवा ने कहा रामकिशोर चौहान, पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा के साथी हैं। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ भूपेंद्र नागर, माधव यादव भी उपस्थित रहे।



तामोट पहुंचे पटवा जनपद सदस्य सुरेखा चौहान व अन्य लोगों से चर्चा करते हुए।



### एड्स महामारी के प्रति वैश्विक जागरुकता बढ़ाने दी प्रस्तुति

**संतनगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने सोमवार को विश्व एड्स दिवस के औपचारिक आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐतिहासिक गौहर महल में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य एचआईवी संक्रमण से होने वाली एड्स महामारी के प्रति वैश्विक जागरुकता बढ़ाना था। कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों ने प्रभावशाली प्रस्तुति दी। छात्रों में जागरूकता संदेश को और प्रभावी बनाने के लिए रंगोली और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की।

**नगर परिषद ने जल योजना के तहत खोदी सड़क**

# नल कनेक्शन टूटने से लोगों को दो दिन से नहीं मिल रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद द्वारा जल योजना के तहत पाइप लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान जेसीबी मशीन से कॉलोनी की सड़के खोदी जा रही हैं। सड़क खोदने से कई घरों के पीने के पानी के कनेक्शन तक तोड़ दिए, जिससे उन घरों में लोगों को दो दिन से पानी के लिए यहां-वहां भटकना पड़ रहा है।

वार्ड 13 के पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया ने बताया कि यह रोड अभी आठ माहा पूर्व ही बना था। इस रोड के निर्माण के लिए 4 इंच कंक्रीट डालना तय हुआ था, लेकिन पाइप लाइन के लिए खोदी सड़क में 2 इंच की कंक्रीट निकली, जबकि सड़क निर्माण कार्य के लिए 4 इंच का पेमेंट हुआ है, जो भ्रष्टाचार को उजागर करता है। नगर परिषद औबेदुल्लागंज में कमिशन बाजी का खेल खुलेआम चल रहा है। वार्ड 3 के पार्षद प्रीति अनूप चौधरी विगत 3 साल से नगर परिषद में हो रही गड़बड़ी को उजागर कर रहे पर जिम्मेदार ध्यान नहीं देते।





नगर परिषद ने पाइप लाइन डालने के लिए खोदी सड़क।

#### स्वच्छता अभियान के तहत नहीं हुए कार्य

वार्ड 14 में स्वच्छता अभियान के एंबेसडर पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि स्वच्छता अभियान के लिए करोड़ों आए, मगर कहीं कोई कार्य नहीं हुआ। पार्षद दीपू परमार, सरोज रामेश्वर नागर ने कहा कि हम अनुशासन में बंधे हैं, हम तो विधायक को बताएंगे। इस अवसर पर जब नगर परिषद सीएमओ किरण रहंगडाले से पूछा तो उन्होंने बताया की मैंने जब से कार्यभार संभाला है तब से पुराने कार्यों की बड़ी शिकायत पार्षद कर रहे हैं और पार्षद कमीशन बाजी की भी शिकायत करते हैं।

### उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने विधानसभा सत्र के दौरान की घोषणा

# बैरसिया के महाविद्यालय में आगामी सत्र से शुरू होगी हिंदी साहित्य, राजनीति और इतिहास की पीजी क्लास

**भूमि आवंटित होते ही स्टेडियम निर्माण की आगामी प्रक्रिया शुरू की जाएगी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैरसिया

स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में आगामी सत्र से कला संकाय की हिन्दी साहित्य, राजनीति और इतिहास की पीजी कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। इसकी घोषणा उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने विधानसभा सत्र के दौरान की है।

बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने विधानसभा में शिक्षा मंत्री से प्रश्न पूछा था कि बैरसिया स्थित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय 46 वर्ष पुराना है। यहां पर कला संकाय की पीजी कक्षाएं संचालित नहीं हो रही है। इससे छात्र-छात्राएं परेशान होते है। इस पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने जवाब देते हुए कहा है कि हम अगले सत्र से कला संकाय की हिन्दी साहित्य और इतिहास की कक्षाएं शुरू कर देंगे। बाकी की विषयों पर विचार किया जाएगा।



विधानसभा में विधायक खत्री मंत्री से चर्चा करते हुए।

#### खेल मैदान को लेकर भी लगाया प्रश्न

बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने विधानसभा में पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री से प्रश्न के माध्यम से पूछा है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री की खेल स्टेडियम की घोषणा पर क्या कार्यवाही हुई। इस पर मंत्री विश्वास सारंग ने जवाब देते हुए बताया है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री की घोषणा पर विभाग ने कलेक्टर भोपाल को 27 एकड़ भूमि आवंटन के लिए पत्र लिखा है। भूमि आवंटित होते ही स्टेडियम निर्माण की आगामी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। विधायक विष्णु खत्री ने श्रम मंत्री से विधानसभा में बैरसिया क्षेत्र में असंगठित श्रमिकों को मिलने वाली योजनाओं के लिए प्रश्न लगाया। इस पर मंत्री ने जवाब देते हुए बताया कि बैरसिया विधानसभा क्षेत्र में असंगठित श्रमिकों को शासन की 25 योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इसमें 45387 श्रमिक संबल योजना का लाभ ले रहे है, वहीं कर्मकार कल्याण मंडल के तहत 18,985 श्रमिक पंजीकृत हैं।

### छात्राओं के लिए इंडस्ट्री एक्सपर्ट सत्र का आयोजन

# छात्राओं ने प्रोफेशनल दृष्टिकोण विकसित करने सीखें कौशल

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट फॉर वीमेन ने हाल ही में छात्राओं के लिए इंडस्ट्री एक्सपर्ट सत्र का आयोजन किया, जिसमें बिज़नेस स्टैंडर्ड के रीजनल हेड शिरीष मुदगल ने मार्गदर्शन दिया। ये सत्र छात्राओं के लिए प्रोफेशनल दृष्टिकोण विकसित करने वाला सिद्ध हुआ, जिसमें सीखने, अपनाने और स्वयं को अनुकूलित करने पर विशेष बल दिया गया।

उन्होंने कॅरियर अवसरों, कोर्स प्रमाणपत्रों एवं सॉफ्ट स्किल्स के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि केस स्टडीज़ और नियमित पढ़ने की आदत अत्यंत आवश्यक है। इमोशनल इंटेलिजेंस विषय पर उन्होंने सेल्फ अवेयरनेस, सहानुभूति और भावनात्मक संतुलन की भूमिका को बेहतर कार्य स्थल संबंधों और प्रभावी नेतृत्व से जोड़ा। यह सत्र सहभागितापूर्ण रहा, जिसमें छात्राओं ने ए.आई. के बदलते परिवेश में उद्योग की अपेक्षाओं को गहराई से समझा।



# चॉकलेट के नए फ्लेवर और फॉर्म से चलेगा क्रिसमस का मीठा जादू

## दीपिका खेमरानी की चॉकलेट वर्कशॉप में सजे सांता, क्रिसमस ट्री और कुनाफा-फिल्ड क्रिएशन्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सांता क्लॉज, क्रिसमस ट्री, क्रिसमस हट और केंडल के रूप में इस बार बच्चे चखेंगे चॉकलेट का अनोखा स्वाद। क्रिसमस के रोमांच और मिठास को एक नए अंदाज में पेश करते हुए शहर की प्रसिद्ध चॉकलेट मेकर दीपिका खेमरानी ने एक क्रिसमस स्पेशल चॉकलेट वर्कशॉप का आयोजन किया, जिसमें 50 से अधिक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दीपिका कहती हैं कि चॉकलेट सिर्फ मिठाई नहीं, बल्कि खुशियों की सबसे मीठी भाषा है। यह प्यार का एहसास भी बढ़ाती है और त्योहारों की रौनक भी कई गुना बढ़ा देती है। अगर दिन की शुरुआत चॉकलेट से हो जाए, तो उसकी हर बाइट कहती है जिंदगी थोड़ी और मीठी हो जाए।





चॉकलेट के क्रिसमस ट्री



चॉकलेट का सांता क्लॉज



विभिन्न आकृतियों की बनाई चॉकलेट

### डार्क चॉकलेट की आउटर लेयर और कुरकुरी कुनाफा फिलिंग से बना सांता क्लॉज

इस साल दीपिका क्रिसमस को बच्चों के लिए और खास बनाने जा रही हैं, जहां वे चॉकलेट के नए फ्लेवर और नए फॉर्म में क्रिएशन पेश करेंगी। इसके लिए दीपिका ने हाल ही में एक चॉकलेट वर्कशाप का आयोजन किया, जिसमें प्रतिभागियों ने डार्क, मिल्क और व्हाइट चॉकलेट का उपयोग कर कई थीम-बेस्ड क्रिसमस आइटम बनाना सीखा, जिनकी आकर्षक बनावट और बेहतरीन फ्लेवर ने सभी का मन जीत लिया। दीपिका ने स्वयं डार्क चॉकलेट की मुलायम आउटर लेयर और भीतर भरी कुरकुरी कुनाफा फिलिंग से एक शानदार सांता क्लॉज तैयार किया। वहीं व्हाइट चॉकलेट से बनी खूबसूरत क्रिसमस हट, वर्कशॉप का स्पेशल शोस्टॉपर रही।

### क्रिसमस की खुशियों को ओर भी मीठा बनाने वाला अनुभव बनी वर्कशाप

दीपिका बताती हैं कि बड़े मोल्ड्स का उपयोग करने से चॉकलेट का आर्टवर्क और भी आकर्षक बन जाता है। हमने अधिकांश क्रिएशन्स में डार्क और व्हाइट चॉकलेट की आउटर लेयर का उपयोग किया, जबकि अंदर कुनाफा और अन्य फ्लेवर भरकर उन्हें स्वाद और टेक्सचर दोनों में खास बनाया। क्रिसमस के अवसर पर आयोजित यह वर्कशॉप न केवल सीखने का बेहतरीन प्लेटफॉर्म साबित हुई, बल्कि इसमें शामिल प्रत्येक व्यक्ति के लिए त्योहार की खुशियों को और मीठा बनाने वाला अनुभव भी बनी।



चॉकलेट मेकर दीपिका खेमरानी

## कृति पुरस्कार के लिए 31 दिसंबर तक प्रविष्टि आमंत्रित

**भोपाल।** हिंदी लेखिका संघ मध्य प्रदेश भोपाल प्रतिवर्ष हिंदी साहित्य की विभिन्न विधाओं पर कृति पुरस्कार प्रदान करता है। इसी क्रम में वर्ष 2024-25 के अखिल भारतीय कृति पुरस्कारों हेतु महिला साहित्यकारों से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। इच्छुक लेखिकाएं उपन्यास, कहानी, गीत ,नवगीत, कविता गजल लघुकथा, बाल कविता, बाल कहानी, हास्य एवं व्यंग, नाटक, आलेख आध्यात्मिक साहित्य, निबंध, यात्रा वृतांत, समीक्षा, अनूदित साहित्य, अहिंदी भाषा भाषी लेखिकाओं की हिंदी में रचनाएं आदि विधाओं में अपनी पुस्तकें भेज सकती हैं। 200 रुपए प्रविष्टि शुल्क के साथ अपनी पुस्तक की दो प्रतियां 31 दिसंबर तक डॉ साधना गंगराड़े, प्रांताध्यक्ष, हिन्दी लेखिका संघ को प्रेषित कर सकती है। कृति पुरस्कार वर्ष 2026 में लेखिका संघ के वार्षिक उत्सव में प्रदान किए जाएंगे। पुस्तक प्रकाशन वर्ष 2024-25 में ही होनी चाहिए।

## 'सफाई की चतुर कलाएं' और 'मैं अयोध्या' पुस्तक का विमोचन

**भोपाल।** दुष्यंत संग्रहालय में व्यंग्य लेखक पयोज जोशी की पुस्तक सफाई की चतुर कलाएं और सुनीता शर्मा की पुस्तक में अयोध्या का विमोचन सम्पन्न हुआ। भव्या पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित इन पुस्तकों के विमोचन अवसर पर राजधानी के कई साहित्यकार और साहित्य प्रेमी उपस्थित थे। वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध केंद्र के निदेशक महेश सक्सेना के मुख्य आतिथ्य रहा, अशोक मनवानी का विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## कॉलेजों में पदस्थ सूचना का अधिनियम प्रभारी सहायकों की 4 से ट्रेनिंग

**भोपाल।** राजधानी स्थित आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 4 दिसंबर से शुरू हो रहा है। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किए हैं। भारत सरकार की सूचना के अधिकार अधिनियम परियोजना के तहत सभी 20 जिलों में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 विषय पर जिलास्तरीय प्रशिक्षणों का आयोजन किया जाना है। इन प्रशिक्षणों में डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन के द्वारा संपन्न किए जाएंगे।

### रवींद्र भवन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में देखने को मिली दिव्यांग प्रतिभा संग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित दृश्यावली

# कला, अध्यात्म तकनीक का आलौकिक संसार दर्शाता 'कृष्णायन' तो दिव्यांग कलाकारों ने 'गीता ऑन व्हील्स' से दर्शाया गीता का सार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


गीता जयंती के पावन अवसर पर सोमवार को राजधानी भोपाल अध्यात्म, कला और आधुनिक तकनीक के अद्भुत संगम का साक्षी बना। रवींद्र भवन के हंसध्वनि सभागार में संस्कृति विभाग मप्र तथा वीर भारत न्यास द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में प्रस्तुत हुई 'कृष्णायन' एक ऐसी संगीतमयी कथा रही, जिसने भारतीय सांस्कृतिक चेतना को अध्यात्म और आधुनिकता के साथ एक अलौकिक सूत्र में पिरो दिया। वहीं, बेंगलुरु के डॉ. सलाउद्दीन पाशा के निर्देशन में 'गीता ऑन व्हील्स' की प्रस्तुति ने दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर किया। इस प्रस्तुति में दिव्यांग प्रतिभागियों ने अपनी नृत्य कला से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। महाभारत के कथानक पर आधारित 45 मिनट के 'गीता ऑन व्हील्स' की प्रस्तुति के लिए हिंदी और संस्कृत के गीत को मधुर लय और धुन में पिरोया। वहीं कार्यक्रम की अंतिम मनोहारी प्रस्तुति विश्व गीता प्रतिष्ठानम द्वारा श्रीमद्भागवत गीता नृत्य नाटिका की रही।



श्रीमद्भागवत गीता नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देते दिव्यांग कलाकार।

### दिव्यांग प्रतिभा को प्रदान किया एक मंच

दिव्यांग प्रतिभा को एक मंच प्रदान करने वाले डॉ. सैयद सलाउद्दीन पाशा ने कहा, मैं पिछले 40 सालों से यह काम कर रहा हूं। जैसा कि हम जानते हैं कि यह हमारा देश डिसेबल फ्रेंडली नहीं है। बचपन से ही मैं कुछ अलग करना चाहता था। जब भी मैं विशेष लोगों को देखता मन में भाव आता था कि उनकी मदद कर सकूं। पहले उनको लोग हीन भावना से देखते थे, मैंने बस उनके भीतर के डर को निकालकर उन्हें एक मंच प्रदान किया है।



दिव्यांग बच्चे नृत्य नाटका की प्रस्तुति देते हुए।



रवींद्र भवन में गीता का वाचन करते स्कूली बच्चे।

### संगीत, कथन और जीवंत दृश्य-प्रभावों से सजी 'कृष्णायन' की प्रस्तुति

कार्यक्रम की प्रथम प्रस्तुति 'कृष्णायन' को कथाकार मोहित शेवानी ने अपनी विशिष्ट प्रस्तुति शैली, सुरम्य संगीत और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित दृश्यावली के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की जीवन-यात्रा को दिव्य आयाम प्रदान किया। 'कृष्णायन' ने मंच पर संगीत, कथन और जीवंत दृश्य-प्रभावों की त्रिवेणी ने ऐसा वातावरण रचा कि दर्शकों को लगा मानो स्वयं श्रीकृष्ण उनकी चेतना में अवतरित हो उठे हों। मोहित की प्रस्तुति का आधार रहा कृष्णायन प्रख्यात लेखक एवं गीतकार प्रबुद्ध सौरभ द्वारा रचित शब्द-संरचना, जिसमें श्रीकृष्ण की लीला, दर्शन और जीवन को सांस्कृतिक गहराई और दार्शनिक ऊंचाइयों के साथ पिरोया गया है।



गीता जयंती पर मोहित शेवानी ने श्रीकृष्ण के जीवन पर प्रकाश डाला।

### ब्रज की दिव्यता से भर उठा

कार्यक्रम की शुरुआत मथुरा की पावन आभा से हुई। मोहित की आवाज जब श्रीकृष्ण जन्मभूमि की गलियों से गुजरती कथा को सुरों के साथ बुन रही थी, तब सभागार ब्रज की दिव्यता से भर उठा। इसके पश्चात उन्होंने मप्र और श्रीकृष्ण के गहन संबंधों को उजागर करते हुए बताया कि कृष्ण केवल ब्रज और द्वारका तक सीमित देवत्व नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारत की सांस्कृतिक धारा में अविरल प्रवाहित ऊर्जा हैं। विशेष रूप से उज्जैन स्थित सांदीपनि आश्रम का उल्लेख करते हुए उन्होंने स्मरण कराया कि यहीं गुरुकुल में श्रीकृष्ण ने बलराम और सुदामा के साथ शिक्षा प्राप्त की वही शिक्षा जिसने आगे धर्म, नीति और पराक्रम की दिशा में उनकी भूमिका को आकार दिया।

# एक सुहाना स्वप्न है यह परिपक्व जीवन है...से जीवन को किया परिभाषित

## ग्लोबल पार्क सिटी में काव्य गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्लोबल पार्क सिटी कटारा हिल्स में सुप्रसिद्ध कवयित्री डॉ. प्रतिभा द्विवेदी के निज निवास पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार अशोक निर्मल ने की। दतिया से आए कवि जगत शर्मा मुख्य अतिथि एवं शैलेश शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सर्व प्रथम उभरती हुई कवयित्री शुभांशी राज 'सरल' ने सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आदित्य शर्मा ने राम जन्म भूमि पर समर्पित काव्यपाठ किया।

दिनेश भदौरिया ने ग़ज़ल तो संगीता 'सरल' ने गीत गज़लों की बौछार कर खूब दाद बटोरी। प्रेमचंद गुप्ता ने सर्दी पर आधारित काव्य पाठ किया। डॉ. प्रतिभा द्विवेदी के गीतों ने महफिल को आनंदित कर दिया। वहीं सत्यदेव सोनी ने मुक्तक छंद पढ़कर समा बांध दिया। संचालन डॉ. लता 'स्वरांजलि' किया। डॉ.अनिल शर्मा 'मयंक' ने ओज रस से ओतप्रोत गीत पढ़कर राष्ट्र भक्ति का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि शैलेश शुक्ला ने जीवन को परिभाषित करते हुए कविता पढ़ी -एक सुहाना स्वप्न है यह परिपक्व जीवन है, चिंतन है, मनन है यह परिपक्व जीवन है...। इसके बाद कार्यक्रम को पूर्णता प्रदान करते हुए अशोक निर्मल ने अध्यक्षीय उद्बोधन के साथ दी। इनके अतिरिक्त कमलेश नूर ने ग़ज़ल पेशकर और शुभांशी राज सरल ने भी नारी विषयक गीत पढ़कर कार्यक्रम को नई ऊंचाई दी। सभी अतिथियों और कवियों का आभार रमेशचंद्र द्विवेदी ने व्यक्त किया।



काव्य गोष्ठी में विभिन्न क्षेत्रों से आए साहित्यकार।

### संस्कार भारती ने भारतीय संविधान और सामाजिक न्याय विषय पर संगोष्ठी का किया आयोजन

# संविधान हमें अधिकार देता है, कर्तव्य का बोध संस्कारों से आता है...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संस्कार भारती द्वारा भारतीय संविधान और सामाजिक न्याय विषय पर नूतन कॉलेज में संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें सामाजिक न्याय विभाग मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि भारतीय संविधान देश के सभी नागरिकों को स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी के साथ समान अधिकार देता है।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान केवल दस्तावेज नहीं बल्कि भारत की आत्मा और मूल्यों का प्रतिबिंब है जो हम सभी को समानता और सामाजिक न्याय देता है। हर जाति धर्म भाषा और क्षेत्र के व्यक्ति को सामान अवसर और सम्मान भारतीय संविधान की देन है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मध्य भारत प्रांत के संघसंचालक एवं पूर्व न्यायाधीश अशोक पांडे ने बताया कि संविधान हमें अधिकार देता है लेकिन कर्तव्य का बोध संस्कारों से आता है।



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रमा का शुभारंभ करते अतिथि।

### दिल मांगे मोर की आदत सामाजिक न्याय में बाधक

उन्होंने संविधान बनने के पीछे की कहानी बताते हुए कहा कि पहले जहां लोग परोपकार की भावना रखते थे वहीं आज दिल मांगे मोर की आदत ने सामाजिक न्याय की अवधारणा को कमजोर किया है। नूतन कॉलेज की प्रिंसिपल एवं संरक्षक डॉ दीप्ति श्रीवास्तव ने कहा कि कॉलेज में पढ़ने वाली सभी छात्राओं को समान शिक्षा देने के साथ उनकी सुरक्षा और रोजगार की व्यवस्था की जिम्मेदारी अभिभावक की तरह सभी शिक्षक निभा रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने कॉलेज में छात्रों की सुविधाओं व्यवस्थाओं और उनके द्वारा हासिल किए गए मुकाम के बारे में भी जानकारी दी।

### ग्राम सगोनी कला में मंच की महिला प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज ने बताया स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग और उसका राष्ट्रीय प्रभाव

# ग्रामीणों और स्वदेशी जागरण मंच के बीच 'स्व से स्वावलंबन' पर ग्राम-आधारित विशेष संवाद कर स्वावलंबन के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के 7 दिवसीय 'मेरा युवा भारत' शिविर के अंतर्गत ओरिएंटल कॉलेज, भोपाल के विद्यार्थी ग्राम पंचायत सागोनी कला-कोलुआ खुर्द में श्रमदान, जनजागरण और ग्रामीण जीवन को समझने के कार्य में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं। इसी क्रम में स्वदेशी जागरण मंच की महिला प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज विशेष अतिथि के रूप में पहुंचीं और विद्यार्थियों तथा ग्रामीणों के साथ 'स्व से स्वावलंबन' विषय पर प्रेरक विशेष संवाद किया।

इस दौरान उन्होंने दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग और उसका राष्ट्रीय प्रभाव, विदेशी कंपनियों की नीतियां, उनका प्रभाव व बहिष्कार की आवश्यकता, ग्राम आधारित स्वावलंबन मॉडल जिनमें स्थानीय उत्पाद, स्थानीय बाजार के साथ ही विद्यार्थियों को सेतु बनाकर ग्रामीण महिलाओं के स्वदेशी उत्पादों की सुंदर पैकेजिंग, डिजाइन और बाजारीकरण में सहायता लेने के साथ युवाओं और ग्रामीणों की संयुक्त भूमिका द्वारा 'स्वावलंबी ग्राम' का निर्माण किया जाएगा। स्वदेशी जागरण मंच की सह विचार प्रमुख संगीता तिवारी ने सभी को स्वदेशी पत्रक वितरित किए। वहीं माया यादव और रचना भार्गव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित किया।

एनएसएस का 7 दिवसीय 'मेरा युवा भारत' शिविर




स्वदेशी पत्रक के साथ बच्चे और अतिथि।

### विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने रैली, भजन और हनुमान चालीसा पाठ किया

विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने मिलकर गांव में हनुमानजी मंदिर तक एक जागरूकता रैली निकाली। इसके साथ ही मंदिर परिसर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, भजन-कीर्तन तथा बाल श्रम के विरोध में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। सभी उपस्थित लोगों ने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

ग्राम महाविद्यालय समाज का मजबूत सेतु ग्राम पंचायत सागोनी कला के सरपंच सुरेश परमार और ओरिएंटल कॉलेज के डीन डॉ. पंकज शर्मा और बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी से प्रगेश रॉय ने बताया कि ग्रामीण भी इस संवाद में बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं, जिससे स्वदेशी–स्वावलंबन और ग्राम विकास का एक मजबूत सेतु बन रहा है।

शीतकालीन सत्र के पहले दिन एसआईआर पर विपक्ष का हंगामा

# लोकसभा अध्यक्ष बोले- नियोजित तरीके से सदन को बाधित करना अच्छी परंपरा नहीं
# प्रियंका का पीएम पर कटाक्ष- लोगों के मुद्दे उठाना 'ड्रामा' नहीं, चर्चा न करना गलत




लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से रचनात्मक भागीदारी निभाते हुए सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की

## राज्यसभा-लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार तक स्थगित

परमाणु ऊर्जा समेत कुल 10 नए विधेयक पेश होंगे


लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला


कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को लोकसभा में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण प्रश्नकाल और शून्यकाल बाधित हुआ। लोकसभा और राज्यसभा में एसआईआर के मुद्दे पर गतिरोध देखा गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से रचनात्मक भागीदारी निभाते हुए सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सहमति, असहमति होती रही है, वैचारिक मतभेद भी होते हैं। लेकिन चर्चा, संवाद से ही समाधान निकलता है। यह सदन नारेबाजी और तख्तियां दिखाने के लिए नहीं है। इसके लिए बाहर अवसर मिलते हैं। हमें जनता की कठिनाई, चुनौतियों और मुद्दों पर चिंता करनी चाहिए। अध्यक्ष ने कहा कि नियोजित तरीके से सदन को बाधित करना लोकतंत्र के लिए अच्छी परंपरा नहीं है। सरकार 19 दिसंबर तक चलने वाले इस शीतकालीन सत्र में परमाणु ऊर्जा समेत कुल 10 नए विधेयक पेश कर सकती है।

### दिवंगत नेताओं को दी श्रद्धांजलि

सदन की बैठक शुरू होते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को कुछ दिवंगत पूर्व सदस्यों के निधन की जानकारी दी और सभा ने कुछ पल मौन रखकर दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद अध्यक्ष ने महिला विश्वकप क्रिकेट और महिला कबड्डी विश्वकप में भारत की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### विपक्ष कभी ड्रामा नहीं करता: अखिलेश



समाजवादी पार्टी के प्रमुख और सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि विपक्ष कभी ड्रामा नहीं करता। विपक्ष ड्रामा करने वालों को रोकता है कि आपने घोषणा पत्र में जो बाते कहीं हैं, उनको पूरा करिए। चुनाव आयोग की जिम्मेदारी बनती है कि वो सभी का वोट बनाए और यह काम हम कर रहे हैं हैं ताकि हमारे वोट न कटे। हम अपनी वोट बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। तृणमूल सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने भी कहा कि सरकार की विश्वसनीयता कटघरे में है।

### प्रदूषण, घुसपैठ जैसे मुद्दे उठाए

राज्यसभा सदस्यों ने प्रदूषण, राज्यों में घुसपैठ और राष्ट्रीय सुरक्षा और अवैध प्रवासियों को डिटेंशन सेंटर में रखने की कार्रवाई जैसे मुद्दे उठाए। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी और इसके लिए किए जाने वाले उपायों की तरफ सदन का ध्यान आकर्षित किया। कुछ सांसदों ने आत्महत्या और अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की।

### जनविश्वास बिल पर समिति को मिला और समय

लोकसभा ने दो विधेयकों पर बनी चयनित समितियों को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए अतिरिक्त समय दे दिया। लोकसभा ने बेंगलुरु स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान की परिषद में दो सदस्य चुनने का रास्ता साफ कर दिया।

### सरकार मुद्दों पर संवाद के लिए नहीं तैयार: प्रियंका

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार पर संसद में चर्चा से बचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी मुद्दे पर संवाद करने के लिए तैयार नहीं है, जिससे सदन का सुचारू रूप से चल पाना कठिन हो रहा है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि लोगों से जुड़े मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं है, लेकिन उन पर चर्चा न होने देना नाटक है। प्रियंका गांधी ने वायु प्रदूषण और एसआईआर जैसे जरूरी मुद्दों पर बहस की मांग की और कहा कि ये आम लोगों बड़े मुद्दे हैं जिन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद किस लिए है। यह ड्रामा नहीं है। मुद्दों पर बोलना और मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं है।

### सदन की गरिमा बनाए रखें: पासवान

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि जिस तरीके से पिछले सत्र में



एसआईआर का एक मुद्दा लेकर पूरा सदन वॉशआउट कर दिया। उसी तरह के आसार इस सत्र में भी देखने को मिल रहा है। सरकार पूरी तरह से तैयार हैं जिस पर वो चर्चा करना चाहते हैं हम जरूर हर विषय पर चर्चा करेंगे। लेकिन विपक्ष की जिम्मेदारी बनती है कि सदन की गरिमा बनाए रखे और सत्र को चलने दें।

## अब महंगे होंगे तंबाकू और पान मसाले



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में दो अहम विधेयक पेश किए, जिनके तहत तंबाकू उत्पादों और पान मसाला पर कर व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया जाएगा। सरकार का यह कदम सिन गुड्स पर कर ढांचे को नया रूप देने जा रहा है। पहला विधेयक केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन), 2025 वर्तमान में लागू जीएसटी क्षतिपूर्ति सेस की जगह लेगा। अभी यह सेस सिगरेट, चबाने वाले तंबाकू, सिगार, हुक्का, जर्दा और सुगंधित तंबाकू सहित सभी तंबाकू उत्पादों पर लगाया जाता है।

### ये विधेयक सूचीबद्ध किए हैं सरकार ने

सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र में पेश करने के लिए 9 आर्थिक विधेयक सूचीबद्ध किए हैं, जिसमें इंश्योरेंस कानूनों में संशोधन का विधेयक शामिल है। संसद सदस्यों को भेजी गई बिलों की सूची के मुताबिक सरकार नई पीढ़ी के वित्तीय सुधारों के तहत इंश्योरेंस सेक्टर में विदेशी निवेश सीमा को 74 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी करने के लिए इंश्योरेंस कानून (संशोधन) बिल 2025 पेश करेगी।

### गिरता जा रहा विपक्ष: सांसद कंगना

भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कहा कि वे (विपक्ष) जितना हारते जा रहे हैं, उतना ही वो बौखलाते जा रहे हैं। आज बिल्कुल भी संसद नहीं चला है। पूरा देश यह देख रहा है।



वे (विपक्ष) लोगों की नजरों से गिरते जा रहे हैं और एक के बाद एक चुनाव हारते जा रहे हैं।

भड़के सीएम फडणवीस

### बोले- पता नहीं किससे सलाह ले रहा आयोग?



महाराष्ट्र में कुछ जगहों पर आगामी निकाय चुनाव स्थगित होने पर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने राज्य निर्वाचन आयोग की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि आयोग का चुनाव स्थगित करने का फैसला पूरी तरह से गलत है।

संसद में कुत्ता लेकर पहुंची रेणुका

### बोलीं- यह काटता नहीं है भाजपा ने कहा 'तमाशा'



कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी संसद परिसर में अपने पालतू कुत्ते के साथ पहुंच गईं। चौधरी ने कहा कि यह किसी को काटता नहीं है। काटने वाले तो और हैं संसद के अंदर। भाजपा ने इसे तमाशा बताते हुए कार्रवाई की मांग की।

---

खबर संक्षेप

### बिहार विधानसभा में स्पीकर बनेंगे प्रेम कुमार



**पटना।** बिहार विधानसभा की 18वीं विधानसभा का पहला सत्र सोमवार को नवनिर्वाचित विधायकों के शपथग्रहण के साथ शुरू हुआ। शपथग्रहण के साथ ही भाजपा के विधायक प्रेम कुमार ने स्पीकर के पद के लिए सिर्फ उन्होंने नामांकन किया है। ऐसे में उनके स्पीकर बनने का रास्ता साफ है। वे गया शहर सीट से जीते हैं।

### खाई में गिरी जीप 3 की मौत, 25 घायल



**जयपुर।** राजस्थान के पाली जिले में एक जीप के खाई में गिरने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हुए। बाली थाना प्रभारी परबत सिंह ने बताया कि हादसा सोमवार दोपहर करीब 12 बजे कुंडाल इलाके में हुआ जब जीप में सवार यात्री पांच बोर सायरा (उदयपुर) से शोकसभा में शामिल होने जा रहे थे।

### मोबाइल में प्री-इंस्टॉल होगा 'संचार साथी' एप




**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने मोबाइल फोन कंपनियों को बड़ा निर्देश जारी किया है। अब देश में बनने या आयात होकर आने वाले हर नए स्मार्टफोन्स में 'संचार साथी' एप को प्री-इंस्टॉल करना अनिवार्य होगा। कंपनियों को इस नियम को लागू करने के लिए 90 दिन का समय दिया गया है। 28 नवंबर दिशा निर्देश जारी किए।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने नगालैंड के लोगों को दी बधाई



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को नगालैंड के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई दी। नगालैंड की स्थापना एक दिसंबर 1963 को हुई थी। मुर्मू ने एक पोस्ट में कहा कि नगालैंड के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई! समृद्ध संस्कृति, प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर नगालैंड सतत सराहनीय प्रगति कर रहा है।

## कोलकाता में सड़कों पर बीएलओ का भारी विरोध प्रदर्शन

निर्वाचन आयोग के दफ्तर के बाहर किया हंगामा

# दावा- एसआईआर प्रक्रिया के चलते अमानवीय 'तनाव' झेलना पड़ रहा

एसआईआर प्रक्रिया में लगे बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) काम का भारी दबाव होने का आरोप लगा रहे हैं। भारी काम के दबाव के चलते देशभर से कई बीएलओ की मौत होने का दावा किया जा रहा है

### आयोग बोला- निर्वाचन आयुक्त की सुरक्षा में चूक गंभीर मसला

एजेंसी ▶▶ कोलकोता

पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में लगे बीएलओ ने सोमवार को कोलकाता में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बीएलओ ने कोलकाता में निर्वाचन आयोग के दफ्तर के बाहर खूब हंगामा किया। हालात इस कदर बिगड़े कि बीएलओ को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया में लगे बीएलओ बीते कई दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बीते हफ्ते भी विरोध प्रदर्शन के दौरान बीएलओ ने जबरन राज्य निर्वाचन आयुक्त के दफ्तर में घुसने की कोशिश की थी।

चुनाव आयोग ने कोलकाता के पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर निर्वाचन आयुक्त की सुरक्षा में चूक को बेहद गंभीर बताते हुए निर्वाचन अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। एसआईआर प्रक्रिया में लगे बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) काम का भारी दबाव होने का आरोप लगा रहे हैं। बूथ लेवल अधिकारियों का कहना है कि एसआईआर प्रक्रिया के चलते उन्हें अमानवीय तनाव झेलना पड़ रहा है। वहीं भारी काम के दबाव के चलते देशभर से कई बीएलओ की मौत होने का दावा किया जा रहा है। परिवारों का आरोप है कि बीएलओ पर बहुत ज्यादा काम के दबाव डाला जा रहा है।


मुख्य निर्वाचन आयोग के दफ्तर के बाहर बीएलओ का प्रदर्शन

### 17 लाख से अधिक कर्मचारी जुड़े

50 करोड़ से अधिक मतदाताओं से जुड़ी इस प्रक्रिया को पूरा करने में 12 राज्यों में बूथ स्तर के 5.32 लाख से अधिक कर्मचारी लगाए गए हैं। पांच लाख से अधिक बीएलओ के अलावा राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) भी इस प्रक्रिया से जुड़े हैं। 12.43 लाख से अधिक बीएलए 12 राज्यों में जारी एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े हैं।

### एसआईआर की समयसीमा बढ़ाई

चुनाव आयोग ने एसआईआर की डेडलाइन सात दिन बढ़ा दी है। अब मतदाता सूची के एसआईआर की प्रक्रिया 11 दिसंबर तक चलेगी। पुनरीक्षण की समयसीमा बढ़ाने का ऐलान करते हुए आयोग ने जो नोटिस जारी किया है, इसके मुताबिक पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची के मसौदे का प्रकाशन 16 दिसंबर को होगा। अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि मतदाताओं के नाम दर्ज करने के लिए फॉर्म भरे जाने यानी इन्युमरेशन की अवधि 11 दिसंबर तक बढ़ाई गई है।

भाजपा की आयोग से मांग



### 1.25 करोड़ प्रविष्टियों की हो जांच: शुभेंदु

पश्चिम बंगाल में भाजपा ने सोमवार को गणना प्रक्रिया में 26 से 28 नवंबर के बीच की गई सभी 1.25 करोड़ प्रविष्टियों का 'ऑडिट' कराने की मांग की। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल से कहा कि राजनीतिक परामर्श एजेंसी 'आई-पैक' राज्य में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 'डेटा प्रविष्टि प्रक्रिया में हस्तक्षेप' कर रही है। सीईओ का कार्यालय भी सुरक्षित नहीं है।

### मतुआ का वोटबैंक के रूप में इस्तेमाल कर रहे: अधीर

वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने सत्तारूढ़ दल तृणमूल



कांग्रेस और विपक्षी भाजपा दोनों पर राज्य में पिछड़े मतुआ समुदाय को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। चौधरी ने आरोप लगाया कि उत्तर 24 परगना और नदिया में दशकों से रह रहे समुदाय के सदस्यों में कई के पास वैध नागरिकता दस्तावेज हैं।

### ममता एसआईआर के खिलाफ रैलियां निकालेंगी

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी मालदा, मुर्शिदाबाद में तीन और चार दिसंबर को जबकि



कूचबिहार में नौ दिसंबर को रैलियां आयोजित कर एसआईआर के खिलाफ अपना रोष जताएंगी। बेनर्जी द्वारा एसआईआर के विरोध में यह दूसरे चरण का अभियान होगा। इससे पहले उन्होंने पिछले सप्ताह शरणार्थी बहुल मतुआ क्षेत्र में बनगांव में रैली की थी।

एअर इंडिया विमान हादसे पर सरकार बोली

## हर संभावित कारणों की जांच कर रहे, मुआवजे की प्रक्रिया भी तेज


केंद्रीय मंत्री राममोहन नायडू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अहमदाबाद में जून महीने में हुए एअर इंडिया विमान हादसे को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ा बयान दिया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने राज्यसभा में स्पष्ट किया है कि दुर्घटना के सभी संभावित कारणों की जांच की जा रही है और किसी भी एंगल को छोड़ा नहीं गया है। सरकार के अनुसार, शुरुआती जांच रिपोर्ट सिर्फ उस समय उपलब्ध सबूतों पर आधारित थी।

12 जून को अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरते ही एअर इंडिया की विमान संख्या एआई171 क्रैश हो गई थी। यह विमान लंदन गैटविक जा रहा था और इसमें कुल 260 लोग सवार थे। इनमें 241 यात्री और 12 क्रू मेंबर शामिल थे। हादसा टेकऑफ के कुछ देर बाद ही हुआ और सिर्फ एक यात्री जीवित बच सका। विमान बोइंग 787-8 मॉडल का था।

### शुरुआती रिपोर्ट पर उठे सवाल

इस हादसे की जांच एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) कर रहा है। एएआईबी ने 12 जुलाई को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट को लेकर कुछ पक्षों में सवाल उठे कि क्या पर्याप्त जांच हुई है। सरकार ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट केवल तथ्यों पर आधारित होती है और अंतिम निष्कर्षों के लिए विस्तृत जांच आवश्यक है। मंत्री ने कहा कि सभी संभावित कारणों की जांच की जा रही है और अभी जांच जारी है। केंद्र सरकार ने बताया कि निदेशालय महानिदेशक नागर विमानन (डीजीसीए) ने विमानों के सुरक्षित संचालन के लिए व्यापक सिविल एविएशन रेगुलेशंस (सीएआर) लागू कर रखे हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

### 237 मृतकों के परिजनों को दी राशि


नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने जानकारी दी कि एअर इंडिया ने मृतकों के परिजनों को अंतरिम राहत राशि के रूप में 25 लाख रुपये का भुगतान शुरू किया है। 237 मृतकों के परिजनों को यह राशि दे दी गई है। बाकी 11 मामलों में दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है। 75 घायलों में से 43 को अंतिम मुआवजा दिया जा चुका है। 24 को अंतरिम राहत दी गई है, जबकि आठ मामलों में दस्तावेजों की जांच जारी है। सभी मामलों में अंतिम मुआवजा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। टाटा ट्रस्ट्स ने हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को एक करोड़ रुपये की विशेष सहायता दी है। अब तक 86 परिवारों, जिनमें छह क्रू सदस्यों के परिवार भी शामिल हैं, को यह राशि दी जा चुकी है।

कर्नाटक में 'ब्रेकफास्ट पर चर्चा' का दौर

## शिवकुमार से मिलने जाएंगे सीएम बोले- अभी तो निमंत्रण नहीं मिला

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन के कयासों के बीच कांग्रेस पार्टी में एकजुटता दिखाने की कोशिशें चल रही हैं। हाल ही में डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने सीएम आवास पर जाकर सीएम से नाश्ते पर चर्चा की। अब सीएम सिद्धारमैया ने कहा है कि वे भी डिप्टी सीएम के आवास पर नाश्ता करने जा सकते हैं। सीएम मंगलवार को यानी 2 दिसंबर को डीके शिवकुमार के आवास जा सकते हैं। हालांकि सीएम ने ये भी कहा कि उन्हें अभी तक औपचारिक निमंत्रण नहीं मिला है। सोमवार को


डीके शिवकुमार (बाएं), सीएम सीएम सिद्धारमैया (दाएं) फाइल फोटो

सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि शनिवार को शिवकुमार ने उनसे मंगलवार को नाश्ते पर घर आने को कहा था। मुझे अभी तक औपचारिक निमंत्रण नहीं मिला है, लेकिन अगर वे बुलाते हैं तो मैं जरूर जाऊंगा। मुझे लगता है कि वे मुझे आमंत्रित करेंगे।

दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

## हम हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठ सकते, 10 दिसंबर को अगली सुनवाई

### कहा- कोर्ट को ये भी नहीं पता कि अब तक कौन-से कदम उठाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और एनसीआर वायु प्रदूषण संकट पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मेरे मित्र का कहना है कि मामले की सुनवाई केवल सूचीबद्ध होने से ही इसमें (वायु गुणवत्ता सूचकांक) सुधार हुआ है, यह जरूरी है कि हम इसे तीन-चार महीने बाद सूचीबद्ध करने के बजाए नियमित रूप से सुनें। मुख्य न्यायाधीश ने आगे कहा कि हम चाहते हैं कि दीर्घकालिक योजनाएं भी सार्वजनिक हों, उन योजनाओं पर चर्चा और अंतिम रूप दिया जाना आवश्यक है।

प्रदूषण के लिए जिम्मेदार कारणों की एक सप्ताह में रिपोर्ट दें


सुप्रीम कोर्ट और धुंध में डूबा इंडिया गेट

### पूछा, कितनी सकारात्मक प्रगति हुई?

एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि केंद्र ने अल्पकालिक (शॉर्ट टर्म) योजनाओं का शपथपत्र दाखिल किया है और सभी राज्यों व एजेंसियों के साथ बैठकें की गई हैं। अदालत ने पूछा कि इन योजनाओं का वास्तव में कोई असर हुआ भी है या नहीं? जो एक्शन प्लान बनाया था, उससे कितनी सकारात्मक प्रगति हुई? हमें यह जानना जरूरी है।

**पराली के मुद्दे को अहं का विषय न बनाएं**
सीजेआई ने कहा कि पराली जलाने के मुद्दे को राजनीतिक या अहं का विषय न बनाया जाए। किसान पराली जला रहा है तो इसकी एक आर्थिक वजह है।

**प्रदूषण के लिए कौन-कौन जिम्मेदार?**
अदालत ने निर्देश दिया कि एक सप्ताह में रिपोर्ट दी जाए जिसमें पराली के अलावा अन्य कारण- जैसे वाहन, निर्माण, धूल पर अब तक कितनी कार्रवाई हुई।

### मुंबई में भी ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू

बढ़ते प्रदूषण के कारण मुंबई में कई जगहों पर ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू कर दी हैं। मुंबई में कई जगहों पर हवा की गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई है, इनमें मुंबई का मझगांव, देवनार, मलाड, बोरीवली ईस्ट, चकाला अंधेरी ईस्ट, नेवी नगर, पवई और मुलुंड जैसे इलाके शामिल हैं। बीएमसी ने इन इलाकों में किसी भी तरह के निर्माण कार्यों और धूल उड़ाने वाली गतिविधियों पर रोक लगा दी हैं, और इन इलाकों में विभिन्न निर्माण स्थलों की निगरानी की जा रही है।

## पुतिन की सुरक्षा को लेकर बेहद अलर्ट रहती हैं सुरक्षा एजेंसियां

# पुतिन की सुरक्षाः खाने की जांच के लिए पोर्टेबल लैब, टॉयलेट और पानी के अलावा पूप सूटकेस भी विदेश यात्रा में हमेशा रहता है साथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत आने वाले हैं। 4-5 दिसंबर को उनका भारत में दौरा होगा। इसको लेकर सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए हैं। यहां रूसी सुरक्षा एजेंसी की टीम पहले ही पहुंच चुकी है। रूस के राष्ट्रपति भारत की यात्रा पर आने वाले हैं। जाहिर सी बात है कि, पुतिन जैसे शक्तिशाली नेता के दौरे को लेकर सुरक्षा के इंतजाम भी काफी सख्त होंगे। वैसे तो किसी भी देश के राष्ट्राध्यक्ष के आगमन पर विशेष सिक्योरिटी प्रोटोकॉल का पालन किया जाता है, लेकिन रूसी राष्ट्रपति की सुरक्षा थोड़ी अलग है। पुतिन की सुरक्षा में एक पोर्टेबल प्रयोगशाला का इस्तेमाल करके उनके सभी भोजन में जहर की जांच भी की जाती है। पुतिन देश के अंदर या बाहर कहीं भी जाते हैं तो उनके खाने-पीने का विशेष ध्यान रखा जाता है। यही वजह है कि उनके काफिले के साथ एक पोर्टेबल लैब भी चलता है, जो उनके भोजन में जहर की जांच करता है। इस लैब में जांच के बाद ही पुतिन खाना खाते हैं। राष्ट्रपति के निजी रसोइये हमेशा उनके साथ यात्रा करते हैं। वह किसी भी देश में अपने रसोइये के हाथ का बना खाना ही खाते हैं। उस खाने को भी पहले लैब में टेस्ट किया जाता है।

**जिस होटल में पुतिन ठहरते हैं वहां अलग से लगती है लिफ्ट**

**रूस से बाथरूम लेकर चलते हैं उसी का उपयोग करते हैं पुतिन**

**स्मोक ग्रेनेड फेकने में सक्षम है रूसी राष्ट्रपति की बुलेट प्रूफ कार**

### होटल के स्टाफ की सेवाएं नहीं लेते पुतिन


पुतिन

पुतिन जिस होटल में रुकते हैं, वहां के स्टाफ की सेवाएं नहीं लेते। उनका स्टाफ, शेफ, हाउस कीपिंग रूस से ही साथ आते हैं। पुतिन के पहुंचने से पहले उनकी सिक्योरिटी टीम शेफ के लिए अलग से लिफ्ट लगवाती है जिसका इस्तेमाल होटल का दूसरा स्टाफ नहीं कर सकता। पुतिन होटल के बाथरूम का भी इस्तेमाल नहीं करते बल्कि उनकी टीम रूस से ही एक मोबाइल बाथरूम लेकर आती है जिसे होटल रूम में सेटअप किया जाता है। पुतिन के पास ऐसी कार है जो कि बुलेट और बम प्रूफ है। जिस पर बड़े से बड़ा हमला नाकाम हो सकता है। इमरजेंसी की स्थिति में उस कार से तुरंत स्मोक ग्रेनेड यानी धुआं फैलाने वाले हथगोले दागे जा सकते हैं। पुतिन जब दिल्ली आएंगे तो वो इसी गाड़ी में सफर करेंगे।

### स्थानीय लोगों में घुलमिल जाती है- अदृश्य सेना

एक रिपोर्ट के मुताबिक, पुतिन जहां भी जाते हैं। वहां जाने से पहले उनकी एक अदृश्य सेना पहले से तैनात हो जाती है जो वहां के आम लोगों और स्थानीय माहौल में घुलमिल जाती है। क्रैमलिन के सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, 2022 में जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या और स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हत्या के प्रयास के बाद विशेष रूप से पुतिन की सिक्योरिटी को टाइट कर दिया गया है।

### अपना टॉयलेट भी साथ लेकर जाते हैं

रूसी राष्ट्रपति खाने-पीने की चीजों के साथ अपना एक पोर्टेबल टॉयलेट भी साथ लेकर चलते हैं।



ताकि, दूसरे देश में उनके शरीर के अपशिष्ट पदार्थ भी न छूटे। इसकी कई वजहें बताई जाती है। कहा जाता है कि अगर राष्ट्रपति से जुड़ी कोई भी चीज विदेशी धरती पर छूट जाती है तो उसकी जांच से राष्ट्रपति के स्वास्थ्य के बारे में पता लगाया जा सकता है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा बन सकता है। ऐसे में पुतिन भारत आने पर ये सारी चीजें साथ लेकर आएंगे। यह चीजें उनकी सुरक्षा से जुड़ी हुई हैं। इसको लेकर रूसी सुरक्षा एजेंसियां कोई भी लापरवाही नहीं कर सकती है।



### पुतिन की सुरक्षा के लिए पूप सूटकेस

पुतिन जब भी विदेश दौरे पर जाते हैं तो उनके बाडीगार्ड इसी तरह का उपाय करते हैं। वे उनके मल-मूत्र को एकत्र करके पूप सूटकेस में रूस ले जाते हैं। ट्रंप के साथ बैठक के दौरान पुतिन की सुरक्षा के कड़े सुरक्षा उपाय किए जाते हैं। वह यात्रा के दौरान अपने बाडीगार्डों की सुरक्षा के घेरे में रहे और रूसी खुफिया ने उनकी सुरक्षा को लेकर कई जरूरी कदम उठाते हैं।

## खबर संक्षेप

### स्पीड बोट की टक्कर में दो की मौत, 18 घायल

**कराची।** पाकिस्तान में मनोरा के निकट समुद्र में एक निजी स्पीडबोट और एक यात्री नाव के बीच टक्कर



हो जाने से एक महिला और एक किशोरी की मौत हो गई तथा 18 लोग घायल हो गए, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना रविवार को कराची के मनोरा में हुई। डीआईजी सैयद असद रजा ने बताया कि नाव मनोरा बीच से जेटी नंबर-एक की ओर जा रही थी, तभी शाम करीब साढ़े छह बजे उसकी टक्कर स्पीडबोट से हो गई।

### पार्टनर आधी भारतीय है बेटे का नाम शेखर

**न्यूयॉर्क।** स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने कहा है कि उनकी साथी शिवोन जिलिस आधी



भारतीय हैं और उन्होंने अपने एक बच्चे का मध्य नाम नोबेल पुरस्कार विजेता सुब्रमण्यन चंद्रशेखर के नाम पर शेखर रखा है। जिलिस और मस्क के चार बच्चे हैं - जुड़वां बच्चे स्ट्राइडर और एज्योर, एक बेटी अर्कांडिया और बेटा सेल्डन लाइकर्गस। ज़िलिस मस्क की एक न्यूरालिंक में ऑपरेशन्स और स्पेशल प्रोजेक्ट्स में निदेशक हैं।

## घटती तीव्रता की वजह से भीषण बारिश का खतरा लगभग खत्म

# चक्रवात दितवाह अब पड़ा कमजोर, उत्तर तमिलनाडु में भारी बारिश का खतरा टला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात दितवाह अब डीप डिप्रेशन में बदल गया है। इसके कारण उन जिलों में राहत की सांस ली जा रही है, जहां पहले बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई थी। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) के अनुसार, यह सिस्टम तमिलनाडु-पुडुचेरी तट के समानांतर गुजरते हुए धीरे-धीरे कमजोर हो गया। वहीं, रविवार सुबह तक जारी 24 घंटे के बारिश के आंकड़ों में कराईकल में सबसे अधिक 19 सेमी बारिश दर्ज की गई। इसके बाद मयिलादुथुरै जिले के सेम्बनारकोविल में 17 सेमी, जबकि नागपट्टिनम और मयिलादुथुरै शहर में 15 सेमी बारिश हुई। सिरकाजी और तिरुवारूर क्षेत्र में 14 सेमी बारिश दर्ज की गई। रमणाथपुरम जिले के थंगाचीमदम और थोंडी में भी भारी बरसात हुई। डेल्टा क्षेत्रों में नागपट्टिनम के तिरूपोंडी और तंजावुर के कुरुंगुलम में 13 सेमी बारिश दर्ज की गई।

इसके अलावा, कोडियाकरै और वेदारण्यम (नागपट्टिनम), नन्निलम (तिरुवारूर) और सेतियाथोप्पू (कड्डलूर) में 12 सेमी बारिश दर्ज की गई, जिससे तटीय इलाकों में लगातार बारिश का पता चलता है। कमजोर पड़ा यह सिस्टम लगभग 180 किमी क्षेत्र में फैला हुआ उत्तर दिशा की ओर बढ़ रहा था। सोमवार सुबह इसकी स्थिति पुडुचेरी से 110 किमी दक्षिण-पूर्व, वेदारण्यम से 140 किमी उत्तर-पूर्व और चेन्नई से 180 किमी दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में थी। हालांकि यह चक्रवात अब एक डीप डिप्रेशन बन चुका है, लेकिन फिर भी तट के समानांतर आगे बढ़ रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, जैसे-जैसे यह सिस्टम और कमजोर होगा, तट से इसकी न्यूनतम दूरी करीब 30 किमी तक रह सकती है, लेकिन इसकी घटती तीव्रता की वजह से भीषण बारिश का खतरा लगभग खत्म हो चुका है।

### 6 दिसंबर को हो सकती है बारिश


फाइल फोटो

मौसम विभाग ने सोमवार को तमिलनाडु और पुडुचेरी के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज-चमक की संभावना जताई है। वहीं तिरुवल्लूर जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। 6 दिसंबर तक राज्य के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश जारी रह सकती है। चेन्नई और आसपास के क्षेत्र में बादल छाए रहेंगे। कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। इस बीच गल्फ ऑफ मन्नार, कुमारी सागर और दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में तेज हवाएं जारी रहने की संभावना है।

### दितवाह के बीच श्रीलंका से सुरक्षित स्वदेश पहुंचे 2 हजार से अधिक भारतीय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दित्वा चक्रवात के बीच श्रीलंका में फंसे हुए 2 हजार से अधिक भारतीयों को ऑपरेशन सागर बंधु के तहत सुरक्षित स्वदेश वापस लाया गया है। जिसके लिए वायुसेना की विशेष उड़ानों के अलावा वाणिज्यिक उड़ानों का भी इस्तेमाल किया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि देश की पड़ोस सबसे पहले वाली नीति और महासागर विजन के हिसाब से भारत की सरकार अपनी सबसे पहले दी गई प्रतिक्रिया के साथ श्रीलंका के समक्ष पूरी मजबूती से खड़ी रही है। मुश्किल की इस घड़ी में भारत श्रीलंका को हर प्रकार से सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस भीषण आपदा के बीच 28 नवंबर को नई दिल्ली ने ऑपरेशन सागर बंधु की शुरुआत की थी। अब तक नौसेना के 2 जहाजों की मदद से 9.5 टन राहत सामग्री कोलंबो पहुंचाई गई है, वायुसेना के 3 विमानों ने 31.5 टन राहत सामग्री एयरलिफ्ट की है। नौसेना के सुकन्या पोत ने 12 टन राहत सामग्री सौंपी है। श्रीलंका को अब तक भारत ने कुल 53 टन राहत सामग्री की खेप सौंपी है। पड़ोसी देश की वायुसेना के साथ समन्वय स्थापित कर विक्रांत पर तैनात चेतक और वायुसेना के मी-17 हेलिकाप्टर आपदा में फंसे हुए लोगों की तलाश से लेकर उन तक हर जरूरी सहायता प्रदान करने में लगे हुए हैं। चक्रवात में बचाए गए लोगों में श्रीलंका, भारत, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, ईरान, ब्रिटेन और पोलैंड के नागरिक शामिल हैं।

## समारोह को संबोधित करते हुए बोले विदेश मंत्री

# जैविक हथियारों के गलत इस्तेमाल की निगरानी के लिए वैश्विक तंत्र की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कोरोना महामारी के काल से शुरू हुई जैविक हथियारों के इस्तेमाल की चर्चा को सोमवार को विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के एक बयान ने एक बार फिर से सुर्खियों में ला दिया है। जिसमें उन्होंने वर्तमान में भारत ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुरक्षा के लिहाज से बने हुए अनिश्चित माहौल का उल्लेख करते हुए इस बात पर जोर दिया है कि जैविक हथियारों के गैर-राज्यीय तत्वों (नॉन स्टेट एक्टर्स) द्वारा संभावित गलत इस्तेमाल की निगरानी करने के लिए एक वैश्विक तंत्र की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अब यह कोई दूर की बात नहीं रही गई है। इसलिए इस चुनौती से दो-दो हाथ करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा को भी आपस में गहराई से जुड़ा हुआ बताया। यह जानकारी विदेश मंत्री ने नई दिल्ली में जैविक हथियार संधि (बीडब्ल्यूसी) के 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर आयोजित किए गए एक समारोह को संबोधित करते हुए दी है। जिसकी थीम '50 ईयर्स ऑफ द बायोलॉजिकल वेपन्स कन्वेंशनः स्ट्रेंथनिंग बायोसिक्योरिटी फार द ग्लोबल साउथ' रखी गई थी।


जयशंकर

### गंभीर चुनौती, तैयारी पूरी चाहिए

जयशंकर ने कहा, जैविक तकनीक तेजी से बदल रही है। आज उन्नत जैविक उपकरण पहले के मुकाबले काफी सस्ते और आसानी से उपलब्ध हैं। जिससे प्राकृतिक, दुर्घटनावश या जानबूझकर पैदा होने वाले जैविक खतरों में तेजी से वृद्धि संभव है। यह खतरे ज्यादा चुनौतीपूर्ण इसलिए हैं। क्योंकि ये किसी सीमा को नहीं मानते और उसके साथ ही सिस्टम को जल्द ही पंगु बना सकते हैं।

### भारत ने हमेशा दिखाई गंभीरता

उन्होंने कहा कि भारत ने मामले को लेकर हमेशा गंभीरता का परिचय दिया है और हमने बीडब्ल्यूसी के अंदर इसकी पूर्ण अनुपालना के लिए मजबूत कदम उठाने पर जोर दिया है। जिसमें मौजूदा दुनिया के हिसाब से प्रमाणित करने से जुड़ा डिजाइन भी शामिल है। भारत शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सहायता से लेकर मटीरियल तथा उपकरणों के आदान-प्रदान के लिए तैयार है। लेकिन इसके साथ ही हम वैज्ञानिक और तकनीकी स्तर पर हो रही गतिविधियों की चरणबद्ध समीक्षा का भी आह्वान करते हैं। जिससे प्रशासन नवाचारों की गति के साथ बराबरी से कदमताल कर सके। नई दिल्ली ने एक राष्ट्रीय क्रियान्वयन फ्रेमवर्क का प्रस्ताव भी दिया है।

## ग्लोबल थिंकटैंक सिपरी की ताजा तरीन रिपोर्ट में किया गया

# दुनिया में जंग चलती रही, मजलूमों की जानें जाती रहीं, लेकिन हथियार बनाने वाली

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते कुछ वर्षों से दुनिया के अलग-अलग भागों में जारी युद्ध और सैन्य संघर्षों के बीच सोमवार को सामने आई स्वीडन स्थित ग्लोबल थिंकटैंक 'द स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी)' की रिपोर्ट में एक बड़ा ही चौंकाने वाला खुलासा किया गया है। जिसके मुताबिक, यूक्रेन और गाजा युद्ध से लेकर क्षेत्रीय व वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव के दौर में हथियारों तथा अन्य सैन्य सामग्री की मांग बढ़ने से अगर किसी को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। तो वो हैं दुनियाभर की हथियार बनाने वाली कंपनियां। जिनमें से शीर्ष 100 की कमाई यानी राजस्व में पिछले साल 5.9 फीसदी की बढ़ोतरी (679 अरब डॉलर) देखने को मिली है। रिपोर्ट में भारत की तीन कंपनियों का भी जिक्र किया गया है। लेकिन उनके संबंध में केवल यही कहा गया है कि बीते वर्ष घरेलू मांग की वजह से इनकी सैन्य साजो-सामान से हुई कमाई 8.5 फीसदी से बढ़कर 7.5 डॉलर तक जा पहुंची है।

sipri
STOCKHOLM INTERNATIONAL PEA
RESEARCH INSTITUTE (SIPRI)

### मुनाफे में रही अमेरिका की 30 कंपनियां

रिपोर्ट में बताया गया कि हथियारों की बिक्री से बढ़-चढ़कर कमाई करने वाली कंपनियों में यूरोप और अमेरिका की कंपनियां सबसे आगे रही हैं। वैसे दुनियाभर में इसे लेकर बढ़ोतरी देखने को मिली है। लेकिन इसमें एशिया और ओशिनिया एक अपवाद हैं। जहां चीन के हथियार उद्योग में गिरावट की वजह से कुछ समस्याएं देखने को मिली हैं। शीर्ष 100 कंपनियों में शामिल 39 अमेरिकी कंपनियों में से 30 की कमाई में 2024 में वृद्धि देखने को मिली है।

## अवैध लोन एप्स पर सरकार की सख्ती

# 87 एप्स हुए ब्लॉक, कंपनी एक्ट के तहत हुई कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने साइबर फ्रॉड पर लगाम लगाने की कड़ी में कुल 87 अवैध लोन देने वाले एप्स को बैन कर दिया है। सरकार ने सोमवार को कहा कि निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए 87 अवैध लोन देने वाले मोबाइल ऐप्स को ब्लॉक कर दिया गया है।

कॉरपोरेट मामलों के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने सोमवार को लोकसभा में बताया, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69ए के तहत सार्वजनिक पहुंच के लिए किसी भी सूचना को ब्लॉक करने के निर्देश जारी करने का अधिकार प्राप्त है। अब तक निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 69ए के तहत कुल 87 अवैध लोन एप्स को ब्लॉक किया है। एक लिखित जवाब में उन्होंने यह भी बताया कि कंपनियों अधिनियम, 2013 के तहत जांच, बुक्स ऑफ अकाउंट्स का निरीक्षण और जांच जैसी नियामकीय कार्रवाई समय-समय पर उन कंपनियों के खिलाफ की जाती है जिनमें वे कंपनियां भी शामिल हैं जो लोन ऐप्स के जरिए ऑनलाइन उधार देने की गतिविधियों में शामिल होती हैं।

## भारत-नेपाल के बीच सैन्य अभ्यास सूर्य किरण जारी

# आतंकवादी विरोधी 'अभियानों' पर विशेष फोकस कर रहीं सेनाएं

**भारत की ओर से 334 सैनिक शामिल हुए**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में भारत और नेपाल की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'एक्सरसाइज सूर्य किरण' का 19वां संस्करण जारी है। इस अभ्यास का मुख्य फोकस जंगल युद्ध, पहाड़ी क्षेत्रों में आतंकवाद विरोधी अभियान और आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल के जरिए दोनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल विकसित करना है। भारतीय सेना के सेंट्रल कमांड ने बताया कि यह अभ्यास दोनों देशों के बीच विश्वास, दोस्ती और क्षेत्रीय शांति के प्रति साझा प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। अभ्यास में भारत की ओर से 334 सैनिक शामिल हैं, जिनमें मुख्य रूप से असम रेजिमेंट के जवान भाग ले रहे हैं। नेपाल की ओर से भी 334 सैनिक भाग ले रहे हैं, जिनमें प्रमुख रूप से देवी दत्त रेजिमेंट के जवान शामिल हैं। दोनों सेनाओं की यह संयुक्त पहल संयुक्त राष्ट्र के अध्याय 7 के तहत उप-पारंपरिक अभियानों के संचालन का अभ्यास करने के उद्देश्य से की जा रही है।

### आधुनिक तकनीक से रूबरू

इस अभ्यास के दौरान जवान जंगल युद्ध, पहाड़ी इलाकों में आतंकवाद विरोधी कार्रवाई, मानवीय सहायता और आपदा राहत, मेडिकल रिस्पॉन्स, पर्यावरण संरक्षण और जमीनी-हवाई संयुक्त अभियानों का प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस संस्करण में विशेष रूप से उन्नत और उभरती तकनीकों को शामिल किया जा रहा है, जिनमें मानवरहित हवाई प्रणाली, ड्रोन आधारित निगरानी, एआई-आधारित निर्णय सहायता उपकरण, मानवरहित लॉजिस्टिक वाहन और बख्तरबंद सुरक्षा प्लेटफॉर्म शामिल हैं। इन तकनीकों की मदद से दोनों सेनाएँ आधुनिक वैश्विक परिदृश्य के अनुरूप अपने अभियानों, रणनीतियों और प्रक्रियाओं में सुधार कर सकेंगी।


अभ्यास का दृश्य

## कभी लादेन का काम तमाम करने वाले ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर के समुद्री वर्जन...

# सीहॉक हेलीकॉप्टर की दूसरी स्क्वाड्रन से लैस होगी भारतीय नौसेना

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू (ऑपरेशन सिंदूर) और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच जब भी अमेरिकी 'एमएच-60आर हेलीकॉप्टर यानी सीहॉक' का नाम सामने आता है। तो सबके जेहन में अलकायदा के खूंखार आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को ढेर करने की कहानी गूंजने लगती है। क्योंकि सीहॉक अमेरिका के उसी ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर का समुद्री संस्करण है। जिसने 9/11 हमले के मुख्य आरोपी आतंकी लादेन को पाकिस्तान के एबटाबाद शहर में मार गिराने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत के संदर्भ में इसका जिक्र नौसेना से जुड़ा है। हमने अमेरिका से सीहॉक हेलीकॉप्टर की 2 स्क्वाड्रन खरीदी हैं। पहली 2024 में बल के कोच्चि स्थित गरुड़ नौसैन्य अड्डे पर तैनात की जा चुकी है। जबकि दूसरी मौजूदा दिसंबर महीने के दूसरे सप्ताह में नौसेना के गोवा स्थित आईएनएस हंसा अड्डे पर आधिकारिक रूप से कमीशन की जाएगी।

इस बाबत आयोजित किए जाने वाले समारोह में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शिरकत कर सकते हैं। दोनों की भागीदारी की अभी आधिकारिक रूप से रक्षा मंत्रालय की तरफ से कोई पुष्टि नहीं की गई है।

**दिसंबर के दूसरे सप्ताह में गोवा नौसैन्य अड्डे पर होगा हेलीकॉप्टरों की आधिकारिक तैनाती का समारोह**

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद बढ़ेगी नौसेना की युद्धक क्षमता।**



### 'सीकिंग' की जगह लेंगे 'सीहॉक'

गौरतलब है कि लॉकहीड मार्टिन (अमेरिका) कंपनी द्वारा निर्मित सीहॉक हेलिकॉप्टर नौसेना के पुराने हो चुके वेस्टलैंड सीकिंग हेलीकॉप्टरों की जगह लेंगे। जो 1971 से समुद्री सेना के बेड़े में राष्ट्र रक्षा का दायित्व निभा रहे हैं। वर्ष 2020 में 24 एमएच-60आर हेलीकॉप्टरों की खरीद को लेकर भारत और अमेरिका की सरकारों (जी-टू-जी) के बीच कुल करीब 15,157 करोड़ का एक समझौता हुआ था।

**दुश्मन की पनडुब्बियों की खैर नहीं**

एमएच-60आर हेलीकॉप्टर हर मौसम में हवाई अभियान चलाने में सक्षम है। इसका इस्तेमाल नौसना द्वारा हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाकर उन्हें नष्ट करने के लिए किया जाएगा। बल की तकनीकी भाषा में इसे एंटी-सबमरीन वारफेयर (एएसडब्ल्यू) और एंटी सरफेस वारफेयर (एएसयूडब्ल्यू) कहा जाता है। इन्हें बड़े पैमाने पर राहत-बचाव कार्यों, रात्रिकालीन खोज और बचाव अभियानों के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है। बीते महीने 28 नवंबर को भारत ने अमेरिका के साथ 24 सीहॉक हेलीकॉप्टरों के बेड़े के पांच साल के सतत समर्थन के लिए 7 हजार 995 करोड़ के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

### यूं ब्लैकहॉक ने किया लादेन का खात्मा

बताते चलें कि अमेरिका पर 9 सितंबर 2001 को इतिहास का सबसे घातक आतंकी हमला हुआ था। जिसमें कुल करीब तीन हजार लोग मारे गए थे। हमले की साजिश से लेकर इसकी पूरी योजना अलकायदा के आतंकवादी ओसामा बिन लादेन ने बनाई थी। घटना के बाद से अमेरिका ने अफगानिस्तान में युद्ध के आगाज के साथ लादेन की तलाश शुरू की। लगभग एक दशक तक अमेरिकी सेनाओं को चकमा देने के बाद 2 मई 2011 की रात को पाकिस्तान के एबटाबाद में छिपे बैठे ओसामा बिन लादेन को अमेरिका ने ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टरों द्वारा चलाए गए व्यापक सैन्य अभियान के दौरान मार गिराया।

## चीन-पाक की उड़ी नींद

# भारत को मिला अपना पहला एंटी-ड्रोन व्हीकल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय बॉर्डर पहले से ज्यादा सेफ होंगे क्योंकि देश को अपना पहला एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से चलने वाला मोबाइल एंटी-ड्रोन पैट्रोल व्हीकल मिल गया है, जिसका नाम है 'इंद्रजाल रेंजर'। इस खास व्हीकल को हैदराबाद की एक डिफेंस कंपनी ने बनाया है।

इसे चलता-फिरता सुरक्षा कवच भी कह सकते हैं, जो हमारी सीमाओं के साथ देश के अंदर सेंसिटिव एरिया की ड्रोन हमलों से रक्षा करेगा। यह एंटी-ड्रोन सिस्टम एक मजबूत टोयोटा चार गुणा चार गाड़ी पर लगाया गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह सिस्टम एक जगह खड़े रहने के बजाय चलते हुए भी काम कर सकता है। यह रेंजर 10 किलोमीटर की दूरी से ही दुश्मन के ड्रोन को पहचान लेता है और उस पर नजर रखना शुरू कर देता है। वहीं, 4 किलोमीटर के दायरे में ही खतरे का पूरी तरह से खात्मा कर सकता है। ये काफी उपयोगी साबित होगा।


वाहन

# कोहली ने लगाया टेस्ट वापसी की अटकलों पर विराम, कहा-मैं सिर्फ एक ही फॉर्मेट खेल रहा हूं

एजेंसी ▶▶| रांची

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में अपनी टीम की जीत और मैच जिताऊ शतक के बाद, भारतीय बल्लेबाज़ विराट कोहली ने अपनी तैयारी और खेल के प्रति अपने दृष्टिकोण के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वह ज़्यादा तैयारी में विश्वास नहीं रखते, बल्कि उनका सारा क्रिकेट मानसिक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह खेल का सिर्फ़ एक ही प्रारुप खेलेंगे। 2027 के वनडे विश्व कप से पहले अपने वनडे भविष्य को लेकर चल रही तमाम चर्चाओं के बीच विराट ने प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध करना जारी रखा।

### आनंद के माहौल में रहना चाहता हूं: विराट

कोहली ने अपना 52वां वनडे शतक जड़ा और एक बल्लेबाज का एक ही प्रारुप में सर्वाधिक शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया। 120 गेंदों में 11 चौकों और सात छक्कों की मदद से विराट ने 135 रन बनाए, जिससे यह हाल के दिनों में उनके सबसे यादगार शतकों में से एक बन गया। मैच के बाद की प्रस्तुति के दौरान बोलते हुए, विराट ने कहा कि वह आनंद के माहौल में रहना चाहते हैं। इस साल मई में संन्यास की घोषणा के बाद, घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 0-2 से मिली हार के बाद बीसीसीआई की ओर से उनसे टेस्ट क्रिकेट में वापसी का अनुरोध किए जाने की मीडिया रिपोर्टों के बीच, विराट ने स्पष्ट किया कि वह खेल का केवल एक ही प्रारुप खेल रहे हैं और यह इसी तरह चलता रहेगा।




### मेरा सारा क्रिकेट मानसिक

विराट ने कहा कि आज इस तरह से मैच में उतरना वाकई बहुत अच्छा लगा। पिच पहले 20-25 ओवरों में ठीक-ठाक खेली, फिर धीरे-धीरे धीमी पड़ने लगी। बस आनंद के माहौल में बने रहना था। बेशक, जब आपको शुरुआत मिलती है, आप स्थिति के अनुसार ढल जाते हैं, आपको पता होता है कि क्या करना है। अनुभव काम आता है। मैं कभी भी तैयारी में यकीन नहीं रखता। मेरा सारा क्रिकेट मानसिक रहा है। जब तक मेरा शारीरिक स्तर अच्छा है और मानसिक तीक्ष्णता है, तब तक सब ठीक है। मैंने मैच से पहले एक दिन की छुट्टी ली थी। मैं 37 साल का हूं और मुझे ठीक होने के लिए समय चाहिए।

### उत्साहित रहना जरूरी

विराट ने कहा कि ऐसा ही हमेशा होता है, मैं खेल का सिर्फ़ एक ही रूप खेल रहा हूं। अगर आपने 300 से ज़्यादा मैच और इतना क्रिकेट खेला है, तो आप जानते हैं कि जब आप अभ्यास में गेंदें मारते हैं तो आपको पता होता है कि रिफ़्लेक्सेस मौजूद हैं और लंबे समय तक बल्लेबाजी करने की शारीरिक क्षमता है। जब तक आप गेंद को अच्छी तरह से मार रहे हैं और अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं,तब तक शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से तैयार और उत्साहित रहना जरूरी है।

### कोहली की खेल के प्रति प्रतिबद्धता बेजोड़ : स्टेन



रांची। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन का मानना है कि जहां 38 साल के अधिकतर खिलाड़ी घर से बाहर निकलने में कतराते हैं वहीं विराट कोहली की खेल के प्रति प्रतिबद्धता बेजोड़ है। टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले कोहली ने दिखाया कि वनडे क्रिकेट में अब भी उनका कोई सानी नहीं है। स्टेन ने कहा, 'जब आप 37 या 38 साल के अधिकतर खिलाड़ियों से बात करते हैं तो वे कहते हैं कि उन्हें घर, अपने कुत्ते, अपने बच्चों को छोड़ना पसंद नहीं है। लेकिन कोहली मानसिक रूप से ऐसी स्थिति में हैं, जहां वह पहले की तरह भारत के लिए खेलने के लिए उत्सुक हैं। आप इसे विकेटों के बीच दौड़, फ़ील्डिंग करते और डाइव लगाते हुए देख सकते हैं। वह मानसिक रूप से युवा और तरोताजा हैं और क्रिकेट में बने रहना चाहते हैं।' उन्होंने कहा,' कोहली ने पिछले 15-16 साल में 300 से अधिक वनडे खेले हैं इसलिए वह काफी अनुभव रखते हैं।

## खबर संक्षेप



### निखिल और अश्विनी ने जीती अहमदाबाद मैराथन

**अहमदाबाद।** निखिल सिंह और अश्विनी जाधव ने नौवीं अडानी अहमदाबाद मैराथन में पुरुष और महिला वर्ग की ओपन स्पर्धा जीतीं। इस मैराथन में विभिन्न श्रेणियों में 24,000 धावकों ने हिस्सा लिया। हाफ मैराथन (21 किमी) में धर्मेंद्र और फरहीन फिरदौस ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में जीत हासिल की। 10 किमी ओपन मैराथन में राजन यादव और नीता रानी विजेता रहीं। इस मैराथन की कुल पुरस्कार राशि 40 लाख रुपए से अधिक थी। इस प्रतियोगिता को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मान्यता हासिल है और यह 'एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस' (एआईएमएस) की वैश्विक मैराथन प्रतियोगिता में सूचीबद्ध है।

### इंडियन पिकलबॉल लीग शुरू, छह टीमें करेंगी ट्रॉफी के लिए स्पर्धा



**नई दिल्ली।** इंडियन पिकलबॉल लीग का सोमवार को आगाज हुआ, जिसमें छह टीमें खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। आयोजकों ने इस मौके पर पिकलबॉल को जबरदस्त क्षमता वाला खेल करार देते हुए इसे देश का एक प्रमुख खेल बनाने का वादा किया। खेल मंत्रालय के तहत भारतीय पिकलबॉल संघ (आईपीएस) की ओर से अनुमोदित और 'द टाइम्स समूह' की शुरू की गई इस लीग में छह फ्रेंचाइजी टीमें ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम के केडी जाधव इंडोर हॉल में इस ट्रॉफी का अनावरण किया। यह आयोजन सात दिसंबर को समाप्त होगा। इसमें बेंगलुरु ब्लास्टर्स, हैदराबाद रॉयल्स, चेन्नई सुपर वॉरियर्स, मुंबई स्मैशर्स, कैपिटल वॉरियर्स और लखनऊ लेपर्ड्स की टीमें शीर्ष पुरस्कार के लिए मुकाबला करेंगी।

### निशानेबाजी चैंपियनशिप में 16 हजार ने किया क्वालीफाई



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पिस्टल, राइफल और शॉटगन स्पर्धाओं में रिकॉर्ड 16 हजार से अधिक निशानेबाजों ने क्वालीफाई किया है। सोमवार से शुरू हुई वार्षिक प्रतियोगिता के पिछले सत्र में 13500 से अधिक निशानेबाजों ने हिस्सा लिया था। शॉटगन स्पर्धाओं की शुरुआत सोमवार को तुगलकाबाद की कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर हुई जबकि पिस्टल और राइफल स्पर्धाएं क्रमशः दिल्ली और भोपाल में 11 दिसंबर से शुरू होंगी। अगले एक महीने में तीनों स्पर्धाओं में सात वर्ग में प्रतिस्पर्धाएं होंगी, जिसमें सुपर मास्टर्स (70 वर्ष और इससे अधिक), सीनियर मास्टर्स (60 से 70 वर्ष), मास्टर्स (45 से 60 वर्ष), सीनियर (ओपन), जूनियर (21 वर्ष), युवा (19 वर्ष या पहले) और सब यूथ (16 वर्ष या पहले) वर्ग शामिल हैं।

प्रीमियर लीग : लिवरपूल ने वेस्ट हैम पर 2-0 से जीत हासिल की

# चेल्सी ने आर्सेनल को 1-1 से ड्रॉ पर रोका, कैसेडो को मिला रेड कार्ड


एजेंसी ▶▶| लंदन

प्रीमियर लीग में आर्सेनल ने चेल्सी के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। इस मुकाबले के शुरुआती आधे घंटे में चेल्सी ने दबदबा बनाए रखा। आर्सेनल होम टीम के लिए मुश्किलें खड़ी करती रहीं। इस दौरान ब्लूज ने कई मौके बनाए।

मुकाबले के 38वें मिनट में मोइसेस कैसेडो को मिकेल मेरिनो पर टैकल करने के लिए सीधे रेड कार्ड मिला। यहां से चेल्सी ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना जारी रखा। इसके बावजूद ब्लूज ने आक्रामक खेल जारी रखा। ट्रेवोह चलोबा ने हाफ टाइम के ठीक बाद रीस जेम्स के कॉर्नर पर हेडर मारकर चेल्सी को मुकाबले के 48वें मिनट बढ़त दिलाई।

### आर्सेनल ने दिखाया तेज खेल, मेरिनो ने दागा गोल

यहां से आर्सेनल ने तेज खेल दिखाया और मुकाबले के 59वें मिनट में मिकेल मेरिनो ने गोल दागते हुए टीम को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। यह मुकाबले का अंतिम गोल साबित हुआ। आर्सेनल इस समय प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर है। इस टीम के पास 30 प्वाइंट्स हैं। वहीं, चेल्सी ने 24 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर कब्जा जमा रखा है।



### लिवरपूल ने हासिल किया 8वां स्थान

लिवरपूल ने वेस्ट हैम पर 2-0 से जीत हासिल करते हुए 8वां स्थान हासिल किया। इस टीम के पास 21 अंक हैं। कोच आर्ने स्लॉट ने अपने कार्यकाल में पहली बार किसी लीग मैच में मोहम्मद सालाह को बेंच पर बैठाया। अलेक्जेंडर इसाक ने मुकाबले के 60वें मिनट में गोल करते हुए लिवरपूल को मुकाबले में 1-0 से आगे कर दिया था। मुकाबले के 84वें मिनट में लुकास पाक्वेटा को रेड कार्ड दिखाया गया। कोडी गैकपो ने स्टॉपेज टाइम में गोल दागकर आखिरकार लिवरपूल को 2-0 से आगे कर दिया।



### मैनचेस्टर यूनाइटेड ने क्रिस्टल पैलेस को हराया



एक अन्य मुकाबले के दूसरे हाफ में शानदार वापसी करते हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड ने क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। जीन-फिलिप माटेटा ने पहले हाफ में दो बार पेनल्टी लेकर पैलेस को लीड दिलाई। मुकाबले के 36वें मिनट में क्रिस्टल पैलेस ने 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। मुकाबले के 54वें मिनट में जोशुआ जिर्कजी ने गोल दागते हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड को मुकाबले में बराबरी पर ला दिया और नौ मिनट के अंदर मैनचेस्टर ने बढ़त भी हासिल कर ली। मेसन माउंट ने 63वें मिनट में विजयी गोल दागा। मैनचेस्टर यूनाइटेड 21 प्वाइंट्स के साथ सातवें पायदान पर मौजूद है, जबकि क्रिस्टल पैलेस 20 अंकों के साथ नौवें स्थान पर है।

## महिला हॉकी टीम के कोच हरेंद्र सिंह ने दिया इस्तीफा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने 'निजी कारणों' का हवाला देकर तुरंत प्रभाव से पद से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने बताया, तोक्यो ओलंपिक 2020 में चौथे स्थान पर रही टीम के मुख्य कोच नीदरलैंड के शोर्ड मारिन की भारतीय टीम में इस पद पर वापसी हो सकती है। सूत्रों के अनुसार अचानक हुए घटनाक्रम में हरेंद्र सिंह ने हॉकी इंडिया को ईमेल भेजकर सूचित किया है कि वह तुरंत प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह विशुद्ध रूप से उनका 'निजी फैसला' है। सूत्रों ने बताया, मारिन की भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच के रूप में वापसी हो सकती है जिनके मार्गदर्शक में भारतीय टीम तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रही थी। मारिन ने अगस्त 2021 में महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दिया था। अमेरिका में हॉकी टीम के कोच रहे हरेंद्र सिंह ने अप्रैल 2024 में ही पद संभाला था। इससे पहले वह लखनऊ विश्व कप 2016 विजेता जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कोच रहे थे।

बीडीसीए अंडर-15 बॉयज इंटर क्लब-अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट

## मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी बनी डॉ. गोविन्द नारायण सिंह 'दाऊ साहेब' प्रतियोगिता की विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

भोपाल डिवीज़न क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्व. गोविंद नारायण सिंह 'दाऊ साहब कप' अंडर-15 बॉयज इंटर क्लब /अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट का दो दिवसीय फाइनल मैच बाबे अली मैदान पर मयंक चतुर्वेदी अकादमी और सेंचुरियन अकादमी के मध्य खेले गए मैच के दूसरे दिन अपने कल के स्कोर से आगे खेलते हुए सेंचुरियन अकादमी 51 ओवरों में 80 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मयंक के मन कुमार 5 विकेट, वेद पाठक 3 विकेट और ऋषभ पाण्डेय ने 2 विकेट लिया। जवाब में मयंक ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 78 ओवर में 8 विकेट पर 178 रन बना लिए थे, जिसमे आर्यवीर मेघवानी ने 39 रनो पर आउट और ऋषभ पाण्डेय 70 रनो पर नाबाद खेल रहें थे। सेंचुरियन से शिवांशु मिश्रा 3, प्रशांत और अर्णव ने 2-2 विकेट लिए। इस तरह मयंक चतुर्वेदी अकादमी ने सेंचुरियन अकादमी को दाऊ साहब कप के फाइनल में हराकर ट्रॉफी जीती।

शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व रैंकिंग में बनाए रखा दबदबा

# लंदन चेस क्लासिक के को-लीडर बने ग्रैंडमास्टर प्रज्ञाननंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंद ने लंदन चेस क्लासिक ओपन 2025 में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए टूर्नामेंट के को-लीडर बन गए हैं। उन्होंने छठे राउंड तक 5/6 अंक हासिल किए हैं और इस समय सर्बिया के ग्रैंडमास्टर वेलिमिर इविक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

### इस्राइल के इंटरनेशनल मास्टर रोजेन को हराया

प्रज्ञाननंद ने दिन की शुरुआत हंगरी के ग्रैंडमास्टर टामस फोडोस जूनियर के खिलाफ सिर्फ 21 चालों में ड्रॉ खेलकर की, लेकिन दूसरे मुकाबले में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए इस्राइल के इंटरनेशनल मास्टर एटन रोजेन को हराया। उनका अगला मुकाबला अब वेलिमिर इविक से होगा, जो टूर्नामेंट का निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है।



### विश्व रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों की स्थिति

ताजा फीडे दिसंबर 2025 रेटिंग सूची में प्रज्ञानानंदा ने कुछ रेटिंग अंक गंवाने के बावजूद अपनी विश्व नंबर 7 रैंकिंग बरकरार रखी है। वहीं, भारत के एक और युवा सितारे अरुण एरिगैसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6.4 ईएलओ अंक जोड़े और वह फिर से विश्व नंबर 5 पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर, मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश को विश्व कप 2025 के तीसरे दौर से बाहर होने के बाद रैंकिंग में गिरावट का सामना करना पड़ा और वह अब टॉप-10 में 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### टॉप 30 में पांच भारतीय

वर्तमान में विश्व के टॉप 30 खिलाड़ियों में केवल पांच भारतीय शामिल हैं। पेंटाला हरिकृष्णा ने विश्व कप में अपने करियर की बेहतरीन परफॉर्मेंस देते हुए 3 ईएलओ अंक जोड़े। वहीं प्रणव वेंकटेश ने भी स्थिर प्रदर्शन करते हुए अपनी रेटिंग बरकरार रखी।

### भारतीय महिला खिलाड़ियों में रैंकिंग बदलाव


महिला वर्ग में चार भारतीय खिलाड़ी टॉप-20 में बनी हुई हैं। हंपी कोनेरू बिना कोई मैच खेले ही विश्व नंबर 5 पर पहुंच गई हैं। वहीं दिव्या देशमुख रेटिंग में गिरावट के साथ विश्व नंबर 12 पर खिसक गई हैं। पद्मिनी राउत और सविता श्रीबी ने सकारात्मक प्रदर्शन करते हुए ईएलओ अंक हासिल किए हैं।

उपलब्धि

## वैक्स म्यूजियम में लगेगा हरमनप्रीत का स्टैच्यू

एजेंसी ▶▶| जयपुर

जयपुर वैक्स म्यूजियम में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर के वैक्स स्टैच्यू को बनाने का काम शुरू हो गया है। हरमनप्रीत दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर होंगी, जिनका अपना वैक्स स्टैच्यू होगा। यह उपलब्धि क्रिकेट जगत में उनके असाधारण प्रभाव को दर्शाती है। म्यूजियम से जुड़ी एक टीम ने हाल ही में वनडे विश्व कप विजेता कप्तान हरमनप्रीत से मुलाकात की। टीम ने हाई-क्वालिटी तस्वीरें और वीडियो शूट किए, जो स्टैच्यू बनाने के लिए जरूरी रेफरेंस का काम करेंगे। म्यूजियम से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि डिटेल्ड सेशन के दौरान हरमनप्रीत बहुत विनम्र नजर आईं, उन्होंने इसके लिए टीम का सहयोग किया। हरमनप्रीत ने वैक्स फिगर बनाने के स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस को समझने में गहरी दिलचस्पी दिखाई। इस दौरान भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान ने म्यूजियम के खास



आकर्षणों में से एक 'शीश महल' की भी तारीफ की। म्यूजियम के क्यूरेटर और फाउंडर अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि हरमनप्रीत इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साहित थीं। उन्होंने इसके लिए जयपुर वैक्स म्यूजियम का शुक्रिया अदा किया है। 300 साल पुरानी हेरिटेज साइट में बना जयपुर वैक्स म्यूजियम एक अनोखा सांस्कृतिक आकर्षण बना हुआ है, जिसमें इतिहास, कला और राष्ट्रीय गौरव का मेल है।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान

## आरएनटीयू की बुशरा खान गौरी ने 5000 मीटर दौड़ में जीता गोल्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (रायसेन) की प्रतिभावान धावक बुशरा खान गौरी ने अपनी अदम्य गति और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के दम पर 5000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर विश्वविद्यालय एवं मध्यप्रदेश का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया। यह प्रतियोगिता 24 नवंबर से 5 दिसंबर तक राजस्थान में आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर के विश्वविद्यालयों के शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। फाइनल रेस में बुशरा ने शुरुआती चरण से ही शानदार लय बनाए रखी और निर्णायक क्षणों में तेज गति प्रदर्शित कर फिनिश लाइन को पहले पार करते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। उनकी यह उपलब्धि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में एथलेटिक्स इवेंट में मध्य प्रदेश के लिए भी महत्वपूर्ण



सफलता है। विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों के दल का नेतृत्व स्पोर्ट्स ऑफिसर सतीश अहिरवार द्वारा किया जा रहा है। एथलेटिक्स टीम के कोच शिव कुमार प्रसाद और मैनेजर दीपांशु सिंह सोलंकी के मार्गदर्शन ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बुशरा की इस जीत पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे, प्रो-चांसलर डॉ. अदिती चतुर्वेदी वत्स, कुलपति डॉ. रवि प्रकाश दुबे, प्रति-कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता, कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी और जिला खेल अधिकारी रायसेन जलज चतुर्वेदी ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल खेल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गिल का फिटनेस आकलन, हार्दिक को मिली परमिशन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के उप कप्तान शुभमन गिल अनिवार्य फिटनेस आकलन के लिए बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में पहुंचे। इस आकलन के नतीजे के आधार पर 9 दिसंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैच की श्रृंखला में उनकी वापसी पर फैसला किया जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन बल्लेबाजी करते हुए गिल की गर्दन में चोट लगी थी और इसके बाद वह दूसरे टेस्ट और मौजूदा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में नहीं खेल पाए। अजित अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की खेल विज्ञान टीम से गिल की फिटनेस रिपोर्ट का इंतजार है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई)



के एक सूत्र ने बताया, 'गिल को इंजेक्शन लगाया गया था और उन्हें 21 दिन के आराम और रिहैबिलिटेशन की सलाह दी गई थी, जिसमें चोट से प्रभावित मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए विशिष्ट व्यायाम शामिल थे।' सूत्र ने कहा, 'ट्रेनिंग के दौरान खेल विज्ञान टीम के उनकी मूवमेंट का आकलन करने तक कुछ नहीं कहा जा सकता। यह भी नहीं पता कि बल्लेबाजी करते हुए वह बिल्कुल भी असहज नहीं है।' मौजूदा स्थिति को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए गिल की वापसी की संभावना 50 प्रतिशत है।




# मुख्यमंत्री ने गीता जयंती के पावन अवसर पर इंदौर को दी अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नए गीता भवन की सौगात, बोले-प्रदेश के हर नगर में बनेंगे नए गीता भवन

# गीता का प्रत्येक अध्याय ज्ञान, विज्ञान, दर्शन योग और कर्तव्य की भावना से परिपूर्ण

इस तरह के गीता भवन प्रदेश के सभी नगर निगम, नगर पालिकाओं और नगर पंचायत स्तर पर भी बनाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव और गीता जयंती के पावन अवसर पर एक बड़ी सौगात देते हुए मप्र में शासकीय क्षेत्र के पहले अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नए गीता भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के गीता भवन प्रदेश के सभी नगर निगम, नगर पालिकाओं और नगर पंचायत स्तर पर भी बनाए जाएंगे। इंदौर का लोकार्पित यह नया गीता भवन परंपरा एवं आधुनिकता का अनूठा संगम है।

राज्य शासन की ओर से धार्मिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन एवं इससे जुड़े विभिन्न आयामों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गीता भवन परियोजना के अंतर्गत ऐतिहासिक गोपाल मंदिर परिसर को आधुनिक गीता भवन के रूप में विकसित कर प्रदेश को समर्पित किया गया है। इस योजना के तहत स्मार्ट सिटी की ओर से इस नए गीता भवन में विकसित विविध आधुनिक सुविधाएँ नागरिकों के लिए उपलब्ध कराई गई हैं।



गीता भवन में लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## गीता संघर्ष में आत्मबल और जीवन में मार्गदर्शन देती है

*मुख्यमंत्री ने कहा कि गीता संघर्ष में आत्मबल और जीवन में मार्गदर्शन देती है। गीता का प्रत्येक अध्याय ज्ञान, विज्ञान, दर्शन, योग और कर्तव्य की भावना से परिपूर्ण है। भगवान श्रीकृष्ण ने अपने विराट स्वरूप के माध्यम से मानव को भय से मुक्त कर कर्तव्य के प्रति जागरूक किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गीता जयंती के अवसर पर अनेक रिकॉर्ड कायम किए गए। मुख्यमंत्री ने गीता जयंती के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि विजेताओं का नगद के साथ ही ई-रिक्शा, ई-बाईक, लैपटॉप आदि प्रदान किये जा रहे हैं।*

## गीता जीवन के हर चरण में मार्गदर्शक

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से संघठन, साहस, धर्म की रक्षा और अन्याय के प्रतिकार का संदेश मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गीता जीवन के हर चरण में मार्गदर्शक है। गीता से भक्ति मार्ग, ज्ञान मार्ग और कर्म मार्ग से मोक्ष प्राप्ति का रास्ता भी दिखाई देता है। गीता संकट में बल देती है, संघर्ष में आत्मबल, उलझन में सारथी और अंधकार में अटल साथी बनती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्मार्ट सिटी परियोजना प्रारंभ की है। इस परियोजना से विरासत का संरक्षण करते हुए हम विकास की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने वीर भारत न्यास की ओर से प्रकाशित तथा रामेश्वर लखनलाल पाटीदारकी ओर से लिखित श्रीकृष्ण चरित मानस और राघवदास पंडितदास की ओर से लिखित अमृतस्य अवंतिका का विमोचन भी किया।

## मुख्यमंत्री ने गोपाल मंदिर में किया पूजन-अर्चन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम के पूर्व ऐतिहासिक गोपाल मंदिर में पूजन-अर्चन किया। उन्होंने प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि के लिए कामना की। उन्होंने गोपाल मंदिर में हुए विकास कार्यों विशेषकर अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त लाइब्रेरी और प्रदर्शनी विथिका का अवलोकन भी किया।

## अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त गीता भवन

इंदौर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत राजवाड़ा स्थित गोपाल मंदिर में नया गीता भवन बनाया गया है। इस गीता भवन की विशेषता यह है कि यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रवचनों और शैक्षणिक आयोजनों हेतु अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 550 सीट का एक खूबसूरत सभागृह भी बनाया गया है। इसमें 50-सीटर रीडिंग हॉल तथा आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की गई है। लाइब्रेरी में अध्यात्म, दर्शन, योग, ध्यान, भारतीय संस्कृति, माइंडफुलनेस तथा जीवन-प्रबंधन से संबंधित लगभग 1200 पुस्तकों का समृद्ध संग्रह उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, डिजिटल आर्काइव के माध्यम से अनेक ई-बुक्स, ऑडियो-वीडियो व्याख्यान, ऑनलाइन कोर्स तथा अन्य डिजिटल संसाधन तक सरलतापूर्वक पहुँच सुनिश्चित की गई है। मंदिर परिसर के पुनर्विकसित भागों में प्रदर्शनी कक्ष विकसित किए गए हैं।



गीता भवन का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

## श्रीमद्भगवद्गीता के प्रति अभिरुचि और श्रद्धा भाव प्रशंसनीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ऑन लाइन श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपर्धा में शामिल होने वालों ने अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ाव का परिचय दिया है। प्रतिभागियों की श्रीमद्भगवद्गीता में निहित ज्ञान के प्रति अभिरूचि और समर्पण अत्यंत प्रशंसनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता के विचारों और अंशों का अध्ययन, मनन, युवा वर्ग की ओर से भी किया जा रहा है, जो सराहनीय है। जिस उत्साह और उमंग के साथ प्रदेश में सभी आयु वर्ग के नागरिकों की सहभागिता दिखाई दी है, वह ऐतिहासिक है। भोपाल में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में आचार्यों और संतों के सान्निध्य में श्रीमद् भागतगीता के 15वें अध्याय का 11 हजार नागरिकों द्वारा सामूहिक पाठ सम्पन्न हुआ। 88 हजार 100 स्कूली विद्यार्थियों और कृष्णभक्तों की स्पर्धा में भागीदारी भी अद्वितीय रही।

> *गीता के सस्वर पाठ और ऑन लाइन स्पर्धा में भागीदारी करने वाले अभिनंदन के पात्र*

शहर में 582 करोड़ की अमृत-2.0 योजना

## केंद्र से रिपोर्ट मांगने के बाद योजना के काम हुए तेज

- ***एमपी नगर सहित कई क्षेत्रों में सीवेज नेटवर्क बनाने का काम शुरू***
- ***चार नए इंटेक वेल्स और चार फिल्ट्रेशन पंपिंग स्टेशन भी बनेंगे***

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में अमृत-2.0 योजना के तहत सीवेज और वॉटर नेटवर्क सिस्टम को दुरुस्त करने के काम तेज हो गए हैं। इन दिनों एमपी नगर जोन-2 सहित अलग-अलग क्षेत्रों में सीवेज और पाइप लाइनों के बिछाने का काम चल रहा है। केंद्र सरकार द्वारा उक्त योजना के तहत रिपोर्ट मांगने के आदेश के बाद धरातल पर तेजी से काम शुरू हो गए हैं। इस योजना के तहत चार नए इंटेक वेल्स और चार फिल्ट्रेशन पंपिंग स्टेशन भी बनाए जाएंगे। जल्द ही इनका काम भी शुरू होगा। नगर निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने बताया कि शहर में विभिन्न परियोजनाओं के लिए 582 करोड़ रुपए मंजूर हुए हैं। इस राशि का उपयोग शहर में जल आपूर्ति और सीवेज नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए किया जा रहा है। इसके तहत 700 किलोमीटर लंबी नई पाइप लाइन बिछाना, 36 ओवरहेड टेंको का निर्माण भी शामिल है। अलग-अलग वार्डों में यह काम पहले से चल रहे हैं। जिन क्षेत्रों में प्रस्तावित हैं वहां काम शुरू हो गए हैं।

### 15 दिसंबर तक भेजनी है निगम को रिपोर्ट

केंद्र सरकार के विशेष सहायता पैकेज के तहत मुहैया करवाई गई राशि और अब तक खर्च हुई राशि का ब्यौरा केंद्र सरकार को 15 दिसंबर तक भेजना है। नगरीय प्रशासन द्वारा भेजे गए निर्देशों के बाद भोपाल नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने स्ट्रोम वाटर ड्रेनेज प्रोजेक्ट की रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग को सौंपी है। नगरीय प्रशासन से मिले पत्र में नगर निगमों से चल रहे या प्रस्तावित स्ट्रोम वाटर ड्रेनेज प्रोजेक्ट से संबंधित पूरी जानकारी भेजने के निर्देश दिए गए हैं। अमृत योजना के पहले चरण में नगर निगम ने शहर में सीवेज नेटवर्क बिछाया था, जबकि दूसरे चरण में बचे हुए क्षेत्रों में सीवेज नेटवर्किंग का कार्य किया जाना है। नगर निगम अब केंद्र द्वारा मांगी गई रिपोर्ट तैयार करने में जुटा है, ताकि निर्धारित समय-सीमा के भीतर जानकारी भेजी जा सके।

## मप्र पुलिस के नवाचारों में 'नशे से दूरी है जरूरी' को मिली राष्ट्रीय स्तर पर सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रायपुर में आयोजित डीजी/आईजी कान्फ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित उच्चस्तरीय सत्रों में सामुदायिक पुलिसिंग, उभरते साइबर अपराध, भीड़ प्रबंधन, वैज्ञानिक अन्वेषण, टेक्नोलॉजी-इंटीग्रेशन, साइबर सुरक्षा, नशे से दूरी तथा नागरिक-सहभागिता आधारित सुरक्षा ढाँचे पर विचार-विमर्श हुआ। इस राष्ट्रीय मंच पर मध्यप्रदेश पुलिस की कई नवाचार पहलें विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहीं।

सम्मेलन के दौरान मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना द्वारा व्यापक विजन प्रस्तुत किया गया। उनकी प्रस्तुति में एआई आधारित प्रिडिक्टिव पुलिसिंग, डेटा-संचालित निर्णय प्रक्रिया, साइबर सुरक्षा ढाँचा, कम्युनिटी आउटरीच, आपदा प्रबंधन प्रणालियां तथा युवाओं की सकारात्मक भागीदारी जैसे बिंदुओं को भविष्य की पुलिसिंग के प्रमुख स्तंभ के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक पुलिसिंग तभी प्रभावी हो सकती है जब उसमें तकनीक और मानवीय संवेदनशीलता संतुलित का समावेश हो।

स्कूल बस समेत अन्य वाहनों मे डीजल भरते धराया

## नगर निगम का ड्राइवर डीजल चोरी कर बेच रहा था डीजल, तीन को दबोचा

### मौके से 200 लीटर डीजल किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम के ड्राइवर अक्षय शुक्ला द्वारा सरकारी गाड़ी से डीजल निकालकर बेचने का रैकेट पकड़ा गया है। पुलिस ने भदभदा क्षेत्र में छापेमारी कर 200 लीटर डीजल सहित तीन आरोपी-अक्षय, धनंजय तिवारी और स्कूल बस ड्राइवर सलमान अली को गिरफ्तार किया।

नगर निगम का एक ड्राइवर अपनी सरकारी गाड़ी में डीजल भरवाने के बाद उसे स्कूल बसों व अन्य गाड़ियों को बेच रहा था। मुखबिर से सूचना मिलते ही पुलिस जब मौके पर पहुंची तो वहां से ड्राइवर समेत तीन लोग इस काम में लगे हुए थे। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। कमला नगर पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गई। पुलिस को यहां पर एक मेटाडोर में कुल 8 केन मिले। इनमें से 7 केन खाली थे जबकि एक केन में करीब 200 लीटर डीजल था। पास में ही स्कूल बस भी खड़ी हुई थी जिसमें चोरी से डीजल भरा जा रहा था।

### ऐसे चलता था सारा खेल

पुलिस ने मौके से धनंजय तिवारी, अक्षय शुक्ला और सलमान अली खान को हिरासत ले लिया गया। इनमें अक्षय शुक्ला नगर निगम का ड्राइवर है। वह नगर निगम की गाड़ी में पेट्रोल भरवाकर लाता था। धनंजय तिवारी नाम का युवक अक्षय शुक्ला से डीजल कलेक्ट करता था तथा चोरी के डीजल को सप्लाई करता था। आरोपियों में सलमान खान एक स्कूल बस का ड्राइवर है जो कि अपनी बस में डीजल भरवा रहा था। डीजल इकट्ठा करने के बाद चोरी का डीजल बेच दिया जाता था।

## इंपैक्ट- सुभाष नगर मेट्रो डिपो के सामने लग रहा पशु बाजार होगा शिफ्ट

**भोपाल।** सुभाष नगर मेट्रो डिपो के सामने 40 साल से ज्यादा समय से लग रहा पशु बाजार अब जल्द ही हटाया जाएगा। हरिभूमि में सोमवार के अंक में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित होने के बाद निगम प्रशासन ने इसे शिफ्ट करने की योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। प्रारंभिक स्तर पर भानपुर या परवलिया में भूमि चिन्हित करने की तैयारी है। जगह चिन्हित होने के बाद उक्त जगह को व्यवस्थित किया जाएगा। इस काम को निगम प्रशासन जल्द करना चाहता है क्योंकि मेट्रो का संचालन भी जल्द ही शुरू होना है।

- **हरिभूमि में सोमवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित हुई थी खबर**




इस साल शहर में वायु प्रदूषण के हालात बेहद खराब

# राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस आजः शहर की हवा में घुला जहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में 1984 के बाद हर साल 2 दिसंबर को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के रूप मनाया जाता है। भोपाल गैस त्रासदी की याद में यह बड़ा कदम है। लेकिन इस साल शहर में वायु प्रदूषण के हालात बेहद खराब नजर आ रहे हैं। पिछले कई दिनों से शहर की हवा में जहर घुला हुआ है, लेकिन मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का मॉनीटरिंग सिस्टम मौन है। इससे राजधानी की हवा में सांस लेना फिलहाल सेहत के लिहाज से बेहतर नहीं बताई जा रही है। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनसीएपी) के तहत विभिन्न विभागों द्वारा वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं, इसके बावजूद कई दिनों से हवा लगातार जहरीली होती जा रही है। शहर की एक्यूआई के चार से पांच दिन के आंकड़े हवा में प्रदूषण का स्तर सामने जा रहे हैं।

राजधानी में 1984 के बाद हर साल 2 दिसंबर को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के रूप मनाया जाता



फाइल फोटो

### चार दिन से मॉनीटरिंग गायब

शहर के प्रमुख तीन स्थानों की एक्यूआई(एयर क्वालिटि इंडेक्स) का लेवल वेरी पुअर और पुअर के बीच बना हुआ है। सोमवार को सुधर कर पर्यावरण परिसर में 163, टीटी नगर में 218 और कलेक्टोरेट इलाके में 242 पर रहा। यह दोनों पुअर केटेगरी में दर्ज हुए हैं। यह स्थिति तब है जब मॉनीटरिंग सिस्टम के आसपास पानी का छिड़काव जारी है।

### पिछले पांच दिन से स्थिति खराब

शहर में बीते सप्ताह में एक्यूआई सबसे खराब कलेक्ट्रेट इलाके में रहा। यहां औसत एक्यूआइ 310 से अधिक रहा। यह वेरी पुअर कैटेगरी में है। टीटी नगर क्षेत्र में भी स्थिति इसी के आसपास रही। यहां का औसत एक्यूआई 300 के करीब रहा है। वहीं पर्यावरण परिसर की हवा तुलनात्मक रूप से बेहतर रही, जहां औसत एक्यूआई 179 दर्ज किया गया। इसका मुख्य कारण यह है कि यहां शाम सात बजे से रात 12 बजे तक निगम की फागिंग मशीनों से पानी का छिड़काव किया जाता है। पिछले चार से पांच दिन पहले से शहर में मॉनीटरिंग सिस्टम खराब होने एक्यूआई का अता-पता ही नहीं है। पीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी ब्रजेश शर्मा के अनुसार मॉनीटरिंग सिस्टम अब सही हैं, और लगातार एक्यूआई दर्ज की जा रही है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930